GL H 891.4791
UMR
124531
LBSNAA

ी राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी
Academy of Administration
मसूरी
MUSSOORIE
पुस्तकालय
LIBRARY

अवाप्ति सख्या — 12-4531
Accession No. 15461
वर्ग संख्या
Class No. GLH 891.4791
पुस्तक संख्या
Book No. UMR उमर

❀ ओ३म् ❀

ऊमर-काव्य

अर्थात्

जोधपुर के सुप्रसिद्ध चारण कुल-भूषण कविवर ऊमरदानजी के
सुन्दर काव्य-रचनाओं का संग्रह जिसमें कुरीतियों का दिग्दर्शन,
सामाजिक सुधारों का सरल मारवाड़ी भाषा में मनोहर
वर्णन तथा वीरता, भक्ति, हास्य व वैराग्य आदि
रसों का भण्डार है

रचयिता

स्वर्गवासी कविवर ऊमरदान

सम्पादक

मारवाड़ राज्य का इतिहास, राठौड़ राजवंश, भारतीय नरेश,
राजस्थान के छत्तीस राजवंश, महाराजा सर प्रताप,
दियासलाई का इतिहास, मारवाड़ के रीति रस्म,
मंडोवर का इतिहास, मारवाड़के ग्राम-गीत
आदि ग्रन्थों के रचयिता
विद्याविनोद

श्री जगदीशसिंह गहलोत एम. आर. ए. एस.

जोधपुर स्टेट—मारवाड़

प्रकाशक

मेसर्स अचलूप्रताप न्यायी एण्ड को०

बुकसेलर्स व जनरल मर्चेन्टस, जोधपुर

तीसरी बार } वि० सं० १९८७, कलियुगी सं० ५०३१ { मूल्य १।)
सन् १९३० ई०

प्रकाशक—
अचलूप्रताप न्यायी, मालिक
अचलूप्रताप न्यायी एण्ड को०
फ़तहसागर, जोधपुर।

मिलने के पते—

१—हिन्दी साहित्य मन्दिर, घंटाघर, जोधपुर।

२—डी० जे० बुकडिपो, जोधपुर।

३—आर्य्य लक्ष्मणजी, न्यूज़ पेपर एजेण्ट,
सोजती गेट, जोधपुर।

मुद्रक—
सत्यव्रत शर्मा, शान्ति प्रेस,
शीतलागली, आगरा।

विषय-सूची

विषय				पृष्ठ
१—महामहोपाध्याय रायबहादुर ओझाजी से कवि का परिचय	...	...	...	(६-७)
२—श्रद्धाञ्जलि (श्री उदयराजजी उज्वल, असिस्टेण्ट सिटी मजिस्ट्रेट)	...	...	...	(८)
३—सम्पादक को बधाई (श्री पुरोहित हरिनारायणजी, बी० ए० जयपुर)		...	...	(६)
४—दो शब्द (श्री जयकर्णजी बारहठ बी. ए., एल-एल. बी.)				(१३)
५—भूमिका	...	...	...	(१७)
६—प्रकाशक का निवेदन	...	...	...	(२६)
७—ईश्वर स्तुति	...	...	...	१
८—ईश्वरोपासना	...	...	...	२
६—भजन की महिमा	...	...	...	१२
१०—विलाप बावनी	...	...	...	२०
११—सन्तारी महिमा	...	...	...	५२
१२—श्री हरिरामदासजी रो सुजस		...	...	४६
१३—दयानन्द बन्दना	...	...	...	५६
१४—दयानन्द री दया	...	...	...	६०
१५—जसवंत जस जलद	...	...	...	६५
१६—सन्त असन्त सार	...	...	...	१४२
१७—खोटे सन्तां रो खुलासो		...	...	१६१
१८—असन्तां री आरसी	...	...	...	१६७

१६—ओलम्मा (उल्हाना) १८५
२०—वैराग्य बचन १८८
२१—धर्म्म कसौटी १८६
२२—जोधारां रो जस (वीर बतीसी) २१०
२३—राठौड़ दुरगदास री औरंगजेब ने अर्जी ... २१८
२४—प्रताप प्रशंसा २३३
२५—तोपां री तारीफ २४६
२६—क्षत्रियां रा सांचा गुण २५६
२७—नसा निवारण २६२
२८—तमाखू री ताड़ना २६३
२६—अमल रा औगण २७५
३०—दारू रा दोस २६६
३१—निरदोसां री बलिहारी ३०२
३२—विभचार री बुराई ३०३
३३—मसकरी की मां (ढूंढाड़ का ढंग) ३०६
३४—चेटक चतुर्दशी ३१३
३५—दासी द्वादशी ३१५
३६—डफोल-डूंडी (डफोलाष्टक डूंडी) ३१६
३७—छपना रो छन्द (छपनां री छोरांरोल) ... ३२१
३८—अबार रो हाल ३८४
३६—कलदार करामात ३८६
४०—करन्यास (आचमन मंत्र) ३६१
४१—हित री बात ३६३
४२—आपरी ओलखाण ३६४
४३—कवि ऊमर री ओलू ... ... अन्तिम ३६५

कुल ३६५ + ३२ = ४२७

शीघ्र प्रकाशित होने वाले ग्रंथ

नीचे लिखे अनमोल काव्य ग्रंथ अब तक अप्राप्य व अप्रकाशित हैं। अतः इनके छापने का हम उद्योग कर रहे हैं। प्रत्येक ग्रंथ का मूल्य प्रचारार्थ यथासम्भव कम रखा जायगा। परंतु जो सज्जन पहले ग्राहक बनेंगे उनको लागत मात्र में ही दिये जायँगे।

१—वीरमांण
२—गोगादे रूपक
३—बिड़दसिणगार
४—राजरूपक
५—सूरजप्रकाश
६—गुणरूपक
७—गुणभाषाचित्र
८—अभयविलास
९—चौरासी पदार्थ नामावली
१०—मान जसोमंडन
११—अभ्योदय
१२—रघुनाथरूपक
१३—अजितोदय (संस्कृत में)
१४—जसवंत जसो भूषण (छोटा संस्करण)
१५—ढोला मारू रा दूहा
१६—महाराजा अजीतसिंह रा विखा रा दूहा

शीघ्र ही अपना नाम ग्राहकों में लिखा लीजिये, क्योंकि गिनती की पुस्तकें छपाई जायँगी।

पता—(१) मेसर्स अचलू प्रताप न्यायी एण्ड कम्पनी,
फ़तहसागर तालाब, जोधपुर।
(२) मैनेजर हिन्दी साहित्य मंदिर,
घटाघर, जोधपुर।

Mahamahopadhyaya,
Rai Bahadur
Gaurishankar H. Ojha.

Ajmer,

Dated..... 193
१०-४-१९३०

कविवर उमरदानजी से मेरा प्रथम मिलना उदयपुर के विक्टोरिया हॉल में हुआ था; जब मैंने उनका शुभ नाम पूछा तो उन्होंने हँसते हुए कहा "मेरा नाम देवी द्विवेदी कुल उमरदान है"। उनकी मुखमुद्रा परसे यह झलक पाता था कि वे सदा प्रसन्नचित्त रहते हैं अतएव उनका देवी द्विवेदी कुल कथन सार्थक है। ऐसे सहृदय कवि से वार्तालाप करने तथा उनकी मनोहारिणी कविता सुनने में मुझे बड़ा आनन्द आता था जिससे उनके साथ मेरा स्नेह बढ़ता ही गया। वे जन्मसिद्ध चारण कवि थे और उनकी राजस्थानी भाषा की कविता सरस, सरल एवं चित्ताकर्षक होने से ही वे जहाँ-जहाँ गये वहाँ उनका बहुत कुछ आदर हुआ। उनके काव्यों का राजपूताने में बड़ा आदर है और लोग उन्हें बड़े उत्साह के साथ पढ़ते हैं।

गौरीशंकर हीराचंद ओझा

कविवर ऊमरदान जी से मेरा प्रथम मिलना उदयपुर के विक्टोरिया हॉल में हुआ था; जब मैंने उनका शुभ नाम पूछा तो उन्होंने हँसते हुए कहा "मेरा नाम डेली डिलाइटफुल उम्मरदान है।" उनकी मुख मुद्रा पर से यह झलक आता था कि वे सदा प्रसन्न चित रहते हैं। अतएव उनका "डेली डिलाइटफुल" कथन सार्थक है। ऐसे सहृदय कवि से वार्तालाप करने तथा उनकी मनोहारिणी कविता सुनने में मुझे बड़ा आनन्द आता था जिससे उनके साथ मेरा स्नेह बढ़ता ही गया। वे जन्मसिद्ध आशुकवि थे और उनकी राजस्थानी भाषा की कविता सरस, सरल एवं चित्ताकर्षक होने से ही वे जहां जहां गये वहां उनका बहुत कुछ आदर हुआ। उनके काव्यों का राजपूताने में बड़ा आदर है और लोग उन्हें बड़े उत्साह के साथ पढ़ते हैं।

अजमेर
ता० १०-४-१९३० ई०

गौरीशंकर हीराचंद ओझा
(महामहोपाध्याय रायबहादुर)

श्रद्धाञ्जलि

कविवर ऊमरदानजी ने उम्र भर कभी किसी से द्वेष नहीं किया। वे प्रेम के पुतले, निर्भयता के स्वरूप, देश, नरेश व प्रजा के सच्चे हितैषी, कुरीतियों के विरोधी, विद्या और विज्ञान की लालसा में मग्न और आशु कवि थे। वे हमारी चारण जाति के अनमोल रत्न थे। राजपूताने के राजा महाराजाओं से लेकर छोटे बड़े सरदार व उमरावों में उनकी बड़ी मानता थी। इनसे एक बार भेट कर कोई भी व्यक्ति उम्र भर इनके मिलाप को नहीं भूल सकता था। मुझे भी इनके सत्संग का बहुत समय तक अवसर मिला था। उसका जो प्रभाव मेरे जीवन पर पड़ा वह अमिट है। वास्तव में ऐसे जन्मसिद्ध कवि देश व जातियों में बहुत कम उत्पन्न होते हैं। इन्होंने अपनी सरल व सरस कविता में जो स्पष्ट बातें—जो देखने में कड़वी परन्तु वास्तव में हितकर—बतलाई हैं उनसे राजस्थानी प्रजा का ही नहीं यहाँ के राजपूत सरदारों की भी भलाई हो सकती है।

मुझे यह देखकर प्रसन्नता है कि ऊमरदानजी के ऐसे उत्तम व उपयोगी काव्य का प्रकाशन तीसरी बार मय उनके परिचय के हो रहा है। इससे उस महाकवि की स्वर्गीय आत्मा को अवश्य संतोष होगा।

उज्वल नाथूरामजी की हवेली,
जोधपुर सिटी.
ता० ६ मार्च १९३० ई०

विनीत—
उदयराज उज्वल,
(ऐसिस्टन्ट सिटी कोतवाल)

[काशी नागरीप्रचारिणी सभा द्वारा प्रकाशित "बालाबख्श राजपूत चारण पुस्तकमाला" के वयोवृद्ध विद्वान् सम्पादक विद्याभूषण पुरोहित श्री हरिनारायणजी शर्मा बी० ए०, सुपरिंटेन्डेन्ट चेरिटी डिपार्टमेन्ट जयपुर स्टेट द्वारा]

सम्पादक को बधाई



धपुर के बारहठ कविवर ऊमरदान जी लालस रचित अनेक काव्यों और छन्द गीतों का संग्रह "ऊमर-काव्य" के नाम से दो दफै पहिले जोधपुर से छप चुका था। उन दोनों संस्करणों की कविताओं को हमने बड़े चाव से अपने इष्ट मित्रों के साथ पढ़ा है। जोधपुर के प्रसिद्ध इतिहासज्ञ श्री जगदीश-सिंह जी गहलोत के पूर्ण परिश्रम से यह तीसरा संस्करण संवर्द्धित रूप में टीका टिप्पणी भूमिका सहित छपा है जिसकी एक प्रति हमारे अवलोक-नार्थ सम्पादकजी ने कृपा कर, हमको हमारी सम्मति के अर्थ दी, जब वे जयपुर में पधारे थे।

हम ऊमरदान जी को डिंगल ही का नहीं पिंगल कविता का भी एक अच्छा कवि मानते हैं।

साहित्यमर्मज्ञ उनकी रचना को पढ़ कर उनकी प्रतिभा का भली भाँति अनुमान कर सकेंगे। हाथ कंगन को आरसी क्या? उनकी सत्योक्ति, स्पष्ट रचना, प्रसाद गुण गुम्फित काव्य सृष्टि, मन्दहास्य मय चुटीली पदावली, मर्म-स्पर्शी गुण दोषोद्घाटन-शैली, लोकोक्ति-समविष्ट, प्रखर-वाक्य विन्यास-प्रक्रिया, प्रकृत विषय-विशद-प्रवचन-निगूढता, श्लेष व्यंग-ध्वनि-निसर्ग विसर्ग-गति, इत्यादि का बखाण मुझ से क्या हो सकता है।

इस तृतीय संस्करण को पूर्ण और सर्वाङ्ग सुन्दर बनाने के निमित्त सुयोग्य सहृदय साहित्य-प्रेमी संपादक ने कोई बात उठा नहीं रक्खी। द्वितीय संस्करण में आई हुई कविताओं से अधिक कवि की रचनाएँ जोधपुर, जयपुर आदि में जहाँ भी कहीं तलाश से मिल सकीं, उन्होंने संग्रह करलीं। और परिश्रम से पाठ शुद्ध कर कठिन शब्दों और स्थलों पर पांडित्य पूर्ण टीका टिप्पणी की है। जैसी विद्वतापूर्ण रचना कवि की है वैसी ही उस पर विद्वतामय टीका हुई है। विशेषतः ऐतिहासिक स्थलों पर पूरे खोज बीन से टीप है।

जो प्रायः महत्व और काम के हैं। हम टीकाकार की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हैं।

मूल ग्रंथ की अनुक्रमणिका यथार्थ नहीं है तथापि दूसरे संस्करण से उत्तम है। दूसरे संस्करण में ऊमर काव्य के दूसरे भाग में अन्य पुरुषों की कविता जोड़ कर ऊमरदानजी की कृति के अजागल स्तनवत् निरा पुछल्ला बांधा था, सो ही इस नवीन संस्करण में काट फैंक देने का सौभाग्य गहलोतजी को मिला। तदर्थ बधाई।

ऊमरदानजी की कविता के संकीर्त्तन में (कवि जुगतीदान जी के शब्दों में) हम इतना कह कर यह पंक्तियें समाप्त करते हैं:—

"नर चतुरहोय जांणे निपट, आशय ऊमरदांन रो"॥

जयपुर
ता० ११-४-१९३० ई० } पुरोहित हरिनारायण शर्मा.

दो शब्द

लोगों की दिनचर्या व जीवन-घटना पर कविता का गहरा प्रभाव पड़ता है। अच्छे कवि अपनी काव्य-रचनाओं द्वारा जो सुधार के भाव लोगों में भर सकते हैं वह अनेक व्याख्यान और लेखों द्वारा होना कठिन है। राजस्थान में यह बात प्रसिद्ध है कि शाकों के समय रणभेरी की ध्वनि के साथ जब राजस्थान के सपूत केसरिया बाना पहिन शत्रु से लड़ने जाते थे उस समय उनके हृदयों में मोह-माया के विचारों को निर्मूल करने और देश-जाति पर मर मिटने के लिये जो सारगर्भित दोहे, सोरठे और गीत उनके परम्परा-गत कवि-चारणों द्वारा कहे जाते थे उनका प्रभाव यह होता था कि वीर ही नहीं वीराङ्गनाओं के भी रोमांच खड़े हो जाते थे और वे अपनी जान को हथेली पर रख रणक्षेत्र में कूद पड़ते थे। यही नहीं, एक दोहा या सोरठा उसी तत्व को लिए हुए यदि हज़ारों मनुष्यों की सभा में उसी ढँग से कहा जाय तो उसका प्रभाव हज़ारों व्याख्यानों से अधिक पड़ता है। विशेष कर जबकि हमें राजा, महाराजा, सरदार या उमरावों को उन्हीं की भाषा में समझाना होता है तब व्याख्यान या बड़े लेखों

की ज़रूरत नहीं होती। उस समय कविता ही अच्छा काम करती है।

ऐसे ही भाव इस "ऊमरकाव्य" में हैं। विषय सूची से प्रकट होगा कि हमारी जाति के कविशिरोमणि ऊमरदानजी ने कैसी सारभूत बातें अपनी अनोखी चुभती हुई भाषा में रची हैं जिनका प्रभाव हृदय के अन्दर बैठ जाता है। कहीं कहीं उन्होंने कड़े शब्दों का भी प्रयोग किया है परन्तु उनकी भावना सच्ची और डाक्टर की तरह रोगी को अच्छा करने की गर्ज से है। जो कुछ बुराइयां भी बतलाई गई हैं वह बुरे लोगों की ही हैं न के किसी खास समुदाय की। उन्होंने साथ ही साथ अच्छे लोगों की प्रशंसा भी की है। मनुष्यों को हंसवत गति रखनी चाहिये और नीर क्षीर विवेचन की बुद्धि होनी चाहिए। समाज में अच्छे बुरे सभी तरह के पुरुष होते हैं। इस लिए बुराइयों से हटा कर अच्छाई की तरफ ले जाना ही अच्छे कवियों का कर्त्तव्य है। इस यज्ञ में कविवर ऊमरदान जी को कहाँ तक सफलता मिली इसका अनुमान पाठक स्वयं कर सकते हैं।

ऊमरकाव्य आज तीसरी बार प्रकाशित हो रहा है। पूर्व दो संस्करणों से पता चलता है कि

राजा, प्रजा और विद्वानोंके समाज में इसका बड़ा प्रचार रहा । राजस्थान की कोई राजसभा या विद्यासभा ऐसी नहीं होगी जहाँ इस काव्य का प्रचार न हो । राजकवियों को इसकी अनमोल पंखड़िएँ-कविताएँ कंठस्थ हैं, और वे इसे बड़े चाव से राजा रईशों के मनोरंजन व उपदेश के लिये दोहराते हैं । मैं आशा करता हूँ कि इस काव्य का और भी अधिक प्रचार होगा । इस बार इसके सम्पादन में जो परिश्रम सुप्रसिद्ध इतिहासवेत्ता कुँ० जगदीशसिंहजी गहलोत एम. आर. ए. एस. जोधपुर ने किया है वह प्रशंसनीय है ।

इस तीसरे संस्करण में कई विशेषताएँ हैं । कवि की कई अप्रकाशित कविताएँ खोजकर इसमें लगा दी गई हैं । कठिन शब्दों के अर्थ प्रत्येक पृष्ठ पर दे दिये हैं और जहाँ जहाँ ऐतिहासिक या पौराणिक कथाओं में के प्रसिद्ध व्यक्तियों के नाम आये हैं वहाँ उनका परिचय भी संक्षेप में दे दिया गया है जिससे काव्य के भाव समझने में सुगमता होकर पाठकों की ज्ञानवृद्धि हो ।

जोधपुर
ता०८-४-१९३०ई०

जयकरण बारहठ
बी. ए., एल-एल. बी.
वकील, चीफ कोर्ट, राजमारवाड़

शुद्धि पत्र

पृष्ठ	पंक्ति	अशुद्ध	शुद्ध
४	१०	अणं[५]	अणूं[५]
१०	७	पग	पगें
१५	१४	सोभासंद	सोभासमंद
२०	७	री	व्यथा भरी
२८	१८	विद्यार्थी	५—विद्यार्थी
२६	१८	५—झंड	५—झुंड
३०	१७	शधर	वंशधर
३८	६	सनक[१] आदिक	सनकादिक[१]
३६	६	में दरसे	से दरसे
४२	५	चेत	चित
४२	१४	कां	कौ
४४	३	का	की
४४	४	को	की
४५	१५	कईही[४]	कहई[४]
४५	१५	कानी	कान
४६	१२	गुमुडे	गुडै
४६	१३	रुड	रुडै
४७	७	जनार्दद	जनार्दन
५४	१२	गोचर	न गोचर
६१	१०	चौथी पांचवीं	आठवीं नववीं
६७	२३	१६२६ई० पृ० २७	१६२६ई० पृ० २६
१४२	६	धारा	धीरा
२५७	१०	पूरत	पूरती
३२७	२	पहुवी	पुहमी
३३८	६	मुंढा	मूंडा
३४८	६	अकेल	एकल
३६६	२	चग	चुग
३६६	१४	नानांणा	नानाणो
२६६	१४	दादाणां	दादाणो
३७३	५	सुबला लै	सुबलालै
३८६	२	हये	हुये
३८६	५	अरोग	अरोगे



ऊमर काव्य का यह तीसरा सस्करण आज आपकी सेवा में उपस्थित किया जाता है। यह काव्य कितना रोचक, मधुर, ललित, आकर्षक, उपदेशप्रद एवं उपयोगी है यह तो आप इसे पढ़ कर ही जान सकेंगे। यह अपने अनेक गुणों के कारण ही अत्यन्त लोकप्रिय बन गया है। एक मारवाड़ी कवि की ओजस्विनी प्रतिभायुक्त कला का यह एक सजीव नमूना है। इसमें न केवल समाज सुधार का ही विवेचन है बल्कि सभी रसों की मधुर धारा बहती दिखाई पड़ती है। विशेषतः वीर और हास्यरस का विशद वर्णन है। कवि ने अपने काव्य में तत्कालीन परिस्थिति का भी अच्छा चित्र खींचा है।

कवि ऊमरदान जी लालस के लिये काव्य निर्माण वंशानुगत गुण था और वे थे भी जन्म-सिद्ध कवि (Born Poet)। उनमें वे सभी गुण थे जो प्रतिभाशाली कवियों में होने चाहिये। वे सदैव आनन्दित रहा करते थे। एक बार सं० १९५७

में कवि ऊमरदान उदयपुर-मेवाड़ गये। वहाँ उनकी सुप्रसिद्ध इतिहासवेत्ता महामहोपाध्याय रायबहादुर श्री गौरीशङ्कर हीराचन्दजी ओझा से विक्टोरिया हॉल (अजायब घर) में पहली वार मुलाकात हुई। ओझाजी ने जब प्रश्न किया कि "श्रीमान् का शुभ नाम क्या है?" तब उन्होंने तत्काल ही अंग्रेजी में अपना नाम "डेली डिलाइट फुल उम्मरदान" (Daily delightful Ummardan) कहा। इस पर से ही अनुमान हो सकता है कि वे कितने मौजी और आनन्दी थे, जो अपने को अंग्रेजी में "सदा आनन्दी उम्मरदान" कहते थे। ओझा जी से पहली मुलाकात और उसी में इस प्रकार खुला व्यवहार कवि के आनन्दी होने का परिचय देता है। ऊमरदान जी को इतिहास और प्राचीन काव्य ग्रन्थों की खोज करने की रुचि थी। वीरशिरोमणि महाराणा प्रताप की वीरता की प्रशंसा में उन्हीं के समकालीन चारण कवि दुरसा आढा ने "विरुद छिहतरी" नाम का ७६ सोरठों वाला एक काव्य बनाया था जिसके कई सोरठे इस समय राजपूतों, चारणों व बड़वा-भाटों आदि के मुख से सुनने में आते हैं। उस

अमुद्रित काव्य की प्रति ऊमरदान जी ने ही खोज निकाली थी, जिसको जोधपुर के मुत्सद्दी बच्छराज जी सिंघवी ने उदयपुर में रहते समय प्रथम वार सं० १६५८ में प्रकाशित की। इस पुस्तक के सिवाय उनकी रचनाओं में से दो पुस्तकें "डफोलाष्टक डूंडी" सं० १६५७ में और "जसवन्त जस जलद" सं० १६५२ वि० में उनके जीवनकाल में प्रकाशित हो चुकी थीं।

ऐसे आनन्दी एवं प्रतिभाशाली कवि का काव्य भला किस प्रकार नीरस रह सकता था। उसमें रस छलक रहा है। किसी भी पद्य को देख लीजिये आप आनन्द विभोर हो जावेंगे। कवि ने अपने काव्य में जिन खुले शब्दों द्वारा सामाजिक कुरीतियों का भण्डाफोड़ किया है उसे पढ़ते २ जी नहीं अघाता। वास्तव में इस सुन्दर काव्य के रचयिता चारण कुलभूषण कविवर ऊमरदान जी थे भी हास्यरस के अवतार। उनके स्वर्गवास को अभी अधिक काल नहीं बीता है। जिन लोगों ने उन्हें देखा है उनको ऊमरदान जी की आकृति तथा व्यवहार आदि का अच्छी तरह पता है। उनका जोधपुर के राजदरबार में भी बड़ा मान

था। आर्य्यसमाज के प्रवर्त्तक वेदोद्धारक महर्षि दयानन्द सरस्वती को जब संवत् १९४० वि० में जोधपुर के स्वर्गीय नरेश हिज हाइनैस राजराजेश्वर महाराजाधिराज महाराजा सर जसवंतसिंह बहादुर जी० सी० एस० आई० ने अपनी राजधानी में पधारने का निमंत्रण भेजा था तब उन्हें मेवाड़ राज्य से लाने के लिये कवि ऊमरदान ही भेजे गये थे। जिन लोगों ने उनको देखा है उन्हें आज भी ऊमरदान जी का ध्यान आने पर उनका मोटे वस्त्र धारे, घुटनों तक की धोती पहने, हाथ में डंडा लिये, निर्भीक प्रसन्न मुख का चित्र आँखों के सामने दिखाई पड़ने लगता है।

बचपन में ऊमरदान जी के माता पिता का स्वर्गवास हो जाने से और बड़े भाई आदि की अवहेलना से उन्हें कुटुम्ब का सुख नहीं मिला और ज़मीन जायदाद के झगड़ों से बचकर वे बचपन में ही खैड़ापे के रामस्नेही साधुओं के कंठी बन्द शिष्य हो गये। उस मंडली में उनकी शिक्षा दीक्षा हुई और जब उन्हें सं० १९३६ में कुछ ज्ञान हुआ तब वे साधुओं का संग छोड़ कर गृहस्थी बने और उनके गुण अवगुण भी जनता को बताने

लगे। इस काव्य को पढ़ने पर हमारे इस कथन की पुष्टि हो ही जायगी।

यह काव्य मारवाड़ी-डिंगल भाषा का एक सरस काव्य है। इसी कारण इसका आदर भी विशेष है। राजस्थानी चारण कवियों का काव्य प्रायः डिंगल भाषा में ही पाया जाता है। यह "डिंगल" एक प्रकार की असंस्कृत भाषा है। व्रजभाषा की कविता का नाम जैसे "पिंगल" कहा जाता है वैसे ही मरूभाषा (राजस्थानी) की कविता को "डिंगल" कहते हैं। यह "डींग" और "गल" शब्द मिल कर बना है। इसका अर्थ ऊँची बोली का है। क्योंकि इस भाषा के कवि उच्च स्वर से अपनी कविता का पाठ करते हैं। व्रजभाषा की कविता में ध्वनि उच्च नहीं होती और उसमें मधुरता विशेष होती है। इसलिए इस व्रजभाषा को राजस्थान में पिंगल अर्थात् पांगली (लँगड़ी-लूली) कविता कहते हैं। पिंगु का अर्थ लँगड़ी और गल का मायना बात या बोली है। स्वर्गीय कविराजा मुरारदान जी महामहोपाध्याय ने "डगल" शब्द का अर्थ अनघड़ पत्थर या मिट्टी का

डगल (ढेला) किया है[1]। क्योंकि इसमें गुजराती, मराठी, मागधी, सिन्धी, ब्रजभाषा, संस्कृत, फ़ारसी, अरबी आदि कई भाषाओं के अपभ्रंश शब्द पाये जाते हैं। अपभ्रंश भी साधारण नहीं! वह भी इतना ज्यादा कि उसका असली रूप जान लेना भी कठिन हो जाता है। जैसे—

संस्कृत में—	डिंगल भाषा में—
मुक्ताफल	मोताहल़
युधिष्ठिर	जुजठल़
ध्रुवभट	धूहड़
श्रीहर्ष	सीहा या सीहड़
हस्तबल	हाथल
आलभट	अलट

कितना रूपान्तर है? इस भाषा में ट ठ ड ढ ण और ल आदि अक्षरों की प्रधानता होती है और "स" का प्रयोग प्रायः "ह" होता है। इस भाषा में ऋ, ॠ, ऌ, ए, ऐ, औ, ये स्वर नहीं होते और तालवी (श) और मूर्धनी (ष) के स्थान पर

१—देखो प्रिलिमिनरी रिपोर्ट ऑन दी ऑपरेशन इन सर्च ऑफ मेन्युस्क्रिप्ट्स आफ बार्डिक क्रानिकल्स (महामहोपाध्याय हरप्रसाद शास्त्री सी० आई० ई०) पेज १४-१५ सन् १९१३ ई०।

भी दन्ती सकार (स) ही लिखा व बोला जाता है। ऐसे ही 'ख' के स्थान में 'ष' लिखा जाता है। इसका साहित्य विक्रम की ९वीं शताब्दी से मिलता है। ऐसी डिंगल भाषा में जिसे अनघड़ पत्थर या मिट्टी के ढेले की उपमा दी गई हो काव्य निर्माण और वह भी हृदयग्राही सरस काव्य हो, यह कवि की प्रतिभा का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

यों तो डिंगल भाषा में, जो मारवाड़ी भाषा की जननी है सभी रसों का वर्णन कुशल कवि बखूबी कर सकता है—कवियों ने सभी रसों का वर्णन अपनी अपनी रचनाओं में यथा स्थान किया भी है। दादूदयाल, गरीबदास, शंकरदास, और सुन्दरदास आदि महात्माओं ने अपनी अपनी वाणियों को मारवाड़ी भाषा में ही लिखा है; परन्तु उनके काव्य-ग्रन्थ, अपने पन्थों और मतों के भावों से ही पूरित हैं। राजिया और किसनिया के सोरठे तथा दोहे मारवाड़ी भाषा के उज्वल रत्न हैं। इनके अतिरिक्त मारवाड़ी कहावतें भी कुछ कम रोचक नहीं होतीं। तथापि यदि हम काव्य की कसौटी पर प्रस्तुत "ऊमर काव्य" को कस कर देखें तो उत्तम काव्यों की गणना में यह भी आ सकता है।

इस काव्य में डिंगल भाषा का माधुर्य और वीर शृंगार, हास्य, आदि रसों का समूह तथा उपदेश सभी स्पष्ट दिखाई देते हैं। इसमें जो सामाजिक सुधार और आलोचना की मीठी चुटकी दीख पड़ती है, वह भारतीय-राष्ट्र निर्माता स्वामी दयानन्द सरस्वती के सत्संग का ही प्रभाव है। मारवाड़ी भाषा स्वयं ही श्रुतिमधुर है, परन्तु कवि ने उसमें व्यंग और हास्य का संमिश्रण कर के उसे और भी विशेष रोचक कर दिया है।

एक साधारण कुल में जन्म लेकर कवि ऊमरदान ने अपना नाम इस काव्य द्वारा साहित्य-संसार में अमर कर दिया। देखिये कवि स्वयं अपने विषय में कह रहा है—

मुलक मारवाड़ में थली के मद्ध जन्म जोय,
चारन बरन चारु बिकल विसासी को।
बाल वय में ही पितुमात परलोक बसे,
भ्रात नवलेस भयो हुयो खेल हांसी को।
रांडां के सनेही गुरु मुखिया मुरार मिल्यो,
धणी श्रीप्रताप धारयो अंकुर उदासी को।
सुख को न किहिनों सोच लख उमरेस लिहिनो,
देव सब दिहिनों सराजाँम सत्यानासी को।

कैसी स्पष्टोक्ति है। कवि के शुद्ध हृदय का परिचय मिल जाता है। कवि जी के पास, घमण्ड या अहंभाव तो फटका तक नहीं था। देखिये एक जगह वे अपने विषय में फिर लिखते हैं:—

"जोगी कहो भव भोगी कहो,
रजयोगी कहौ कौ केसेइ हैं।
न्यायी कहो अन्यायी कहो,
कुकसाई कहौ जग जैसेइ हैं॥
मीत कहो वो अमीत कहो,
ज्युँ पलीत कहौ तन तैसेइ हैं।
ऊत कहो, अवधूत कहो,
लो कपूत कहो हम हैं सोइ हैं॥

कवि के काव्य को पढ़ने पर उनके स्वभाव एवं सिद्धान्तों का पाठक को पूर्ण ज्ञान हो जाता है। एक बात हम पाठकों को कवि के विषय में और बतला देना चाहते हैं। यद्यपि काव्य में उनके शब्द प्रयोगों से सुज्ञ पाठक अनुमान लगा सकेंगे तथापि हम सूचित कर देना चाहते हैं, कि ऊमरदान जी साधारण अंग्रेजी भी जानते थे। वे अपनी १६-२० वर्ष की उम्र में अंगरेजी पढ़ने के लिये जोधपुर हाई-स्कूल में भरती हुये थे और

बड़े ही परिश्रम से चौथे पाँचवें दर्जे तक उन्होंने अंगरेजी सीखी थी, बाद में अभ्यास द्वारा उन्होंने अपना ज्ञान और बढ़ा लिया था।

कवि ऊमरदानजी का स्वर्गवास उनकी ५१ वर्ष की अवस्था में मिती फाल्गुन सुदि १३ संवत् १९६० विक्रमी (ता० ११ ३-१९०३) को जोधपुर में हुआ। उनके स्वर्गवास पर विद्याव्यसनी एवं काव्यमर्मज्ञ पुरुषों को अपार दुःख हुआ। एक कवि ने दुखी होकर आपके स्वर्गवास पर कहा था—

"हमें निपट अलगो हुवो, लालस नेह लगाय।
कागा[1] बिच डेरा किया, जागा अवकी[2] जाय।
विद्या कविता वीरता, ऊमर तो उपदेश।
एकण हाँ फिर आवज्यो, देखैं मरुधर देस।

इनके पिता का शुभनाम बारहठ बख्शीराम और दादा का मेघराज जी था। ऊमरदान का जन्म परगना फलोधी (मारवाड़) के गांव ढाढरवाड़ा में सं० १९०८ वि० की वैशाख सुदि २ शनिवार को हुआ था। यह तीन भाई थे, बड़े

१—जोधपुर शहर की एक श्मशान भूमि का नाम।
२—अगम, जहाँ कोई सशरीर न जा सके। कठिन।

भाई का नाम नवलदान और छोटे का शोभादान था। ऊमरदान मँझले थे। ऊमरदान जी के दो पुत्र हुये। अग्रदान तो उनके सामने ही १८ वर्ष का होकर सं० १९५७ की वैशाख सुदि १० बुधवार को चल बसा। अब दूसरा पुत्र बारहठ मीठालाल लालस है जिसकी अवस्था लगभग २७ वर्ष की है और मारवाड़ पुलिस डिपार्टमेन्ट में सार्जेन्ट पद पर नियुक्त हैं।

इसवार कवि का बहुतसा अप्रकाशित काव्य खोज करके इस संस्करण में सम्मिलित कर दिया गया है। अप्रकाशित काव्य को एकत्र करने में श्रद्धेय विद्याभूषण पुरोहित श्री हरिनारायणजी शर्म्मा बी.ए., तथा बारहठ कविया अयाचक श्री मुरारिदानजी जयपुर और अमरकोट (सिन्ध) निवासी ठाकुर तेजसिंह प्रधानसिंहजी सोलंकी से बहुत कुछ सहायता मिली है। इसके लिए हम उनके विशेष आभारी हैं। जयपुर से विशेष सामग्री कविवर बारहठ बालाबख्शजी पालावत* के संग्रह से ही प्राप्त हुई है।

* यह बारहठ जी बड़े दानी और ज्ञानी हैं। इन्होंने काशी नागरी प्रचारिणी सभा को ७०००) सात हज़ार रुपया देकर "बालाबख्श राजपूत चारण पुस्तकमाला" कायम कराई।

क्योंकि इनकी ऊमरदानजी से घनिष्ठ मित्रता थी। इनके सिवाय मारवाड़ स्टेट प्रेस के प्रिंटिंग फोरमेन श्री धूमे खाँजी सिन्धी, ब्यावर निवासी ठाकुर किशनसिंह जी चौहान 'सैनिक,' उदयपुर मेवाड़ के इतिहासवेता पंडित नाथूलाल भागीरथजी व्यास और आऊवा ठिकानाके मुसाहिब विद्यानुरागी ठाकुर नाथूसिंहजी चाँपावत (सिणली वाले) ने समय-समय पर अपने अमूल्य परामर्श द्वारा सहायता पहुँचाई उसके लिये भी हम उन्हें अनेकानेक धन्यवाद देते हैं। अन्तमें लिपिप्रमाद या भूल से जो अशुद्धियाँ रह गई हों उनके लिये हम सहृदय पाठक पाठिकाओं से क्षमा चाहते हैं।

चलत चलत यदि पान्थ का, पैर विषम पड़ जाय।
तो सज्जन ढाबें तुरत, अरु खल तालि बजाय॥

जोधपुर
ता० ६-४-१६३० ई०
चैत्र सुदि ११ सं० १६८७

जगदीशसिंह गहलोत

१०,०००) दस हज़ार रुपया बैंक में जमा कर उसके सूद में चारण जाति के लड़कों को शिक्षा मिलने का प्रबन्ध जोधपुर के दयानन्द वैदिक हाई स्कूल में कराया। अपने गांव हणूंतिया (जयपुर) में स्थायी प्याऊ जानवरों को पानी पीने के लिए १,०००) एक हज़ार रुपया बैंक में जमा कराया। इन्होंने कई रचनाएँ काव्य में की हैं। इतिहास के भी प्रेमी हैं।

प्रकाशक का निवेदन

ऊमर-काव्य का प्रथम संस्करण परगना मेड़ता के गाँव कुरड़ाई निवासी वैदिक-धर्म प्रेमी महाशय अर्जुनसिंहजी मेड़तिया राठौड़ ने बड़े परिश्रम एवं खोजके साथ संग्रह करके लगभग सं० १९६३ में मारवाड़ स्टेट प्रेस जोधपुरमें छपाकर प्रकाशित किया था। उसके बाद जोधपुर आर्य्यसमाज ने इसे दूसरी बार सं० १९६९ में छपवाया और पुस्तक के अन्तमें कुछ कवियों की रचनाएँ "जगत हितोपदेश" नाम से जोड़ दीं। यद्यपि यह सुन्दर काव्य लोकप्रिय और देशी रजवाड़ों में बहुत आदर पाचुका परन्तु किसी सज्जनने इसका नया संस्करण छपाने का यत्न नहीं किया। इधर कुछ समय से यह अप्राप्य सा हो जाने से इसकी माँग भी बढ़ती गई। अतएव इसकी उपयोगिता देखकर मैंने पूर्व संस्करण के प्रकाशक स्थानिक समाज से इसका तीसरा संस्करण छपाने के विषय में सलाह ली। महात्मा लक्ष्मणजी तथा पंडित शंकरशर्माजी व्यास व ग्रन्थकर्त्ता स्वर्गीय कविवर ऊमरदानजी के

एकलोते पुत्र व उत्तराधिकारी बारहठ मीठालालजी लालस, जोधपुर निवासी ने मेरे विचारों का अनुमोदन करते हुए इस ग्रन्थ को तीसरी बार छपाने की कृपा कर अनुमति दी। इसके लिए मैं इन सज्जनों का आभारी हूँ। यही नहीं महात्मा लक्ष्मणजी ने जहाँ तहाँ पूर्व संस्करणों की अशुद्धियों को भी ठीक करने में सहायता दी। ऐसे ही सम्पादकजी की अनुपस्थिति में इस तीसरे संस्करण के कुछ प्रेस प्रूफों को कुँवर नारायणसिंहजी सोलंकी (ब्यावर) ने शुद्ध करने की कृपा की।

आशा है कि काव्यरस के रसिक जन और विद्वान् इस ग्रन्थ का यथोचित आदर व प्रचार करेंगे। इसीमें मैं अपना परिश्रम सफल समझूंगा।

फतहसागर,
जोधपुर
ता० १३-४-१९३० ई०

निवेदक
अचलूप्रताप न्यायी,
मालिक-मेसर्स अचलूप्रताप
न्यायी ऐन्ड को०

सूचना

बहुत कुछ खोज करने पर भी स्वर्गवासी कविवर ऊमरदानजी का चित्र हमें नहीं मिला। यदि किसी सज्जन के पास उनका चित्र हो तो हमें सूचित करें। इस कृपा के लिये हम उनके आभारी ही न रहेंगे परन्तु ५०) पचास रुपये पुरस्कार रूप भेंट करेंगे और सधन्यवाद वह चित्र सामयिक पत्र-पत्रिकाओं तथा "ऊमर काव्य" के आगामी नये संस्करण में प्रकाशित करेंगे। ऊमरदानजी का चित्र न मिलने से ही इस तीसरे संस्करण में हम अन्य चित्र न दे सके हैं। हमारा विचार था कि इस बार अनेक विषयों के सुन्दर और भाव पूर्ण चित्र देकर इसको और भी उपयोगी बनावें परन्तु वह उक्त कारण से नहीं हो सका है। अतः सूचनार्थ निवेदन है।

अचलूप्रताप न्यायी.



ऊमर-काव्य

[चारण-कुल-भूषण महाकवि ऊमरदानजी लालस कृत]

❀ अथ ईश्वरस्तुति ❀

(छन्द छप्पय)

नमः सच्चिदानन्द भक्तवत्सल भयहरता,
शाश्वत[1] अशरण शरण करण कारण जगकरता।
निराकार निरलेप निगम निरदोष निरंजन,
दीरघ दीनदयालु देव दुख-दालद[2]-भंजन।
अखिलेश अनूपम एक अज[3],
अजरामर महिमा अजय।
नित निरविकार निरभय निपुण,
नारायण करुणानिलय॥ १॥

१—निरन्तर। २—दरिद्र। ३—अजन्मा।

ईश्वरोपासना

(छन्द शिखरिणी)

हरी ओम् ओम् प्रानी जुगति नहिं जानी धृग हहा।
मना हानी ठानी मुगति नहिं मानी मृग महा।
बिहांनी[1] वो बानी बिमल बिलखानी[2] बक व्रथा।
कथी ना कल्यानी कुटिल कलि खानी कवि कथा ॥१॥
अनादी ऐश्वर्य व्रतति वर बर्य्य व्रति बुधा।
महेश्वर्य्या भागी कवन बल त्यागी श्रुति[3] मुधा[4]।
परानिष्ठा[5] निष्ठा बिपदि सु अनिष्ठा पग परी।
पराकाष्ठा[6] काष्ठा वह कवन काष्ठा मग परी ॥२॥
नमांमी सामर्थ्य प्रबल बल व्यर्थ प्रभु बिना।
बिसुद्धी रुद्धीमी चकत ममबुद्धी बिभु बिना।
बिनादी बादी तें बिकृत प्रतिवादी नहँ बदें[7]।
मदादी[8] मन्वादी प्रथम पति आदी मथ मदे ॥३॥
न जानामी नामी बिहस[9] बर बामी[10] बल बदें।
अनादी सृष्टी ये सुगम यह व्रष्टी कम सदे[11]।

१—वृथा। २—उदासीन, चिन्ता वाली। ३—वेद। ४—ज्ञाता। ५—परम पद वाली। ६—परले दर्जे की। ७—कहते हैं। ८—काम क्रोध मद आदि। ९—हँस कर। १०—वाममार्गी-कूडापंथी। ११—सहन करना।

सरस्वत्या दिव्योती सुर गुरु प्रभृत्ती यश सभें ।
अहम्भो वक्ष्यामी सकल जगस्वामीं अस अभे ॥४॥
निदानो निर्वानीं निगम गम छानीं नित नई ।
दिवांनी दिव्यांनो न प्रभु गत जांनीं गत दई ।
त्रया नेता राखे असत नहिं भाखे अतत्रपा[1] ।
कवी को बखांने कछुक हम जांनें तव कृपा ॥५॥
सुखार्थी स्वार्थी जे स्वसुख दुख प्रार्थी वच सदें ।
बढ़े जी विद्यार्थी विसद परमार्थी वच वदें ।
प्रचण्ड ब्रह्माण्डः प्रचुर भुविमण्डः प्रद प्रभो ।
वितण्ड प्रोद्दण्ड प्रनत दुख खण्ड प्रद विभो ॥६॥
ध्वनाती वाग्धारा धरम धुनि धारा धपधपें[2] ।
सुनाती स्वीसारा सगुन गुनि सारा सपसपें[3] ।
तनाती निष्तारा त्रिगुन विसतारा तपतपें ।
जनाती जोगारा[4] जगत उजियारा जपजपें ॥७॥
दिगन्तां लों दोरें मचल मन मोरें मुदमुदी[5] ।
विदान्तो[6] झंझोरें विषय विष वोरें[7] बुदबुदी ।
पछारें पापों को त्रतप भव तापों त्रुटि तले ।
मिलावें मेधा को विधि विधि निसेधा फत[8] मले ॥८॥

१—अत्यन्त लज्जा के साथ । २—आवाज करते चलना ।
३—ज़ोर से उँचलना । ४—योग को । ५—आनन्द के साथ ।
६—वेदान्त । ७—बना । ८—फतह ।

निकाई[1] छाई तें प्रकट प्रभुताई सिख नखा ।
समष्टी व्यष्टी तें सजन दिव दृष्टी ऋषि सखा ।
धरे तूं धारे तूं परज प्रत पारे धन धनी ;
सभी को संहारे प्रलय लय धारे करसनी[2] ॥९॥

अखण्डा ब्रह्मण्डा अखिल इकदेसी तव अगे[3] ।
जराहा आहा तूं सुलभ सब देसी सब जगे ।
रचे तूं ढाहे तूं नियम जुत चाहे फिर रचे ।
नचावे जीवोंको निडर निज बाह्यान्तर[4] नचे ॥१०॥

अणूं[5] तें व्याणूं[6] तें व्रहदल[7] विभूतें अति विभू ।
तुजेनां जाँनें को सुहृद[8] खसु[9] जाँने भल त्रभू ।
कहें क्या ध्यावेधी कहन नहिं आवे कुल कुले ।
मदांधो मायावी तुम रु हम भावी सम तुलें ॥११॥

नमांमी तो माया चलत नहिं दाया[10] सुदन रो ।
धुरो पाया शाया अटल मठ छायो धर धरो ।
गजारोही वाजी[11] पदन[12] हथ आजी[13] गत लगे ।
अयोशा[14] योशा[15]जी अनग[16] जिम वाजीगर अगे१२

१—अच्छापन । २—खींचकर । ३—आगे । ४—बाहर व भीतर । ५—छोटा । ६—बड़ा । ७—बहुत बड़ा । ८—प्यारा, मित्र । ९—बहिन । १०—दावा । ११—घोड़ा । १२—पैदल । १३—संग्राम । १४—मर्द । १५—स्त्री । १६—अचम्भा ।

तुंहीं कर्त्ता धर्त्ता भुवन त्रिय भर्त्ता हित तुंहीं।
तुंही नाही मर्त्ता अभय भयहर्त्ता नित तुंहीं।
तुहीं ग्याता ज्ञेय प्रकृति बनि ग्याता पद तुंहीं।
तुंही ध्याता ध्येय व्रति मति विख्याता प्रत तुंहीं॥१३॥
तुंहीं धू विख्याता उदर मम त्राता अन तुंहीं।
तुंहीं भू सोभाता मुदर[1] अनदाता धन तुंहीं।
तुंहीं माता ताता बहिन निज भ्राता भल तुंहीं।
तुंहीं दाता खाता अवल अनदाता बल तुंहीं॥१४॥
नभाग्नी[2] वायू लों जल धरनि आयू इन नहीं।
महात्मन् तेरे हैं अवर[3] नहिं मेरे इन मही।
धरा काया माया दुलभ कर दाया दुत[4] धनी।
घरी नाहिं भूलूं मैं जनम भर भूलो कृतघनी॥१५॥
रशोनादी[5] गादो[6] विलस[7] नरमादी हित रख्यो।
लग्यो स्वादो स्वादी उपकृत प्रमादीं नहिं लख्यो।
दई तेरी देही विषय वपुनेही[8] नित भज्यो।
कृतघनी मोसो को परमप्रिय तोसो पति तज्यो॥१६॥
लजा जी आती है स्वमति घबराती सब लरें।
रहे जाकी रोकी त्वरित[9] त्रयलोकी तथ तरें।

१—मेघ। २—आकाश और अग्नि। ३—और। ४—कान्ति। ५—लहसन आदि। ६—गदला। ७—भोगना। ८—शरीर में प्रेम रखने वाला। ९—जल्दी।

अरूं मैं एकाकी थुरन मत थाकी इन अगें ।
लखूं मैं खांचू तो प्रबल ठग पाँचूं भग लगें ॥१७॥
भई कष्टी यामा व्यसन मन भांमा[1] श्रुत भरे ।
महा रातो मारें अतन तन जारें नहं मरें ।
तज्यो जान्यो जान्यो तिमहिं हम मान्यों दुख तथा ।
बड़ाई तेरी है इमहिं कर मेरी गत पथा ॥१८॥
हितू सेवा पूजा अवर नहिं दूजा ब्रहम में ।
नहीं नेमा प्रेमा यम नहिन तेमा दगन[2] में ।
नियन्ता यन्ता ना चपल चित चिन्ता भन चुके ।
प्रचेता चेताना जियत हम प्रेता[3] बन चुके ॥१९॥
अबे खोली आँखें अधम मुख झाँखें विष अचें ।
गुविन्दो ना गायो प्रकट फल पायो पिख[4] पचें[5] ।
चिते होतो चेतो गहन नभ देतो मन गसा[6] ।
रशाधी[7] क्यों रोती ह. ह. ह. किम होती दुरदसा॥२०
कृषीकारी बोवें सिटल[8] घर सोवे सुख करें ।
जवें बाले रोवें जुलख[9] मुख जोवें दुख दरें ।
करी जैसी पाई अकल अब आई जब कहें ।
दिधा काई धाई दुकृत दुखदाई कब दहें ॥२१॥

१—स्त्री । २— जलाना, तप करना । ३—भूत । ४—देखना । ५ – कष्ट पाना । ६—घूसाना, लगाना । ७—संसार, प्रजा । ८—निर्लज्ज । ९—व्याकुल ।

क्षुधा प्यासा त्रासा दुसह कर आसा दुख खगें[१] ।
अधर्मी धारी हैं सरब सुखकारी मुख अगें ।
अकेला बेलाया[२] करत नहिं केला दम दमें ।
रहे नैनों रेला तुम रु हम भेला कबरमें ॥२२॥
सियालू ऊनालू विमल बरसालू सब सुखी ।
दयालू हो देवा भजन विन भेवा[३] द्रप[४] दुखी ।
महा खूंनी मूंनी अकल अच भूंनी इन दिनां ।
धरा धूनो धूनी सकल जग सूंनीं विधु[५] विना ॥२३॥
छिता आयू छीजे कवन गत कीजे तुम कहो ।
रजा दहे सो भाखो सरम मत राखो सब सहो ।
जरा लारे जारे सुमति नहिं सारे कवि कही ।
कृपा बेगी कीजे अलख लख लीजे सब सही ॥२४॥
अवें त्वर्थी[६] अर्थी[७] बकत नह व्यर्थी अति यही ।
अयोनी योनी की विरति चित होनीं रचि यही ।
सभी अच्छे सांई हमहिं भल नाहीं हांरे सुनों ।
गुनेंगारी भारी बकश हितकारी मम गुनों ॥२५॥
रसा रूठो रूठो अलख इक रूठो मत रहे ।
हमारी देखे ना विरुद[८] निज लेखे वठ[९] वहे ।

१—नाश करना । २—रोया । ३—भेद वाला । ४—घमंडी । ५—चन्द्रमा । ६—तेरी । ७—प्रार्थना करने वाला । ८—बड़ाई, खिताब । ९—वहाँ ।

तिहारे द्वारे पें पल पल पुकारे तन तचें[1] ।
विना तेरी घेरी मूरख मति मेरी नहिं बचें ॥२६॥

जरासो जाग्वूं[2] में हुषिक[3] नहिं राग्वूं जिय जरे ।
महा वैरी मेरो घमँड घन घेरो मन मरे ।
मिले हैं मोहादो विसम विशयादो विष विलें[4] ।
मिलें मो ज्ञांनादो विमल मति ध्यानादिक मिलें ॥२७

वधे भक्ती श्रद्धा भवत नर स्पर्धा धृति बधे ।
बशे वो जिज्ञासा अगम गम आसा वृत्ति बधें ।
अभ्यासो वेराग्य प्रनत[5] अनुराग्य वृति बधें ।
बधें धेर्य्या लम्भो[6] तव चरन लम्भी नूति बधें ॥२८॥

गुनालो गाऊं मैं पुनि न पिछताऊं पथ परूं ।
कुपथ्यादी काटूं धरम पथ थाटूं[7] गथ[8] धरूं ।
प्रतिज्ञा लेता हूँ पुरुष ब्रह्मवेत्ता श्रुत पगूं ।
भगा सक्तो वक्तो पिशुनछल व्यक्तो दुत भगूं ॥२९॥

किसी की हांनी मैं मनुज पन जांनीं नह करूं ।
प्रमानीं पांनी को धरम अभिमानो पद धरूं ।

१—दुर्बल होना । २—देखूं । ३—होसला । ४—नष्ट होना । ५—नम्रता । ६—आश्रय लेने वाली । ७—धारण करना । ८—गाथा ।

प्रभो माया शूरा विघन कर चूरा बस बनी।
भरोषा है पूरा दुलभ नहिं दूरा दृढ़ मनी ॥३०॥
बसे तूं रोमाली कवन थल खाली तुज बिना।
लखाँ से चोचाली कल कि बल शाली अज किना।
खइच्छा दिच्छा तें इतर नहिं इच्छा सद सुखी।
अभे दिच्छा[1] दीजे समुखमुख भीच्छा[2] उन मुखी
॥३१॥

समाधी साधू मैं अवर न अराधूं उर अरू।
नऊं नारें[3] लाँधूं[4] दसम निज द्वारे धुन धरूं।
प्रथा प्रज्ञा पागे मगन मन आगे पुनि पकी।
बिभू नाँ बीसारूँ टिकट जिम सारूं इकटकी ॥३२॥
सधे जात्री सीठी सुदिन हम मीठी धुनि सुनें।
गुनें स्टेशन् जातें इमहिं हम आतें गुन गुनें।
दुरेना[5] दे सुर्मी दहन षट ऊर्मी[6] दुसमनाँ।
रवीन्दू पारातें श्रवत सुभधारा सुख मनां ॥३३॥
महात्मा आत्मा ए परम परमात्मा हिल मिलें।
झिलें जीवोद्योती झगमगत ज्योती झिलमिलें।
मुनी ताके छाके सुख रु दुख थाके बल मही।
अपूर्वी आभा[7] वो लखत कृत पूर्वी फल लही ॥३४॥

१—दिशा। २—भीक्षा। ३—द्वार। ४—पार होना। ५—छीपना। ६—लहर। ७—कान्ति।

चहूँ नाष्टां सिद्धी निलज नव निद्धी नह चहूँ।
कहूँनाँ रिद्धीकी विविध बल बुद्धी नह कहूँ।
बिड़ोजा[1] खोजा सो नहिंन हम बाझा सह सकें।
सम्म्राटा[2] माटी सी विषम दुख घाटी कह बकें ॥३५॥
लगे ना कौशैया मलिन शुभ शैया मन लगें।
पटींरा[3] पारादी नहिंन चित चोरादिक पग।
नहीं मोती माला नहिन छक[4] हाला[5] सुचि[6] नहीं।
नहीं नारी प्यारी वचन छिन्दगारी रुचि नहीं ॥३६॥
त्रिवर्गा नाँ स्वर्गा नहिन अपवर्गा[7] दिक तकें।
न नर्का धर्काती दुगत नहिं छाती धक धके।
मरे सो जन्में हैं जगतगत जन्में फिर मरें।
तुझे नाँहिं जांनें तें मरन भय मानें डर डरें ॥३७॥
महा मौका आया मनुज तन पाया बुध मिली।
हरी तोरी ओरी हुलस हिय मोरी सुधहिली।
हितो पाशी आशी दरस अभिलासी हिय हर्‌यो।
परूंनां पासी में अलख अविनासी लख पर्‌यो ॥३८॥
हमें भौ तनों है नहिंन कछु कनों हित कहें।
चिदानन्दी चन्नों[8] मरन पुल शन्नों[9] चित चहें।

१—इन्द्र। २—चक्रवर्त्ती की। ३—रेशम। ४—चन्दन। ५—ऊँची। ६—दशा। ७—पवित्र। ८—मोक्ष आदि। ९—चरण। १०—शरण।

तिहारी सृष्टी पें अमिय कर वृष्टी तन तजूं ।
कुदृष्टी दिष्टी को भसम कर इष्टी हरि भजूं ॥३९॥

नमो शान्ताकारी अमर अघहारी हरि नमो ।
नमो क्षान्ताकारी अजर जर हारी जरि नमो ।
नमो दन्तापाती[1] धरम धुर जाती धव नमो ।
नमो ध्वान्तारातो दलद दुखघाती तव नमो ॥४०॥

नमामी सर्वेसा विलख लयशेषाक्षर नमो ।
नमो सर्वज्ञात्मा परम परमात्मा वर नमो ।
नमो सृष्टा त्वष्टा अगम ऊतऋष्टा अह नमो ।
नमो श्रेष्टी जेष्टो मुदित परमेष्टो मह नमो ॥४१॥

नमो अग्राह्यारू श्रवन पुट सारू सत नमो ।
नमो लोकाध्यक्षाभृत[2] विजय लक्ष्या पत नमो ।
नमो विश्वाधारी अनल अघहारी विभु नमो ।
नमो भूभूर्वः स्वः प्रवन सुत विस्वम्भर नमो ॥४२॥

निराकारो कावे कहत नहिं आवे तन नमो ।
निराधारो धारो जपत जस गावे जन नमो ।
नमो भेवाभेवा[3] शरन भव देवा मुनि नमो ।
नवो गर्वाहारी नृगुन गुनधारी गुनि नमो ॥४३॥

१—बलशाली, दाँत तोड़ने वाला । २—नौकर । ३—भेदाभेद ।

प्रभू आज्ञा दीनीं ग्रहन कर लीनी स्तुति पढी।
विषे शान्ती शान्ती कव उंमर शान्ती हिये बढी।
नभेसोती जागी लगन धुन लागी जक नहीं।
स्वयंभू ध्याऊं मैं परमपद पाऊं शक नहीं ॥४४॥

भजन की महिमा

(मधुभारवृत्तमिदम्)

अथ ओमकार, अक्षर उचार।
निस दिवस नाम, रट राम राम ॥१॥
द्वै सुलभदीप, श्रद्धा समीप
रुचि ह्वेसु राख, दुहुँ दिव्य दाख[1] ॥२॥
मम इष्ट मिष्ट, आदर अभिष्ट।
महिमा मनोग्य,[2] जप जपन जोग्य ॥३॥
माधुर्य्य मेह, आसार एह।
सद्गुरु समांन, जीवन जहान ॥४॥
चित प्रथम चेत, उल्लू अचेत।
यह तन अयांन.[3] न स्थिर निदांन ॥५॥

१—कहना। २—सुन्दर। ३—अज्ञान।

बचिहे न वीर, तरु सिन्धु तीर।
इक दिवस यार, है गिरनहार ॥६॥
उड विहँग इच्छ, विश्राम वृच्छ[१]।
जिहँ छांह जीव, सुख है सदीव ॥७॥
तहँ नहिं तमांम, घन सीत घांम।
फल फूल फार,[२] अध्वग[३] उदार ॥८॥
नहिं पहुँच नीच, मार्ज्जारि[४] मींच[५]।
सावजन शंक, निद्रानिशंक ॥९॥
मन मान मोर, छल छन्द छोर।
प्रभु परस पाय, अन्तिम उपाय ॥१०॥
मांनापमान, सुख दुख समान।
मदमोह मेट, भगवन्त भेट ॥११॥
इल[६] है न आंन, सदगति सुथांन।
गुन गर्व गेर, हृदयान्तर हेर ॥१२॥
तब तत्व तीन, अन्तर अधीन।
भवत्याग भोग, जब जुरहिं जोग॥१३॥
चुप चतुर पाय, स्मरण सम्हाय।
लय लीन लच्छ, परिचय प्रतच्छ[७] ॥१४॥

१—वृक्ष। २— बहुत। ३—यात्री। ४—बिल्ली। ५—मौत। ६—पृथ्वी। ७—प्रत्यक्ष।

अतिशय अगाध, ईश्वर अराध।
सत सिंवर[1]-सद्य, अपवर्ग अद्य ॥१५॥
मन्तव्य मान, गन्तव्य ग्यांन।
वेदक विधांन, धर धेय ध्यांन ॥१६॥
सुन जाग सूर, चन्द्राक चूर।
सुख मन संचार, अम्मृत अपार ॥१७॥
निरझर निहार, त्रपुटी नितार।
निश्तेय नीर, सुधकर सरीर ॥१८॥
संयम सहाय, अल अन्तराय।
परहरहु पीर, तुरीयाब्धि तीर ॥१९॥
त्रहुँ ताप तोर, घन नाद घोर।
आश्चर्य एह, दुंधवि[2] विदेह ॥२०॥
सम दमन साद्य[3] सहजै समाद्य।
दस द्वार देख, आगे अलेख ॥२१॥
शाश्वत स्वरूप, अवगन[4] अनूप।
भुव गगन भूरि, सब साक्षि सूरि[5] ॥२२॥
मरियाद मित्र, पावन पवित्र।
धन्यास्ति धन्य, गुरु अग्रगन्य ॥२३॥

१—स्मरण करना। २—हटा कर। ३—साधने योग्य। ४—जानना। ५—पंडित।

सर्वज्ञ शेष, आवृति अशेष।
सब शक्तिमान, पूरन प्रधान ॥२४॥
अह अद्वितीय, पद पूजनीय।
उत्साह अर्घ,[१] मिलनो महर्घ[२] ॥२५॥
आभोग[३] ऊर्ध,[४] मग जगत मूर्ध[५]।
साधन समग्र, अखिलेस अग्र ॥२६॥
शिव शक्ति सीम, अनुभव असीम।
सिद्धान्त सार, नित निराकार ॥२७॥
ब्रह्माण्ड व्यास, परधी[६] प्रकास।
अति व्याप एस, व्यापक विशेष ॥२८॥
बैराट वृद्ध, सानन्द सिद्ध।
घट बढ़न घाट, नूतन निराट[७] ॥२९॥
अद्भुत अमंद, सोभासमंद।
श्रुति सकल सार, बर्जित विकार॥३०॥
अज अमर ईश, सब लोकशीस।
शुभ शान्त शुद्ध, पालक प्रबुद्ध ॥३१॥
चर अचर चिन्त, निश्चल निचिन्त।
नहिं आदि अन्त, अगहर[८] अनन्त॥३२॥

१—पूजा। २—महँगा। ३—भोगना। ४—ऊंचा। ५—मस्तक। ६—चारों तरफ़। ७—अत्यन्त। ८—पाप हरने वाला।

ऊरध अकास, पाताल पास ।
सब ठोर सिद्ध, परिकर प्रसिद्ध ॥३३॥
वैरागवृद्धि, सुख बल समृद्धि ।
निरभय निसान, निरधन निधान ॥३४॥
देवादिदेव, सुर असुर सैव ।
राजाधिराज, सविता समाज ॥३५॥
परिपूर्ण प्रेम, निज न्याय नेम ।
विज्ञान विज्ञ, पूर्णप्रतिज्ञ ॥३६॥
गंभीर ज्ञान, विस्मय विज्ञान ।
उद्योग आस्य, एको उपास्य ॥३७॥
सामर्थ्य श्रेष्ठ, जग सकल जेष्ठ ।
आ उदय अस्त, शिक्षक समस्त ॥३८॥
मेधा महन्त, दीपत दिगन्त ।
आदान ओघ, अक्षय अमोघ ॥३९॥
धन धेनु धान्य, वंटक वदान्य ।
जाहर जहान, मोदी[1] महान ॥४०॥
निर्द्वंद[2] नाथ, आश्रम अनाथ ।
वह अष्टोवार, प्रलयान्त पार ॥४१॥
विश्रांमव्यूढ, गोतीत[3] गूढ ।
निरगुण निरीह, आधार ईह ॥४२॥

१—चीज़ वस्तु रखने वाला, रसत देने वाला । २—सुख दुख रहित । ३—इन्द्रियों से परे ।

सूक्ष्म सरीर, व्याकृति[1] बहोर[2] ।
झीनातिझीन[3] चित विदित चीन ॥४३॥
पद परम पून्य संकल्प सून्य ।
निरबांण[4] नित्य अन्तर अनित्य ॥४४॥
मनबुध अमान[5] पहुँचे न प्रान ।
बाचक न बाच्य,[6] वह पद अवाच्य ॥४५॥
चहुँधां[7] चरित्र वैष्णवे विचित्र ।
त्रैलोक तत्र, वह मिलत अत्र ॥४६॥
परिब्रह्म पूर्ण, तत मग्न तूर्ण[8] ।
परमात्म प्राप्त, वह पुरुष आप्त[9] ॥४७॥
नम दयानन्द आनन्दकन्द ।
उपदेस एस, दीनों दिनेस ॥४८॥
गो तिमर गच्छ, सूझंत स्वच्छ ।
दरसन दयाल, कृपया कृपाल ॥४९॥
स्वांमी सचेत, अति गुन उपेत[10] ।
सेवक बिसार, सो लीन सार ॥५०॥

१—विकार । २—बाहर । ३—बारिक से बारिक अर्थात् अत्यन्त बारिक । ४—मोक्ष । ५—प्रमाण रहित । ६—कहने के योग्य । ७—चारों प्रकार से । ८—जल्दी । ९—बड़ा । १०—युक्त ।

मम अमिय मूरि,[1] द्रगतैं न दूरि।
आत्मिक अधार, पाहुँन[2] पधार ॥५१॥
बांवनि विधेय[3] सोपान[4] श्रेय।
संपूर्ण साच, ऊमरो बाच ॥५२॥

चेतावनी

(राग आसावरी)

समज मन आयू बीत गई सारी।
तें करी न भली तिहारी ॥समज०॥टेर॥
बालपणों हंस खेल बितायो,
गाफल चाल गिंवारी।
तरुन भयो तरुनी संगत तू
अन्धाधुन्ध अपारी ॥समज०॥१॥
रात दिवश होवे मन राजी,
निरख पराई नारी।
पढ़न पढ़ावन मोसर[5] पायो,
चूक गयो विभचारी ॥समज०॥२॥
उद्यम छोड़ रह्या अन उद्यम,
आठूंहीं पहर अनारी।

१—जड़। २—मेहमान। ३—करना। ४—सीढ़ी, जीने, पंगतिया। ५—अवसर, मौका।

रोटी रोटी करतो रोवे,
मूढ़ महा झकमारी ॥समज०॥३॥
चन्द बदन गुनखांन चतुर चित्त,
पर हर अपनी प्यारी ।
वेश्या संग मोल विन बालम,[१]
बिकगो बड़ो बिकारी ॥समज०॥४॥
सत्य पुरुष की सीख श्रवण सुन,
लपलप[२] लपत[३], लवारी[४] ।
काम क्रोध के कन्द[५] छेक कर,
धृती क्षमा नहीं धारी ॥समज०॥५॥
और की ऐब उघारन आतुर,
अपनी और अगारी ।
अपनी ऐब आप के अन्तत,
निलज कबू ना निहारी ॥समज०॥६॥
सुन सुन के डारी सारी सुन,
पागल लाख प्रकारी ।
ऊमरदांन विचार बिनां अब,
कछुह न लागे कारी[६] ॥ समज०॥७॥

१—बल्लभ, प्यारा । २—बिना विचारे बार बार कहना । ३—कहना । ४—वाचाल । ५—मूल । ६—उपाय, पैबन्द ।

विलाप बावनी

(छंद नाराच)

अहावमान आ अरी धरी न कानपै धनां[1] ।
महा अरी घरी घरी मनां करी करी मनां ॥
यथा अयोग्य योग्यकी बह्यो[2] उबाट[3] तू वृथा ।
री जथा तथा कही न आजलूं कथा ॥१॥
कह्यो स्वकूच[4] प्राचि[5] कों प्रतीचि[6] पंथ तू परयो ।
अवाचि[7] जान आदर्‌यो[8] उदीचि[9] कों अनादर्‌यो[10] ॥
कुचाग्र[11] चित्र पत्र पेषि अत्र अैनटैं करी ।
कुमाग्र तीव्र बुद्धिकों समग्र व्यग्र[12] तैं करी ॥२॥
बिनिंदिनीय[13] बाम[14] आमनाम[15] तैं नट्यो नहीं ।
कर्‌यो निकाम काम हा हरामतैं हट्यो नहीं ॥
धिकार हैं हजार बार सार तार में धर्‌यो ।
अनूप रूप अच्छतैं[16] प्रतच्छ[17] कूपमें पर्‌यो ॥३॥
ननाक नाक राख नें कजाक नाक नाँ नट्यो ।
मनाक[18] सौख्यछाक[19] में मना अलांक[20] व्है अट्यो[21] ॥

१—ध्वनि । २—चला । ३—कुमार्ग । ४—अपना चलना । ५—पूर्व दिशा । ६—पश्चिम । ७—दक्षिण । ८—ग्रहण किया । ९—उत्तर । १०—छोड़ा । ११—स्त्री के स्तनों का अगला हिस्सा । १२—तल्लीन । १३—बुरी । १४—स्त्री । १५—योनी से अर्थ है । १६—आँखों से । १७—दीखते हुये । १८—थोड़ा । १९—आराम का नशा । २०—फिजूल । २१—घूमा ।

धुनाय धूलि अर्कधां[1] कुमर्क में धसाकर्‌यो ।
कुतर्क[2] गर्क चर्ककों अलर्कलों[3] भुसा कर्‌यो ॥४॥
हरोल[4] गोल वृद्ध चंदोल लोल फोज हाकली[5] ।
करी न जै निकृष्ट धृष्ट काल-पृष्ट धाकली[6] ॥
कुकज्ज[7] लज्जतों[8] कर्‌यो अनज्जबंस[9] अज्जकों[10] ।
लुलाय लज्ज भीत भज्ज[11] लज्जनां निलज्जकूं ॥५॥
विवर्ण वर्ण स्तंबतर्ण लंबकर्ण वृद्ध बिलै ।
मही[12] न धर्न[13] चर्न मर्न[14] उत्तमर्न के मिलै ॥
गर्‌यो रर्‌यो न ग्यानको गदा विज्ञान[15] की गमी ।
श्रुतो[16] परी करी सदा श्रुती[17] जनश्रुती[18] समी॥६॥
अजस्र अस्र घस्र[19] घस्र बिश्र[20] पोवतो बह्यो ।
रिजू[21] दलील पोलकै[22] जलील[23] जीवतो रह्यो ॥
बिषाद[24] व्यर्थ वाद[25] कें प्रमादमें पर्‌यो रह्यो ।
धर्‌यो न ध्यान धेय गेय ग्यांन तैं गर्‌यो रह्यो ॥७॥

१—आक के वृक्ष जैसे । २—खोटी दलील । ३—कुत्ते की तरह । ४—सेना के आगे का भाग, अगाड़ी, मुहाना । ५—चलाई । ६—ठोंकी, पुष्ट की । ७—कुकर्म । ८—लज्जित । ९—अनार्य वश । १०—आर्य वंश को । ११—निडर । १२—भूमि । १३—धरने वाला । १४—मरने वाला । १५—प्रत्यक्ष ज्ञान, वर्त्ताव में लाया हुआ ज्ञान । १६—कानों में । १७—वेद । १८—कहावत, ओखाणा । १९—दिन । २०—विष । २१—रूबरू, सही । २२—दबा करके । २३—नीच । २४—शोक । २५—विवाद ।

विदेह[1] देहमें सनेह मेह नां वुठा[2] करैं ।
अजूं प्ररोह मोह द्रोह कोह[3] के उठा करैं ॥
जुझार[4] जोति जारपै जगी नही जुहार की ।
प्रहार स्वर्णकारपै लगी नही लुहार की ॥८॥
सगर्व न्याय सासनां[5] उपासनां न आँन की ।
अखर्व[6] आस पर्वपर्व[7] सर्व सक्तिमान की ॥
उमंग अंगमें उठैं सुचंग[8] सत्य संगतैं ।
प्रलापमान[9] अंग नीच कीचके प्रसंगतैं ॥९॥
करी बुरी सु पायली अबै बुरी करूं नहीं ।
कृपाल की कृपालता स कालतैं डरूं नहीं ॥
दयाल दीनबंधु दान में निदान दीजिये ।
अयोग हूँ कुयोग में यथा नियोग कीजिये ॥१०॥
भवाब्धिनाथ भावना बिभू नहीं बिकारसी ।
मदीय[10] में न मूढता त्वदीय है न तारसी ॥
निरापराध लोकपै कदापि कोपते नहीं ।
कृपाल लोक लोक ठीक लीक लोक लोपते नहीं ॥११॥
सदीव सत्य सावधाँन सावधाँन की सुनूं ।
गुमाँन ग्याँन गर्हणाँ[11] असावधाँन की गुनूं[12]॥

१—परमहंस । २—बरसना । ३—क्रोध । ४—वीर । ५—हुकूमत, शासन करना । ६—बहुत । ७—हर मौके पर । ८—सुन्दर । ९—बकना । १०—मेरा । ११—फटकार । १२—समझूं ।

अयाँनतैं[1] अमित्रता बिचित्रता बिचित्रकी।
महान मित्र मित्रता पवित्रतैं पवित्र की ॥१२॥
अयोगको सुयोगता दई प्रयोग दो नहीं।
लबार के पुकारकी लगारसी[2] रलो[3] नहीं॥
भलै भलो बुरै धुरो ललोपती लजो नहीं।
प्रभू उचार प्रेम पेख नेमको तजो नहीं॥१३॥
यती सुसील डील में न तुष्णि[4] सील योग में।
अयोग्य जाप आपको जपों जदी अयोग में॥
नरेन्द्रके सुरेन्द्रके धराधरेन्द्रके धृतू।
अकारनींक[5] आप नांहि कारनीक हौ कृतू॥१४॥
गुनीन में गिनैं गुनी गिरा न सो गुनाढ्यमें।
धनीनमें चुनैं धनीं धरा न सो धनाढ्य में॥
मनीषि[6] गोन[7] मान है न होनहार हानकी।
जहाँ न कोन जान हैं कृपा कृपानिधाँनकी॥१५॥
दसा बिसम्य[8] संम्यहा अगम्य[9] गम्य[10] है नहीं।
रसा परम्य रम्य रम्य हा हरम्य है नहीं॥
गवाक्ष[11] तैं मृगाक्ष[12] की कटाक्षतैं निगै नहीं।
थिराभ चंद्रसाल चंद्रसालपै थिगै नहीं॥१६॥

१—अनजान से। २—थोड़ी। ३—मिलना। ४—शान्त। ५—बिना कारण। ६—बुद्धिमान, पंडित, मुंशी। ७—गौण। ८—उल्टा। ९—कठिन। १०—सहज। ११—झरोखा, गोखड़ा। १२—मृगानयनी।

मयाल[1] मंडपाल[2] मेघमाल मोहनीं नहीं।
हिलंब से प्रलंब थंभ बिंब[3] सोहनी नहीं॥
मरोख्व सात गोख्वतैं झरोख्व झांकनीं नहीं।
निकूप चोक चांदनी निमोकनां खनी नहीं॥१७॥

छटा बिसाल सालतैं छबी घटा छपै नहीं।
दिवालपै सुवाल[4] दीपमालसी दिपै नहीं॥
घुमंड मेघकी घटा यहाँ अटालिका नहीं।
कहाँ भुजाल भालमें कपोत पालिका नहीं॥१८॥

कटो[5] सु छीन केहरी[6] प्रवीन पायका[7] नहीं।
बिनीत बानि बीनसी नवीन नायका नहीं॥
सुचैन दैन सैन स्वीय रैन में कटै नहीं।
अपांग लोल गोलती इलोलनें उटै नहीं॥१९॥

उचाट[8] काटनो निराट[9] पा[10] ओढ़नी नहीं।
बिलोक[11] बंक[12] लंक[13] दे पलंक पोढ़नी[14] नहीं॥
जुरैं समीप दीपसी प्रदीप जोवनी[15] नहीं।
मयंक[16] हास्य अंक[17] में निसंक सोवनी नहीं॥२०॥

१—दयालु। २—राजा, इन्द्र। ३—सूरत। ४—सुन्दर स्त्री। ५—कमल। ६—सिंह। ७—दासी। ८—उदासी। ९—बिलकुल। १०—रेशम। ११—देखना। १२—बांकी। १३—कमर। १४—लेटने वाली। १५—देखने की। १६—चन्द्रमा। १७—गोद।

सदा प्रियासु प्रीति रीति गीत सारनी[१] नहीं।
निसास-रोज[२] आननी[३] उरोज[४] धारनी नहीं॥
कृसोदरीय[५] कामिनी बिभा[६] वयोधरी नहीं[७]।
... ... ॥२१॥

स्वतन्त्र नृत्यशाल में नितम्बिनीं[८] नचैं नहीं।
सुहागिनी स्वराग राग रागनी रचैं नहीं॥
तथुंग थुंग तत्थ थेइ ताल साजती नहीं।
वधू उमंग संगमें मृदंग बाजती नहीं॥२२॥

सुरंग रंगभोमि में तरंग है न ताँनकी।
ढमंक ढोलकी न त्यूँ घमंक[९] घुग्घराँनकी॥
छमंक बिच्छवाँन की दमंक[१०] ना दरीन की।
झमंक[११] जेहराँनकी चमंक नाँ चुरीनकी॥२३॥

महा उचूल[१२] मूलके दुकूल[१३] देहमें नहीं।
कहीं सुगंध कंध बीचि गंध गेह में नहीं॥
धिमिद्ध मिद्ध ऊध्वनी न सिंजनी सुनीं नहीं।
न अध्वनी न दीन दीन आश्रई कुनी नहीं॥२४॥

सुकाब सीत भीत में निसीथ[१४] धूजतो[१५] सही।
निकाय[१६] हाय धाय में उपाय सूझती नहीं॥

१—गाने वाली। २—लम्बी श्वास से रोना। ३—मुँह वाली। ४—स्तन। ५—पतले पेट वाली। ६—शोभा। ७—अधिक उम्र की। ८—जोबन भरी छाती वाली। ९—आवाज। १०—चमक। ११—झनकार। १२—ऊँचे। १३—रेशमी कपड़े। १४—रात। १५—काँपना। १६—झुण्ड।

निदाघ[1] में निदाघदेह बाग आगमें नहीं।
नखानुराग[2] त्याग ह्वै तडाग[3] भागमें नहीं ॥२५॥
परै मरीचि[4] मांहपै[5] न छांह आतपत्र[6] की।
कृमैं न बायु अत्र तालपत्र[7] तैं कलत्र[8] की ॥
धरे निसान ध्वान आन कानमें घुरै नहीं।
न मुच्छ स्वेतरोम गुच्छ सीसपै ढरैं नहीं ॥२६॥
नरेस देसदेस के निदेस मानते नहीं ।
थिरान थानथानके जबान जानते नहीं ॥
धरा अमात्य[9] व्रात्य[10] माक-माक माधरैं नहीं।
करोर हा भृतादि आ खमाँग्वमाँ[11] करैं नहीं ॥२७॥
सुधार सस्त्र अस्त्रके जुधार[12] जागते नहीं ।
लखों विहान[13] सानपै झंझाँन[14] लागते नहीं ॥
कमाँन वाँन ताँनके निसाँन बेधते नहीं ।
रसा उजास अेधते नसा निसेधते[15] नहीं ॥२८॥
भुसंडि तोप भूपके सुलच्छ साधते नहीं ।
बिनीत नीतवान जे अनीत बाधते नहीं ॥
महा समूह मूँह देखि मूँह मोरते नहीं।

१—गर्मी। २—महेंदी। ३—तालाव। ४—सूरज की किरणें। ५—मुख पर। ६—छत्र। ७—पंखा। ८—स्त्री। ९—दीवान, मंत्री। १०—सैनिक, फौजी। ११—जय जयकार। १२—योद्धा। १३—सुबह। १४—बाजा। १५—मना करते।

उछाह चाह आहवी[1] दुबाह दोरते नहीं ॥२९॥
स्वइच्छ सिच्छ[2] सूर वे अनिच्छ ऊंघते नहीं ।
मरैं न ते कुमोतितैं सुमोति सूंघते नहीं ॥
खलान्त क्रान्त व्है खपा[3] दुदांत[4] खेरते[5] नहीं।
सुगिद्धनी[6] धपा धपा बपा[7] बखेरते नहीं ॥३०॥
नकार धबधबपै नकीब[8] बोलते नहीं ।
खनंक खग्ग[9] बग्गतैं[10] सु अंख खोलते नहीं॥
पटादि खेल पेलकै सटा समालते नहीं ।
घुसैं गयंद[11]की घटा मयंद[12]मालते नहीं ॥३१॥
दिसा दिसा न मान तोप माननी दगै नहीं ।
अडोल चक्र नक्र मक्र आननी अगै नहीं ॥
दराज[13] देह दुर्हदान[14] राज दाहनी[15] नहीं ।
चहूँ चरित्र चित्रसी विचित्र बाहनीं[16]नहीं ॥३२॥
घने उतंग[17] अंगके मतंग[18] घूमते नहीं ।
चलंतसै विलोम लोम व्योम[19] चूमते नहीं ॥

१—योद्धा । २—शिक्षा । ३—नाश । ४—कड़े दांत, कठिनता से दमन करने योग्य । ५—गिराते । ६—पक्षी । ७—शरीर । ८—चोंबदार, छड़ीदार । ९—तलवार । १०—बजने पर । ११—हाथी । १२—सिंह, नाहर, शेर । १३—बड़ी । १४—दुश्मनों की । १५—जलाने वाली १६—सेना । १७—ऊँचे । १८—हाथी । १९—आकाश ।

झपेट देत झंडके ब्रह्मंड व्यापते नहीं।
छलंग देत छोनि[1] है मलंग मानते नहीं ॥३३॥

सतांग बांग बांग स्वांग मारथी सजै नहीं ।
महारथी न उत्तमांग[2] भार थी भजै नहीं ॥
महोग्व[3] मोख तंत्रितारगंत्रिका गुरैं नहीं ।
महांग अंध धुंध कंध दुंधुबो दुरैं नहीं ॥३४॥

विसाल चट्टसाल बीच वेदकी धुनी नहीं।
महाश्रमी गृहाश्रमी गिराश्रमी[4] गुनी नहीं ॥
धनाम मात्रके सुपात्र छात्र[5] धावते नहीं ।
अनाथ साथ हाथ आथ अन्न पावते नहीं ॥३५॥

स्वछंदकी अमंद[6] बुद्धि छंद छावते[7] नहीं ।
गुनी विहान गाथ ताँन गान गावते नहीं ॥
सुधा समाज ताजसे बुधा विराजते नहीं ।
सताभिधान[8] आढ्य[9] के सुकाव्य साजते नहीं ॥३६॥

विरुद्ध वेद वारता प्रबुद्ध पातरैं[10] नहीं ।

१—पृथ्वी। २—सिर। ३—बड़ी आंख वाला। ४—वक्ता, कवि। विद्यार्थी। ६—तेज । ७—रचना । ८—सौ बातों को एक साथ याद रखकर यथार्थ उत्तर देने वाला। ९—सुनने योग्य। १०—भूलना।

बिसुद्ध सुद्ध संघतैं असुद्ध आंतरै[1] नहीं ॥
प्रचंड पंडितान की वितंड[2] बंडली[3] नहीं ।
महा अबोध सोधनी सुबोध मंडली नहीं ॥३७॥

नये नये पदारथांन खांन खोजते नहीं ।
गुमाँन मेटनै गुनी प्रमान सोझते नहीं ॥
कतार[4] कारवांन[5] के अगार[6] आवती नहीं ।
प्रजा पुकार द्वारपै पगार[7] पावती नहीं ॥३८॥

अपंग पंग अंध जीमि बैठि जानते नहीं ।
महाजनीन हुंडि सेठ पैठि[8] मानते नहीं ॥
हजारहां दिसावरांन[9] नोट[10] हालते[11] नहीं ।
चहूं दिसा समुद्र बीच बोट[12] चालते नहीं ॥३९॥

विमान आसमान में निसानसे रहैं नहीं ।
वसुंधरा बियानसी[13] बगीलगी[14] बहैं नहीं ॥
छलंग बाछरू[15] घरू न उच्छरैं[16] चरैं चिरैं ।
फलंग भैचकी[17] थकी न नैचकी चकी फिरैं ।४०॥

१—दूर । २—फ़िजूल, बकवाद, विवाद । ३—दुष्ट पारटी। ४—लाइन, पंक्ति । ५—झुँड, काफला । ६—घर । ७—तनख्वाह, वेतन । ८—विश्वास । ९—देश देशान्तर । १०—करेन्सी नोट । ११—चलना । १२—जहाज । १३—आकाश के जैसे । १४—लगभग । १५—बछेड़ा । १६—उजलना । १७—डरीहुई ।

भ्रमैं न भिच्छु[1] भिच्छुकी मया न दान मानकी।
न ओषधी चिकत्स थान दोसधी[2] निदानकी॥
नितंबनेसबेस के बिनां बिदेस में नहीं।
दु कान के सिवाय हा दुकान देसमें नहीं॥४१॥

अरी न अप्रसन्न व्है प्रसन्न में बडो बिभो।
प्रसंसता प्रसंसनीय की प्रसंसता प्रभो॥
वसून बुद्धि वैतनी जमान पान है जमाँ।
घुमाय लट्ठ अट्ठ जाम हौं फिरौं घमाँ घमाँ[3]॥४२॥

सुखी नचिंत सोवनूं अचिंत चोर आगतैं।
अभाग ओट[4] उद्धरयों विभागकी बज्रागतैं॥
हिये हठी हमीर[5] सो अठी[6] अमीर अैनमें।
दया गंभीर देखिये घमीर[7] लैनदैनमें॥४३॥

१—भिच्छु। २—रोग परीक्षा। ३—जोर से पाँवों को पटकता हुआ। ४—बाढ़। ५—यह सुप्रसिद्ध गढ़ रणथंभोर (अब जयपुर राज्य में) का बड़ा प्रतापी राजा था जो अंतिम हिन्दू सम्राट पृथ्वीराज चौहान के छठे शधर जैत्रसिंह का पुत्र था। इस (हम्मीर चौहान) का हठ बड़ा प्रसिद्ध था। इसी से "तिरिया तेल हमीर हठ, चढ़े न दूजी बार" की कहावत प्रसिद्ध है। इसकी गद्दीनशीनी सं० १३३६ वि० में हुई। यह दिल्ली के बादशाह अलाउद्दीन खिलजी का समकालीन था और सं० १३५८ तक इसका राज्यकाल मिलता है। ६—ईधर। ७—छाती पीटना।

असर्मसोन धर्मपै कमान ग्लान मानपै।
पखो जमीन पै सु सांग टांग आसमानपै ॥
अहो अलभ्य[1] उद्धमें असभ्य सभ्य अन्यते।
सतंबदप्पबुद्ध पै मने न इक्क मन्यते ॥४४॥
महामुनी समानमें महान हानि मुक्तिमें।
अभोग रोग ना अरै जरैं न जोग जुक्तिमें ॥
दुराग्रही दटै नहीं यथागृही अखर्बतैं।
स्वनग्न मान सर्बदा सखा अलग्न[2] सर्बतैं ॥४५॥
अनंत आपहैं अनल्प[3] आदि अंत अल्पमें।
वृतान्त जल्पनू[4] वृथा तुलूं न कोटि कल्पमें ॥
हमेस क्लेस लेस नेस ही असेस नां नहीं।
निदेस[5] सेसनाथ[6] की बिसेस बासना नहीं ॥४६॥
अनालसी[7] न आलसी न नालसी निश्रेयको।
सुस्वामिभक्त स्वामिको सदानुगामि श्रेयको ॥
करैं यथा भरैं सही नहीं महेन्द्र नामकी।
कृपालकी कृपालता कपालसीन कामकी ॥४७॥
मन्यूंरसीसु मानली खरे प्रभू न खीजिये[8]।
अनंत रीझ रीजिये सहोजितो सहीजिये ॥

१—नहीं मिलने वाला। २—अलग। ३—बहुत। ४—कहना। ५—आज्ञा। ६—विष्णु। ७—उद्यमी। ८—गुस्से होना।

अनंत ओज आप में अनंत ओज दीजिये।
न तो कृपाल वेद वाक्यकों अवाकि[1] कीजिये ॥४८॥

अनंत बात अंतकी छिपी न अंतराय[2] की।
सहायहीन कों उपाय सूझती सहायकी॥
समाधियोग सावधी परावधी[3] पिछानलो।
महेसराज राजतैं महाधिराज मानलो॥४९॥

तथा अतीव नम्रता करी सु नम्र में तुझैं।
महाप्रयोग योगको महा उद्योग दे मुझैं॥
कवी प्रभाव कल्पना कुजल्पना[4] कलीयसी।
अनिच्छ[5] जीव अद्यतैं[6] हरीच्छ सो बलीयसी॥५०॥

कबै कलंक अंकतैं प्रसंकि पापतैं परैं।
कबैं कनंकसो भनंक रंक कानमें परैं॥
कबै सु गाथ माथ देहि घूमरैं सनाथकी।
अबैजु लाज नाथ हाथ ऊमरैं अनाथकी॥५१॥
सुखो वियोगसे मुखी दुखी भ्रमैं दिगंतमें।
सुखान्त कान्त ग्लौ सुखो दुखांततें सुखान्तमें॥

१—मिटाना। २—बाधा। ३—अतिम सीमा। ४—बकवाद। ५—इच्छा रहित। ६—शुरू से।

विभू रसाल के बिनां हिये बिसाल बावनीं।
विभू[1] विथा[2] विलाप की बनी बिलाप बावनीं। ५२॥

सन्तां री मांहेमां

(दरिया सा की महिमां–छन्द त्रोटक)

बस राह्मण[3] बास सुबास विभू,
प्रगटे दरिया[4] निज दास प्रभू।
भवतारन कारन नेंह भरी,
धुनिया[5] कुल में धिन देह धरी॥ १॥
सुखमां वरणूं सुखसागर की,
अपनी रुख भेख उजागर की।
चित चाह उछाह पथा चुनिये,
सब सन्त समाज कथा सुनिये॥ २॥

१—आत्मा। २—कष्ट।३—रैण नाम का गांव है।४—महात्मा दरियावजी—जोधपुर राज्य के परगने मेड़ते के गांव रैंण के मुसलमान पींजारे (धुनियां) थे। रामस्नेही साधु पेमदासजी के चेले होकर सं० १७६६ से हिन्दू बन कर राम राम जपने लगे। इनका जन्म सं० १७३३ वि० में व मृत्यु सं० १८१५ में हुई। इनकी गादी रेल्वे स्टेशन रैंण में है। (देखो मारवाड़ सेन्सस रिपोर्ट सन १८६१ ई० तीसरा हिस्सा पृष्ठ २८८)। ५—पींजरा (रुई पींजाने यानी साफ़ करने वाला)।

वय बाल विहाय[1] युवा वरणी,
कटिबद्ध भयो करनी करनी।
बिमनां[2] अनुराग बिराग वह्यो,
चितवृत्तिय जोग प्रयोग चह्यो ॥ ३ ॥
गुनवाँन कुराँन पुराँन गुनें,
श्रुतिवाँन श्रुती सब शास्त्र सुनें।
मत भेदन खेद खुबो मत की,
सत चूँप चुभी उपनीसत की ॥ ४ ॥
फटकार हलाहल तें फिरगो,
घन आनन्द अमृत घाँ[3] घिरगो।
मुसला[4] पर डार सिला[5] महती,
गुरु कारज आरज बंस गती ॥ ५ ॥
पुनि पुन्य उदै भए पूरब के,
उघरे उर अंक अपूरब के।
सुरता[6] बिकसी सरसायन[7] में,
परि प्रेम पयोनिधि पायन में ॥ ६ ॥
धिन पांन धुनी सिर पें धरिये,
कर जोर कह्यो अपनों करिये।

१—छोड़कर। २—वैराग्य। ३—बादल। ४—मुसलमान, यवन। ५—पत्थर। ६—बुद्धि। ७—भक्तिरस।

सत पेस कियो शिष सादर तें,
उपदेश दियो गुर आदर तें ॥ ७ ॥
परमापति सागति प्रेरक की,
हहराय थके मति हेरक की ।
अज एक अखंडित ईश्वर को,
जप जाप सखा जगदीश्वर को ॥ ८ ॥
नहिं ऊंच रु नीच जरा नर में,
किल ऊर्ध अधो गति है कर में ।
वद बाट[1] सुझावत हैं बिकटा,
नर पाट पुजावत हैं नकटा ॥ ९ ॥
चिर सार यही सब प्यार चहो,
उपकार बिनां नहिं पार अहो ।
तन तारहिगो[2] जुगती तिलहें[3],
मन मारहिगो सुगती मिलहें ॥ १० ॥
प्रभुदास कहाय रु हाय पिनें,
निगमागम की गम नांहि जिनें ।
अनखाय कमाय न अंगन तें,
मर जाय भलो जग मंगन तें ॥११॥
घट दीन दरिद्र घुमावत क्यूं,
पुरुषारथ हीन पुमावत[4] क्यूं ।

१—रास्ता । २—तारेगा । ३—तिल मात्र । ४—आत्म प्रशंसा करना ।

जन पें जन जा कर[1] जोरत क्यूं,
बस विप्र पति गृह बोरत[2] क्यूं ॥१२॥
धर बाहर धारन धावत क्यूं,
कुल क्षत्रिय चोर कहावत क्यूं।
बदलाह सलाह बधारत क्यूं,
पद ताह कुराह[3] पधारत क्यूं ॥१३॥
निर गर्व अखर्ब न भावन में,
कृत प्रस्तुत हस्त कमावन में।
सब धर्म जग्यो सुख सन्तन तें,
भव भर्म भग्यो मुख भाषन तें ॥१४॥
मन शूद्र समूद्र न सापत क्यूं,
थिर शूद्र उपद्रव थापत क्यूं।
गुरुदेव बिनां नहिं पार गती,
भव भेव बिनां फल फारगतां[4] ॥१५॥
लिपि लापर लेख लिखावन की,
दुनियां विधि देख दिखावन को।
परमातम को नहिं पावन को,
बक[5] वृत्तिय ब्रह्म बतावन को ॥१६॥

१—हाथ। २—डुबोना। ३—खोटा मार्ग। ४—फैसला। ५—बगुला।

पुनिं पारन पाठ पठावन में,
गुनज्ञांन न रागनि गावन में।
चित चैन न बंट चलावन में,
हित है नहिं घंट हिलावन में ॥१७॥

धुन धुर्तन में बुत धारन की,
मन मुर्तिन में सिर मारन की।
चित चेत बहे जड़ हेत चहे,
रस हीन यथारथ दीन रहे ॥१८॥

उर संखन को टुर आवन की,
विबुधालय[1] संख बजावन की।
घनघोर नगारन घोरन की,
ठनकार टकोरन ठोरन की ॥१९॥

तिलकाक्रति गारन तोरन की,
किल कंठिय काठ कठोरन की।
डफ डूंम[2] डफोलन[3] को रचि हें,
सुर[4] बुद्धि सदा बिनतें बचि हें ॥२०॥

१—मंदिर। २—ढोली, नक्कारची जो अपने को बैकुण्ठ के गंधर्व की सन्तान बताते हैं। जयपुर राज्य में यह "राणा" और मेवाड़ में "बारहठ" कहलाते हैं। (मारवाड़ सेन्सस रिपोर्ट १८९१ ई० भाग तीसरा)। ३—मूर्ख, गंवार। ४—देवता।

इतने अपलच्छ असन्तन के,
सुनिये अब लच्छन सन्तन के।
प्रणमू एक आधपढे अपढे,
चित में मम उत्तम साध चढे ॥२१॥
सनक[१] आदिक व्यास[२] वशिष्ठ[३] सखा,
लछतां जन लेख अलेख लखा।
बहु पूत सपूत वधू तन में,
अद भूत छटा अबधूतन में ॥२२॥
पर पीर विदीरन पीर प्रपा,[४]
तुलसी[५] तसबीर कबीर[६] कृपा।

१—एक ऋषि जा ब्रह्मा के एक पुत्र कहे जाते हैं। २—इन्होंने वेदों का विभाग किया था। लोग इन्हें पुराणों का कर्त्ता कहते हैं, परन्तु पुराण एक समय नहीं बने हैं। वे भिन्न-भिन्न लेखकों द्वारा भिन्न-भिन्न समय में रचे गये हैं। शायद व्यास नाम धारी भिन्न-भिन्न लेखक हों। ३—यह मर्यादा पुरुषोत्तम रामचन्द्र जी के गुरु थे। पुराणों में इस ऋषि को वेश्या का पुत्र लिखा है। इनके ज्येष्ठ पुत्र का बेटा पराशर था। ४—प्याऊ। ५—इनका जन्म यमुना के किनारे राजापुर गाँव में सरयूपारी ब्राह्मण कुल में सं० १५८६ वि० में हुआ और देहान्त सं० १६८० में काशी में हुआ। इनकी बनाई रामायण बड़ी प्रसिद्ध है। ६—ये काशी के मुसलमान जुलाहे थे जो १५वीं शताब्दी के उत्तरकाल में हुए हैं। इनके गुरु रामानन्द जी, स्वामी रामानुजाचार्य के शिष्य थे। कबीर का कहना था कि ईश्वर और अल्लाह में कोई भेद नहीं है

सुधि नांनक[1] बांनक[2] सी सरसी,
दुति[3] दादुदयाल समी दरसी ॥२३॥
गुरु न्याय विधायक गोतम[4] से,
पुन पाय प्रभा पुरसोत्तम से।
अडिगासन आस अहेस्वर से,
मद नाद अमद्य महेश्वर से ॥२४॥
हर रांम रु रांम गिनों हर से,
जगमें गुरु जेमल[5] में दरसे।

और जात-पांत का ढोंग फ़िजूल है। ये मूर्त्ति-पूजा के विरोधी थे और इनका देहांत सं० १५७५ मंगसर सुदि ११ का बताया जाता है। ये दिल्ली के बादशाह सिकन्दर लोदी (सं० १५४६-१५७४ वि०) के समय विद्यमान थे।

१—इनका जन्म सं० १५२६ को कार्तिक सुदि १५ शुक्रवार (ता० २०-१०-१४६६ ई०) को पंजाब में तलबन्दी नामक गाँव में खत्री कुल में हुआ। इनके पिता का नाम कालू था। ४० वर्ष की आयु में शिष्यों के गुरु होकर सिक्ख धर्म के जन्मदाता बने। इनके और कबीर के उपदेश मिलते जुलते हैं। जातपांत के भेद को ये भी व्यर्थ समझते थे। इनके बनाये ग्रंथ का नाम "ग्रन्थ साहिब" है। इनके अनुयायी "सिक्ख" और साधु "उदासी" कहे जाते हैं। गुरु नानक देव का देहांत सं० १५९६ आश्विन वदि १० रविवार (ता० ७-९-१५३९ ई०) को हुआ। २—ठाठ। ३—कान्ति, प्रकाश। ४—न्यायदर्शन के कर्ता थे, इस ग्रंथ में तर्कशास्त्र का प्रतिपादन है। ५—इनका गृहस्थ का नाम जेतराम था। सं० १७६० वि० में यह साधु हुए और सं० १८१० वि० में परलोक सिधारे।

सुपनें मनसा नहिं स्वारथकी,
प्रभु प्रारथनां परमारथकी ॥२५॥
कबहु दरियाव कृपा करहैं,
तब ही भवसागर तें तरहैं ।
तन धारन कारन हौं तरसौं,
प्रभु प्यारन के पदकौं परसौं ॥२६॥
अब नेम लगे इन आतमसौं,
तव प्रेम पगे परमातमसौं ।
हरि के जन हैं अरु होवेहिंगे,
ढब[1] पाय धरा दुख धोवेहिंगे ॥२७॥
चिर चीज जरा जननी न जनें,
निरबीज धरा कबहू न बनें ।
अजहां जु प्रबन्ध कबन्ध[2] अरे,
धर्म धारिन को धुर कन्ध धरे ॥२८॥
सब भेख अभेख सुधार करे
अपनीं अरु और उधार करे ।
अपकार उजार गुजार करे,
कृपया उपकार अपार करे ॥२९॥

१—मौका, अवसर । २—सिर कट जाने के बाद भी कबंध (धड़) से शत्रु से लड़ने वाला ।

सहु नासत सीवन[१] सोध करे,
बहु आसत[२] जीवन बोध करे।
दिल साफ रखे निज दोख दहे,
चित में नित होव न मोख[३] चहे ॥३०॥
रसनामृत सार सु सत्य रटे,
कलि काल कराल कुचाल कटे।
थिर ह्वै हिन वंचित धाम थटे,[४]
अन इच्छत गांम हिं गांम अटे[५] ॥३१॥
निज रोस रु ध्वेस[६] से काम नहीं,
उर[७] हांम[८] आरांम हरांम नहीं ॥
गरबे[९] स्तुति निन्द समांन गिनें,
हरवे[१०] न बनें नहिं विन्द[११] हनें ॥३२॥
गति ज्ञांन विज्ञांन गुनागर बहे,
सत्य ध्यान विधान सुसागर बहे।
बसु[१२] आस निरास सुवास वसे,
लख खास विनास उदास लसे[१३] ॥३३॥
तन अञ्जन मञ्जन बास तजे,
भय भञ्जन स्वास उसास भजे।

१—मर्यादा। २—आस्तिक। ३—मोक्ष। ४—स्थापित करना। ५—घूमते हैं। ६—द्वेष। ७—हृदय। ८—स्त्री का विलास। ९—गम्भीर। १०—हल्का, नीच। ११—वीर्य। १२—धन। १३—शोभित।

दृग देख दया उपदेस दिए,
निर बाह बिसेसन सेस लिये ॥३४॥
थित[1] दाहन[2] मेलन[3] थेलिय को,
चेत चाहन चेलन चेलिय को।
लुब[4] लायन[5] पाय[6] पुजाबन की,
सुभ राय सुन्याय सुभावन की ॥३५॥
बन बिन्दन गायन बच्छि वहे,
उनके सुन निन्द सु अच्छि बहे।
तपु ताप तपेरु अतिन्द्रिय ह्वै,
जपु जाप जपेरु जितिन्द्रिय ह्वै ॥३६॥
किल कंचन कांमनिं त्याग करे,
धन संच प्रपंच न रंच धरे।
तज खाद फिरे महि[7] तारन कां,
निरखे नहिं नेंनन नारन कौं ॥३७॥
महि मित्र अमित्र मरे मरनीं,
धर पाव पवित्र करे धरनीं।
बिरदाय[8] बड़े सतियां वरनो,
कहि जाय नहीं जिनको करनीं ॥३८॥

१—स्थिर। २—गहरी इच्छा। ३—इकट्ठा करना। ४—लोभ। ५—हृदय की आग। ६—पाँव। ७—पृथ्वी। ८—रीझां कर।

सुरनायक[1] सेव्य समृद्धि वहे ।
बल वायक[2] तें बज वृद्धि वहे ।
नव नेंनन में नव निद्धि वहे,
सब हाजर रिद्धिय सिद्धि वहे ॥३६॥
बुध व्याधिय आधि उपाधिय में,
सुध लाधिय[3] सुन्य समाधिय में ।
निरभै तन रोग वियोग नहीं,
सुपनें मन संसय सोग नहीं ॥४०॥
करुना कर आकर कीरत के,
धर्म चाकर ठाकर धीरत के ।
जक नाद रु बिन्द धरे जब वे,
बकवाद रु निन्द करें कब वे ॥४१॥
बपु[4] वार विचारन व्हे वस में,
दिलदार सु द्वार वसे दस में ।
हिय में जिन हेल हमेल नहीं,
जिय में जिन कामनिं केल नहीं ॥४२॥
धव के धवि वे धन धूर धरे,
कवके भवके भ्रम दूर करे ।
भव बन्धन कां भक भूर करे,
चय[5] संसय कां चक चूर करे ॥४३॥

१—इन्द्र । २—बचन । ३—मिलना । ४—शरीर । ५-समूह ।

जुरती[1] नहिं आवन जावन की,
फुरती नहिं रांड फँसावन का ।
परवाह न पाट पटम्बर को,
अध चाह सु कम्बर[2] अम्बर की ॥४४॥
नित भूधर[3] सीत निवारन कां,
धिन जे गल गूदर[4] धारन कां ।
करले धर लैर कमंडल की,
महिमां हरले महि मंडल की ॥४५॥
खिज खाज न भोजन खोजन की,
मिज मानिय भिच्छ न मोजन को ।
छिब वन्त उदन्त दिगन्त छये,
भल सन्त महन्त अनन्त भये ॥४६॥
मन दे मरजीवन[5] के मग में,
जन जीवन मुक्त फिरे जग में ।
फरियाद हिये धरले फिरले,
बस वे जन हैं सरले विरले ॥४७॥
रखिये चित संपति राखन में,
लखिये इकढ़े त्रिण लाखन में ।

१—जरूरत । २—गर्म ऊनी कम्बल । ३—पहाड़ । ४—गूदड़ी । ५—जीवन मोक्ष, जो जीवन काल में ही वैराग्य के कारण मरे हुए के समान विचरे ।

सरणागत हैं हम सन्तन के,
अरिरूप[1] अनूप असन्तन के ॥४८॥
गिरगे हम ज्यूँ नहिं ओर गिरे,
घिरगे हम ज्यूँ नहिं ओर घिरे।
तिरगे हम ज्यूँ तस और तिरे,
फिरगे हम ज्यूँ अस ओर फिरे ॥४९॥
भल साध सदा सुख भेटन कों,
फिर फोटन[2] देवन फेटन कों।
भ्रम भञ्जन कों भलछक्क भर्‌यो,
कवि ऊमर त्रोटक छन्द कर्‌यो ॥५०॥

दोहा

कहणी प्रभु रीझे न कछु, रहणी[3] रीझे रांम।
सुपनें की सौ म्होर सूँ, कोड़ी सरे न कांम ॥ १ ॥
कईही[4] छांनीं[5] कानी में. मानी नहीं महाराज।
बांनी[6] पड़ी बिवेक में, आनां कांनी आज ॥ २ ॥

१—शत्रु समान। २—धृष्टों को। ३—शुद्ध आचरण। ४—कही। ५ - गुप्त। ६—राख।

श्री हाररामदासजा रा सुजस

(छन्द मोती दाम)

सदा शुभ सीथल[1] धांम सुथांन,
स्वरालय शंकर धांम समान।
बली[2] वल वाणिज वाट विराट,[3]
हुई हर रांम हरो जन हाट ॥१॥
हरी निज चीज धरी निज हाथ,
समृद्धिय ऋद्धिय सिद्धिय साथ।
भरे भरपूर कुवेर भंडार,
दयानिध दोसत के दरबार ॥२॥
गुमुडै गरिमादिक ग्यान गुनाढ्य,
रुड रुड त्रंबक ध्यान धनाढ्य ।

१—बीकानेर राज्य में रेलवे स्टेशन नापासर से कोई ६ मील पर यह गाँव है । २—रकम। ३—बहुत बड़ा ।

हरिरामदासजी—यह जोशी ब्राह्मण थे। इन्होंने सं० १८०० वि० में रामानन्दी वैष्णव साधु चरणदास के चेले महात्मा जयमलदास (दुलचासर जिला बीकानेर) से दीक्षा ली, और सं० १८३५ चैत्र सुदी ७ शुक्रवार (ता० ३-४-१७७८ ई०) को स्वर्गगामी हुए। इनकी पाट गादीगाँव सीथल में है । खेड़ापा रामसनेही पंथ के आदि गुरु तपस्वी महात्मा रामदास इन्हीं के चेले थे। —प्रकाशक

वृथै वसुधा बिन व्याज बिचित्र,
महाजन पुन्य जनेस्वर मित्र ॥३॥

वृथा सब से वधि पद्म विधांन,
नवों निधि है नहिं नांम समांन।
विना श्रम बैठत व्योम[1] विमांण,
जनार्दद प्रेरक पुष्पक[2] जांण ॥४॥

जपे जगदीश सजीवन जुक्त,
महा धन जे जन जीवन मुक्त।
असन्तन जांणत अन्ध अजांण,
सनातन जांणत सन्त सुजांण ॥५॥

रसा[3] सुर सूगति में सुख रास,
दसा मिलगो गुरु जेमलदास।
सदा चित चैंन हरी पद सेव,
दया कर सेन करी गुरुदेव ॥६॥

दई सुर दुर्लभ मानव देह,
अई सिख वारम्वार न एह।
नहीं थिर देह न गेह न नेह,
सही थिर थप्पहु रांम सनेह ॥७

१—आकाश। २—एक अद्भुत विमान। ३—ज़मीन।

अनांकर साकर आखर अन्त,
भलो भव भाग भजे भगवन्त।
भजे नहिं मूरख जे भगवांन,
सही नर शूकर[१] श्वांन[२] समांन ॥८॥

सखा जगमें सतसंगत सार,
बिनां सतसंग न ब्रह्म विचार।
धरा सतसंग बिनां नहिं ध्यांन,
बिनां सतसंग न ज्ञान विज्ञान ॥९॥

रहे सतसंग हरी अनुराग,
बिनां सतसंग न त्याग विराग।
सदा सतसंगत लच्छण सोख,
असद्गुरु सद्गुरु लच्छण ईख[३] ॥१०॥

जरे मनसा मथणी मथ जांण,
करे कथणीं कथ कै गुजरांण।
कुजीव कुसंग कहां कुसलात,
विजोगण[४] पीव सजोगण[५] बात ॥११॥

१—सुअर। २—कुत्ता। ३—देखना। ४—वियोगिनी। ५—संयोगिनी।

प्रभू प्रणतारत[1] पेखत प्रेम,
नहीं निगमागम[2] देखत नेम।
थके मन वाणिय खातम थान,
महागुरु मंत्र महातम[3] मान ॥१२॥
महातम ध्येय रती नहिं गम्य,
गती निगमागम गेय अगम्य।
अलौकिक लौकिक सार असार,
हरो जन जांणत जांणणहार ॥१३॥
अजौणिय[4] जौणिय जाणिय ईश,
सुरासुर स्वांमिय कों धर शीश।
नरोत्तम उत्तम तार नितार,
चराचर चिन्तनहार चितार[5] ॥१४॥
निरन्तर अन्तर में निज नाथ,
स्वयं धर ध्यांन धनन्तर साथ।
जरा रिपु भेषज के ढिग जाय,
महाजन जांमण मर्ण मिटाय ॥१५॥
बधा वपु जाहिर पथ्य विवेक,
अनर्गल बाहिर भीतर एक।

१—शरणागत दुखिया। २—वेद शास्त्र। ३—गौरव, बड़ाई। ४—अयोनि। ५—याद करना।

विनां दुखभंजन नीच विहार,
निरंजन अंजन बीच निहार ॥१६॥
अतिक्रम[1] विक्रम त्रिक्रम आस्य[2],
अछेक अनेकन अंक उपास्य।
बराबर दीस दिगंतर बाह्य,
अगोचर गोचर गीसि[3] अग्राह्य[4] ॥१७॥
अनामय[5] अव्यय[6] अक्षय आथ[7],
निरामय निर्भय नाथ अनाथ।
अनूप स्वरूप निकूप अलेख,
निरूपम भूप न रूप न रेख ॥१८॥
नृभै नद त्रास न आस निरास,
बस्यौ हरिराम अभै पद वास।
दुरासद[8] मारन त्रास दुकाल,
सुधा झड़ि बारह मास सुकाल ॥१९॥
सदा क्षणभंगुर जांण शरीर,
सखा सुखसागर सूं कर सीर[9]।
हिये धर नाम अमोलक हीर,

१—लांघना। २—मुख। ३—वाणी, सरस्वती। ४—जो ग्रहण करने न में आवे। ५— नीरोग। ६—अविनाशी। ७—धन। ८—कठिनता से वश में आने वाला। ९—चालू हिस्सा।

विश्वम्भर सम्बर[1] बांधव वीर ॥२०॥
तुरातुर[2] नीसरजा भवतीर,
विषे विष बीसरजा बरवीर।
हमें गुरु वायक[3] मां बुधहार,
सभे निज नायक की सुध सार ॥२१॥
मनी मन मांह रकार मकार,
लगा धक धूंनन की ललकार।
स्वभाविक ज्ञान गरीविय साज,
नमो पद राम गरीव नवाज ॥२२॥
पिता मह नामहिं नांम प्रचार,
अहर्निश[4] रांमहिं रांम उचार।
महाशय आशय नासय मूढ,
गहो गुरु शब्द गिराशय गूढ ॥२३॥
गुरू गम अन्तर में गलतांन[5],
धरयो हररांम निरन्तर ध्यान।
तपी तपतें सुरता इकतार,
धपी रसनां रस अमृतधार ॥२४॥
बध्यो बल धी गल कंज[6] विकाश,
प्रभा परिपूरण प्रेम प्रकाश।

१—सहारा। २ जल्दी जल्दी। ३—वचन। ४—रात-दिन
५—तल्लीन। ६—कमल।

हृदे हुय नांम हली[1] हमगीर[2],
सबी रग रोम खुली सुख सीर ॥२५॥
लग्यो मग मांह जलंधर लीण,
पग्यो पुरुषारथ मेरु प्रवीण।
युं ही खट चक्कर भेद अघाव,
पछे त्रिपुटी तुरिया[3] पद पाव ॥२६॥
अजीत लगी जिय जोग अगाध[4],
सुजीत लगीं धुन ध्यांन समाध।
समाधिय में सब साधन सिद्ध,
परापत[5] व्हे परब्रह्म प्रसिद्ध ॥२६॥
सिली[6] सुरता[7] घस सिद्धि[8] सँमंद्ध[9],
पिली[10] प्रभुता वस बुद्धि प्रबंद्ध।
हिली जुगती जस वार हजार,
मिली मुगती दश द्वार मंझार ॥२७॥
परीणत[11] स्वास उसास प्रभाव,
प्रिया प्रिय पास पलोटत[12] पाव।
रमें रस रास विलास सुरंग,
परस्पर प्रीतम प्रीत प्रसंग ॥२८॥

१—चली। २—साथ वाली। ३—योग की चौथी अवस्था। ४—बेशुमार। ५—प्राप्त, पाना। ६—औजार तेज करने की पत्थर की पटरी। ७—ध्यान की वृत्ति। ८—मोक्ष। ९—सम्बन्ध। १०—घुसी। ११—बदलना। १२—दाबना।

व्यथा विरहाग[1] वियोग विहाय,
सवागण[2] भाग संयोग सुहाय।
अनाग्रह[3] भुल्लित[4] आंन उपाय,
प्रफुल्लित ज्यूं पतनी पति पाय ॥२६॥
सही सुग्व जोत हि जोत समाय,
रही नहिं अन्तर मे अँतराय।
करे निज हंस दुहूं निज केल,
मिल्यो परमातम आतम मेल ॥३०॥
तज्यो त्रिगुणातमको त्रक[5] तंग,
सज्यो निज स्वांमिय सेवक संग।
उदे हुए पूरब पुण्य अँकूर,
दुरी दुबधा[6] दुग्व दालद दूर ॥३१॥
समापत भोग न रोग न सोग,
जपन्त निकेवल केवल जोग।
प्रत्यागम[7] भो लिव भक्ति प्रदीप,
समागम सो शिव शक्ति समीप ॥३२॥
क्रतू[8] करुणा मय धू[9] करतार,
भणें[10] भवभाजन भू भरतार।

१—विरह की अग्नि। २—सौभाग्यवती। ३—बिना अनुरोध। ४—भूला हुआ। ५—तर्क। ६—खींचतान। ७—पुनर्जन्म, ८—पुण्य। ९—निश्चल, ध्रुव। १०—कहना।

उधारक धारक लोक अशेष[1],
सुधारक तारक शेष विशेष ॥३३॥
स्वभाविक साश्वत स्वच्छ स्वरूप,
अनिच्छ अभिच्छ[2] प्रतच्छ अनूप।
अधोत्तज अत्तज आद न अन्त,
अखंड प्रचंड अनादि अनन्त ॥३४॥
अनन्त पराक्रम तेज अनन्त,
अनन्त हि वीरज ओज अनन्त।
महा बल सागर मेह मुदार[3],
उजागर[4] नागर[5] नेह उदार ॥३५॥
गोचर[6] रूप न रंग न रेख,
अगोचर अमृत कूप अलेख ;
थिरा[7] नभ[8] थावर[9] जंगम[10] थांन[11],
महा पद आपद[12] मांन अमांन[13] ॥३६॥
प्रभाकर[14] प्राणिय मातर[15] प्रांण,
विभाकर[16] वांणिय ते निरवांण[17]।

१—तमाम। २—यांचना रहित। ३—अगुआ। ४—प्रसिद्ध। ५—चतुर। ६—इन्द्रियों से जाननेयोग्य। ७—पृथ्वी। ८—आकाश। ९—न चलने वाले जीव। १०—चलने वाले जीव। ११—स्थान। १२—दुःख। १३—अपमान। १४—सूर्य्य। १५—मात्र, तमाम। १६—चन्द्रमा। १७—मोक्ष।

अचंभ लस्यो[1] परचे[2] घट एह,
बस्यो हरराम स्वदेश विदेह ॥३७॥
जठे[3] जम काल जरा नहिं जोर,
घुरे घट नाद[4] अनाहद घोर।
दुरास[5] दुमार[6] न त्रास[7] दुकाल,
सुधा[8] जल वारह मास सुकाल ॥३८॥
अनंग[9] न अंग उमंग[10] इलोल[11],
हरी पद संगम गंग हिलोल[12]।
निरालिय[13] नीति उदंगल[14] नांय,
मुनी किय मंगल जंगल मांय ॥३९॥
नमो हरिराम नमो निज नाम,
गुरू हरिराम नमो गृह गाम।
मही हरिराम नमो जिन मात,
पिता हरिराम नमो धिन पाथ[15] ॥४०॥
प्रभू हरिराम नमो बल पास,
विभू हरिराम नमो थल[16] बास।

१—शोभित हुआ। २—चमत्कार, परिचय। ३—जहाँ। ४—आवाज। ५—बुरी इच्छा। ६—पानी का अकाल। ७—पीड़ा। ८—अमृत। ९—कामदेव। १०—उत्साह। ११—बाढ़। १२—हिलोरे, धारा। १३—निराली। १४—उत्पात। १५—रास्ता। १६—रेगिस्तान।

नमो हरिराम नमो हरिराम,
हरोहर ब्रह्म समो हरिनाम ॥४१॥
अधा सुपने सुख संपति सोइ,
कृपा हरिराम बिना नहिं कोइ।
सुनूँ हरिराम गुनूँ[1] किय साफ,
महाप्रभु मांगत आगन माफ ॥४२॥
समै कुसमैं सुर सारत सार,
पुकारत आरत वंत[2] पुकार।
सुखी करिये अति आप समान,
दुखो शरणागत ऊमरदान ॥४३॥

दयानन्द वन्दना

[पद राग भैरव-ताल चरचरी]

नमो स्वामी दयानन्द[3] दिव्य[4] ज्ञानदाता।
आर्य्य धर्म आप बिना हाथ नहीं आता ॥ नमो०टेर

१—कसूर। २—दुःखी। ३—इनका जन्म वि० सं० १८८१ (सन् १८२४ ई०) में काठियावाड़-गुजरात की मोरवी रियासत के टंकारा गांव में औदिच्य ब्राह्मण कृष्णजी (अम्बाशंकर) के घर हुआ। स्वामी शंकराचार्य (सं० ८४४-८७६ वि०) के बाद वेदों के महान प्रचारक यही माने जाते हैं। इन्होंने ही सर्व प्रथम सं० १९३२ चैत्र सुदि ५ शनिवार (ता० १०-४-१८७५ ई०) को बम्बई में और द्वि० ज्येष्ठ सुदि १४ रविवार सं० १९३४ (ता० २४-६-१८७७ ई०) को लाहौर में धार्मिक क्रान्तिकारी संस्था "आर्यसमाज" की स्थापना करके भारतवर्ष में हिन्दू संगठन की नींव जमाई। ४—चमत्कार पूर्ण।

वेद ध्वनी हाट बाट, दुष्टन के थाठ[1] दाठ[2],
कलियुग को काट, जुग सत्य ना सुझाता ॥नमो०१
कुल को बनतो कुठार, बंस को देतो बिगार,
चारन[3] वरन चारु[4], छार[5] में छिपाता ॥नमो०२

१—समूह, थोक। २—उपटना, दबाना। ३—राजपूताने में यह जाति राजपूतों की याचक है जो उनके यशको कविता रूप में प्रकट करती है और ख्यात (इतिहास) पीढियां भी बताती है। ये कुल चार हिस्सों में विभक्त हैं। (१) मारू, (२) काछेला या परजिया, (३) सोरठिया, और (४) तुम्बेल। देश भेद से ये नाम हुए हैं। मारवाड़ यानी राजपूताना, मालवा व सिंध में रहनेवाले चारण "मारू चारण" कहलाते हैं, कच्छ देश के काछेला, सौराष्ट्र यानी काठियावाड़ के सोरठिया और ऐसे ही तुम्बेल जो जामनगर की तरफ बड़ी संख्या में हैं। मारवाड़ में इनके एकसौ बीस गोत हैं इससे चारणों की बिरादरी बीसोतरा या बीसोत्रा भी कहलाती है। ये लोग अपने को देव ऋषि (देवयोनि) की सन्तान और पहिले स्वर्ग (वैकुण्ठ) ही में रहना बताते हैं। महाभारत के अनुसार स्वर्ग से मुराद शायद हिमालय पार त्रिविष्टप (तिब्बत) और उसके पास के देश से हो और सम्भव है इनका असली स्थान वही हो। मारवाड़ी भाषा की कविता जो डिंगल कहलाती है उसी में ये लोग अपनी रचना करते हैं। डिंगल (असंस्कृत) बोली का साहित्य ८वीं सदी का मिलता है और ७वीं सदी के महाकवि बाण भट्ट के प्रसिद्ध "कादम्बरी" ग्रंथ में भी इस जाति का वर्णन है। ज्ञात होता है उस समय भी चारणों के गीत और ख्यात प्रचलित थे और इनकी संस्कृत के कवियों (ब्रह्मभट्टों) से प्रतिद्वन्द्विता होने लग गई थी (देखो नागरीप्रचारिणीपत्रिका भाग १ अंक २ पृ० २३१ नया संस्करण सं० १९७० वि०)। ४—अच्छा, सुन्दर। ५—राख।

व्याहृती गायत्री, धृती, धारत नहीं धर्म धृती,[1]
श्रुती ओ स्मृती सरब धूर में धसाता ॥नमो०३
बकतो मैं बाद बाद, बूझत करतो विवाद,
सीतलप्रसाद सर्ब जात को जिमाता ॥नमो०४
राधिका कृष्ण रास, वृन्दावन व्रजबिलास,
गिनका गज अजामेल[2] गीध[3] पद गाता ॥नमो०५
राम नाम रंग रिल.[4] कामनि कुसंग किल,
मोडन[5] के संग मिल, माजनो[6] गमाता ॥नमो०६
छत्री कुल धर्म छेक, कायर कर देत केक[7],
टारत[8] नहिं एक टेक, पाव को पुजाता ॥ नमो०७
भामनि[9] निज छोड़ भोग, परदारा मनका प्रयोग,
जानता नहिं जुगति जोग जन्म हार जाता ॥नमो०८
कुलको वह स्वधीन और ठगके अधीन,
ऊमरदांन महादीन लालस[10] लुट जाता ॥ नमो०९

१—धीरज । २—एक पापी जिसकी भागवत में कथा है।
३—जटायु से अर्थ । ४—मिलना । ५—बनावटी साधु ।
६—प्रतिष्ठा । ७—कितने ही । ८—टालना । ९—स्त्री ।
१०—इस काव्य के रचयिता का यह गोत-अल्ल है ।

२

[पद राग कालिंगड़ा-ताल दीपचन्दी]

नहीं जग माला नीकी[1] रे,
जाला नहीं काटे जी की रे॥ टेर ॥

धाड़ा[2] पाड़ कर रटके[3] धूरत धन पटके धरधूंस[4] ।
नटके[5] साधू बने निराला, सटके[6] माला संम ॥नहीं१
उर अन्तर में नहीं उजाला, ढाला ज्यांरा ढोर[7] ।
मिनखां[8] में फेरे ठग माला चाला-गारा[9] चोर॥नहीं२
ताला तोड़ करे मूँ काला, गाला[10] घाले[11] गूढ ।
भाला नेणां बाला[12] भोला, माला फेरे मूढ॥नहीं०॥३॥
अपणी सरधा खोय अभागी, सपणी[13] आदत सोग।
तपणी[14] पर बैठे तावड़िये,[15] जपणी[16] फेरण जोग॥४॥
परदारा सूँ फँस भी जावे, हँस भी जावे हेर ।
काम पड़े तब नस भी काटे, फेरे तसबी[17] फेर ॥नहीं॥५
धोला बुगला ध्यान लगावे, खावे मछियाँ खूब ।
पापी पल पल पाप कमावे, डबके जावे डूब ॥नहीं०॥६

१—अच्छी। २—डाका। ३—भागना। ४—जोर से गिराना। ५—स्वांगी। ६—चट पट, तुरन्त। ७—पशु। ८—मनुष्यों। ९—चालाक। १०—खड्डा। ११—डालना। १२—अनसमझ बालक। १३—सर्पनी। १४—धूनी। १५—धूप। १६—माला। १७—माला।

पाँच विषय सूँ इन्द्रिय पांचूं, जीत करो मन जेर।
मोज भरी मनवाली माला, फोज मुक्तरी फेर ॥नहीं॥७
दयानन्द स्वामी दरसायो, सुमरन मारग सार।
आठ पहर ऊमर उर अन्तर, लाग रही ललकार॥नहीं॥८

दयानन्द री दया

(गीत सावझड़ो)

अगहन मास कृतू[1] ग्यो आखो[2],
पो[3] त्रेताजुग वीतो पाखो[4]।
द्वापुर माघ महीनां दाखो,
रसा[5] सिधायो[6] आ चित राखो ॥१॥
हिम ते सिसहर रितू विहाई,
दह्यो वसन्त वात[7] दुखदाई।

१—सत्ययुग-हिन्दुओं की काल गणना के अनुसार ४ युग कृत, त्रेता, द्वापर और कलि हैं। सत्युग १७,२८,००० वर्ष का त्रेता १२,९६,००० वर्ष का द्वापर ८,६४,००० वर्ष का और कलियुग ४,३२,००० वर्ष का माना जाता है। तीन युग तो बीत चुके हैं और इस समय चौथा युग कलि का ५०३१वां वर्ष चल रहा है। सृष्टि संवत् (आर्य्यवत्सर) १,९७,२९,४९,०३१वां है। २—पूरा। ३—पौष मास। ४—पक्ष। ५—पाताल। ६—चला गया। ७—हवा।

ग्रीखम पावस सरद गहाई,
ए च्यारूं कलियुग में आई ॥२॥
मकर सक्रांयत बैठी मारी,
क्षत्रिन हित लागी अति खारी।
भू पर ब्राह्मण भये भिखारी,
हे प्रवेश करगी हतियारी ॥३॥
वेद दुसाला बालां बूढां,
राली कांमल[1] नांख्या[2] रूढां[3] ।
ग्यांन पथरणों[4] धरियो गूढां,
मेली विद्या रजाई[5] मूढा[6] ॥४॥
लगतां फागण लूरां[7] लागी,
अड़े द्रोण[8] अरु द्रुपद[9] अभागी।
वीरां खाग[10] परस्पर वागी[11],
जिण सूं ज्वाल लड़ण री लागी ॥५॥

१—कम्बल। २—फैंकी, दूर डाली। ३—पुराने ढचरे वाले। ४—शैया में बिछाने का गदला। ५—रुईदार ओढ़ना, दोहर सिरख, लिहाफ जो जाड़े के दिनों में ओढ़ने के काम में आती है। ६—मुँह पर, मूर्ख। ७—घूमरनाच। ८—यह भरद्वाज ऋषि के पुत्र और कौरव पाण्डवों के धनुर्विद्या के गुरु थे। ९—उत्तर पांचाल (रुहेलखण्ड) देश का चन्द्रवंशी राजा द्रुपद, जिसकी पुत्री द्रोपदी को स्वयम्बर सभा में मछली भेद करके अर्जुन ले आया था। १०—तलवार। ११—चलाई, चली।

भिड़े भीम[1] अर्जुण[2] कुरु[3] भारत,
गेहर-डांडियां[4] रम कुल गारत।
मरयो सुयोधन[5] गो झक मारत,
आर्य्यवर्त्त को करगो आरत ॥६॥
राज कर्म में पड़गी रोली,
मनू[6] मरम मरजादा मोली[7]।
झड़ी सरम फुलां री झोली,
हुयगी परम धर्म की होली ॥७॥
अस्त्र गुलाब अबीर उडायो,
सस्त्र पिचरका छिब सरसाया।
वीर नाद सोइ चंग बजायो,
रंग फाग सम जंग रचायो ॥८॥

१—चन्द्र वंशी राजा पाण्डु का क्षेत्रज पुत्र जो अत्यन्त बलवान था। ये दूसरा पाण्डव था। मल्लयुद्ध में इसकी बराबरी कोई नहीं कर सकता था। इससे दुर्योधन सदा भीम से जला करता था। २—यह तीसरा पाण्डव था। इसके बराबर धनुर्विद्या के पण्डित उस जमाने में कम लोग थे। महाभारत के युद्ध में स्वयं श्रीकृष्ण इसका सारथि था। इसके चार रानियाँ थीं। द्रौपदी, सुभद्रा, चित्राङ्गदा और पाताल देश (अमेरिका) की कौरव्य नामक नाग की पुत्री उलूपी। ३—दिल्ली के पास थानेश्वर का मैदान जहाँ कौरव पाण्डवों का युद्ध आज (विक्रमी संवत् १९८६) से ५०३१ वर्ष पहले हुआ था। ४—रास के ढंग पर एक नाच। ५—यह अन्ध राजा धृतराष्ट्र का ज्येष्ठ पुत्र था। जो महाभारत युद्ध में कौरव दल का नेता था। ६—मनु महाराज। ७—मन्द।

चलतां चेत बांम—मग[1] चाल्यो,
घाव सधर[2] बेदां पर घाल्यो।
अश्वालम्ब[3] गवालम्ब[4] आल्यो,
झटके गधो सीतला[5] झाल्यो ॥९॥
जैन बांम मचिया बडजोरां,
गहरे सुर आई गिण-गोरां[6]।
छित पर मिल मिल छोरयां छोरां,
करदी सांझी च्यारूं कोरां ॥१०॥
चोरां जुगती कुगती कीनीं,
भोग भोगणें धण[7] सुख भीनीं।
कपटी दरसण मूरत कीनीं,
दिव्य धर्म बोलावणि[8] दीनीं ॥११॥

१—बाममार्ग, कूँडापंथ। २—गहरा। ३—घोड़ों का आधार। ४—गौ सेवा। ५—चेचक, शीतला माता! ६—राजपूताने का एक बड़ा त्यौहार जो चैत्र सुदि ३ को मनाया जाता है। ये त्यौहार ईश्वर (महादेव) और गौरी (पार्वती) के गौने (मुकलावा) का सूचक है, या शायद मुद्रा राक्षस आदि नाटकों में "वसन्तोत्सव" के नाम से जो उत्सव वर्णित है उसीने "गणगौर" का रूप धारण कर लिया हो। (देखो इतिहासवेता कुँवर जगदीशसिंह गहलोत द्वारा सम्पादित "मारवाड़ के ग्रामगीत" पृ० ५७)। ७—स्त्री। ८—बंद करना, गणगौर त्यौहार के बाद ईश्वर व गौरी की काठ मूर्तियों को वापिस घर भीतर रखने के उत्सव को "बोलावनी" कहते हैं।

बैसाखां में बिलखा बांमी,
हुयगा सबला जैन[1] बिरामी[2]।

१—हिन्दुओं के २४ अवतारों में जो ऋषभदेव हैं वे जैन-धर्म के प्रथम तीर्थङ्कर (महान् पुरुष) हैं और महावीर स्वामी उनके अन्तिम (२४ वें) तीर्थंकर थे। वेद का "अहिंसा परमो धर्म" वाक्य इस मत का मूलमंत्र है। इसके अधिक अनुयायी कभी नहीं हुए और न भारतवर्ष के बाहर इसका प्रचार हुआ। जर्मन विद्वान् डा० जैकोबी ने पार्श्वनाथ तीर्थङ्कर को ही जैनधर्म का मूल जन्मदाता माना है जो ईसामसीह से पूर्व ८ वीं सदीमें हुए हैं। इसमें दिगम्बर और श्वेताम्बर दो सम्प्रदाय हैं। श्वेताम्बर सम्प्रदाय के स्थानकवासी (बाईस टोला—ढूंढिया) और तेरह पन्थी लोग मूर्ति को नहीं पूजते हैं। जब जैन यति (साधु) गृहस्थों के से कार्य करने लग गये तब अहमदाबाद के लूँकाशाह जैन ने उनमें से फटकर १५ वीं शताब्दी में यह बाईस टोला पंथ चलाया। इस शाखा के प्रचारक साधु २२ होने से ही यह नाम पड़ा है। इस पंथ के साधु मुँह पर मूँमती (पट्टी) बाँधे रहते हैं। इसी २२ टोला पंथ से अलग होकर सं० १८१७ आषाढ़ सुदि १५ शनिवार (२८-६-१७६० ई०) को कंटालिया के भीकमजी वैश्य ने यह तेरह पंथ चलाया है, जिसके उपदेश निराले ही हैं। (देखो मर्दुमशुमारी राज मारवाड़ सन् १८९१ ई० के वक्त में बना सरकारी "मारवाड़ की कौमों का इतिहास" तीसरा हिस्सा पृष्ठ २६० और जैन पथ प्रदर्शक पत्र वर्ष १२ संख्या ४० पृष्ठ ७ सन् १९३० ई० आगरा)। २—विश्राम।

आखातीजां घणीं अमांमी,
सिद्ध जन्मियो शंकर[1] स्वामी ॥१२॥
वेद धर्म सद सुकन[2] बतायो,
अमल[3] नयो वेदान्त अचायो।
प्रीत नीत गलवांणी[4] पायो,
खण्डण जैन खीचड़ो[5] खायो ॥१३॥
शंकर बेगो[6] गयो सिधाई,
परजा दुखी घणीं पिछताई ;
मारग लूवाँ[7] लपट मचाई,
अब ऊपर तिस[8] मारी आई ॥१४॥
तपै भूम अम्मर[9] हुय ताता[10],
मुरझाई भगती पितु माता।
बागी[11] झाट[12] पिछम दिस बाता,
बंक[13] हुवो सब देस विधाता ॥१५॥

१—इनका जन्म दक्षिण के जिला मालावार के गाँव कालपी में वि० सं० ८४४ (स० ७८७ ई०) में नाम्बूद्री ब्राह्मण कुल में हुआ था। बड़े बड़े उत्कट जैन व बौद्ध विद्वान इनकी विद्वत्ता के सामने न ठहर सके और चारों तरफ वैदिक धर्म गूंज उठा। सं० ८७६ विक्रमी में केदारनाथ पर्वत के समीप ३२ वर्ष की आयु में इनका स्वर्गवास हुआ। २—शकुन, वर्ष का भविष्य देखना। ३—अफीम। ४—गुड़ की राब। ५—खिचड़ी। ६—जल्दी। ७—लूएँ, गर्म हवा। ८—प्यास। ९—आकाश। १०—गर्म। ११—चली। १२—झपट। १३—उल्टा।

तर[1] धर सूका नदी तड़ागा,
लाज धर्म विद्या मग लागा।
आरज[2] हंसा उडगा आगा[3],
कपटी दादर[4] रहगा कागा[5] ॥१६॥
संप[6] सु झरणां गया सुकाई,
लोक लीक सुभरीत लुकाई।
झप्प अंगमल अम्ब झुकाई,
कोचर[7] कंठ कुसम्प कुकाई ॥१७॥
सील सन्तोष शूरता सारा,
तूटण लग दिवस में तारा।
खूटा नीर निवांणां[8] खारा,
चोपायां घर मिले न चारा ॥१८॥
भूमि मांझ धसगो जस भोगी,
साच सु हस्ती ससके सोगी।
दांन ऊँट रे लागी दोगी,[9]
जांण अजांण सोइ थाको जोगी ॥१९॥
जाचक हिरण तिसाया[10] जावे,
पुन्न नीर सुपनें नहिं पावे।

१—वृत्त। २—आर्य्य धर्म्म (वदिक)। ३—दूर। ४—मैंढक। ५—कौआ। ६—मेल, एकता। ७—पक्षी विशेष जो उल्लू के बच्चे जैसा होता है। ८—जलाशय। ९—पीड़ा। १०—प्यासे।

धर जिग्यासू दस दिस धावे,
मृग त्रिसणां गुरु लख मुरझावे ॥२०॥
चौर गुरू विच्छू चटकावे,
ग्यांन राब[1] विरला गटकावे।
भेक छाछ कारण भटकावे,
लुचा बागल[2] ज्यूँ लटकावे ॥२१॥
पंखें सम सज्जन कोई पावे,
हेत प्रीत सोई पवन हलावे।
छिमा गुलाब नीर छिड़कावे,
पितु वट[3] छाया कोईक पावे ॥२२॥
सन्त संगत सुर बाग सुकायो,
मिले कहूँ बलियो[4] मुरझायो।
ठंडो जल नहिं ठरे ठरायो,
भूले ज्ञांन सुख्यों मन भायो ॥२३॥
आई उमड अविद्या आंधी,
च्यार वर्ण चडगी चख चांधी।
विरचा[5] धजा तूटगी बांधी,
सदाचार री सँधे न सांधी[6] ॥२४॥

१—रबड़ी २—एक पक्षी जो उल्टा लटकता है। ३—बरगद वृक्ष। ४—जला हुआ। ५—वृक्ष। ६—जोड़ी हुई।

कविजन वृन्द[1] कँवल कुमलाया,
गीत कुकवि जणु स्यालां[2] गाया।
मूरख भगतां[3] सोर मचाया,
काली रात जरख[4] कुरलाया[5] ॥२५॥

ओ ऊपर ऊनालो[6] आयो,
दीन जनां दोरो[7] दरसायो।
पांणी ज्ञान कोई नहिं पायो,
कूके लोक हुवो अति कायो[8] ॥२६॥

उर अन्तर में करुणां आई,
सारे देस करण सुख दाई।
मिन्दर तीर्थ पोवां[9] मंडाई,
खर पावे खारो जल खाई ॥२७॥

च्यार सम्प्रदा जिण हित चाली,
प्रगट हुई ज्यूं झांझी पाली।
महिला नीर भरण नें म्हाली,
खारो जल ऊंडो तल खाली ॥२८॥

१—टोला। २—सियार, गीदड़। ३—भक्त। ४—गदहा के कद का एक जंगली जानवर। ५—चिल्लाना। ६—उष्ण काल, गर्मी के दिन। ७—कठिन। ८—तंग होना। ९—प्याउएं।

बल्लभ[१] कूप खिणायो[२] बेड़ो,[३]
भरियो नीर भिरावो भेड़ो।
नींबे[४] तलो निकाल्यो नेड़ो,[५]
जिण रो आब[६] नांव रेजेड़ो[७] ॥२६॥

१—इनका जन्म वि० सं० १५३५ बैसाख बदि ११ सोमवार (ता० ३०-३-१४७८ ई०) को चंपारन-सारन के पास चौंरा गाँव में हुआ, जब इनके पिता तैलंग ब्राह्मण (लक्ष्मणभट्ट) दक्षिण से काशी में जा बसे थे। ये श्रीकृष्ण को विष्णु का अवतार मानते थे। इस मत के अनुयायी अधिकांश भाटिया हैं। जैसलमेर में यादव वंशी राजा भाटी सं० ६८० वि० के आस पास हुआ है। उसके वंशधर यादव के बजाय "भाटी राजपूत" कहलाये। शायद इन्हीं भाटी राजपूतों में से मुसलमानी काल में भाटिया वैश्य बने हैं। वल्लभ स्वामी के दो पुत्र थे, गोपीनाथ और विट्ठलनाथ। गोपीनाथ का वंश नहीं चला। गोस्वामी विट्ठलनाथ के ७ पुत्र—गिरधर, गोविंद, बालकृष्ण, गोकलनाथ, रघुनाथ, यदुनाथ और घनश्याम थे। जिन से ७ गादियें हुई और इनके वंशधर गोकुलिये गुसाँई हैं। वल्लभाचार्य का देहान्त काशी में सं० १५८७ आषाढ़ बदि २ रविवार (ता० १२-६-१५३० ई०) को हुआ था। २—खुदाया। ३—दो घड़े, दुहरा। ४—ये १६वीं शताब्दी के अंतिम भाग में हुये हैं। वैष्णवों की चौथी सम्प्रदाय के यह जन्मदाता थे। इनके केशव और हरिव्यास नामक दो शिष्य थे। ५—नजदीक। ६—पानी। ७—जैसा।

माधव[1] साधन अरठ मंडायो,
खारो मुख ले घणो खिडायो[2] ।
छाक[3] पियो जिण पेट छुडायो.
भारी पाणी जन्म भंडायो ॥३०॥
शंकर सागर हुयगो सुरड़ा,[4]
करण मिले नहिं पांणी कुरड़ा[5] ।
चोभ[6] मांय ठहरे नहिं चुरड़ा[7]
जिण री पाल पड़े दस दुरड़ा[8] ॥३१॥
दस-नांमी[9] दस हूँ दिस दोड़े,

१—वेदों के भाष्यकर्त्ता सायणाचार्य के बड़े भाई जो दक्षिण में पम्पा नगरी में जन्मे थे। ये विजयनगर के राजा बुक्कराय के कुलगुरु व मुख्य मंत्री थे। सं० १३९० वि० में इन्होंने संन्यास लिया। ९० वर्ष की आयु में ये स्वर्ग को सिधारे। इन्होंने पाराशर संहिता का भाष्य लिखा और वैष्णवों की दूसरी सम्प्रदाय चलाई थी। २ चलायो। ३—खुश होकर ४—बेशर्म। ५—कुल्ले। ६—तालाब का बीचला भाग। ७—चुल्लू। ८—खड्डे। ९—ये संन्यासियों का एक भेद है। इस फिर्के में भी १० भेद और हैं। जो जिस भेद का होता है वह अपने नाम के अन्त में उस भेद का सूचक तीर्थ, आश्रम, वन, आरन्य, गिरी, पर्वत, सागर, सरस्वती, भारती, और पुरी शब्द जोड़ लेता है। इस १० भेदों के संन्यासी गुसाँई, स्वामी, महापुरुष और अतीत भी कहलाते हैं। यह सब शिवजी को मानते हैं। घरबारी और नागे दोनों यह होते हैं। संन्यास आश्रम की पुरानी लीक पीटने को गृहस्थ भी अपने मुर्दे को गाड़ते हैं। और सिखासूत्र भी नहीं रखते।

थल खोसे[1] धापे नहिं थोड़े।
मोसे[2] परजा वेगे[3] मोड़े,[4]
ग्यान ध्यान सब धस्यो गपोड़े॥३२॥
रामांनुज[5] रिद[6] गुपत रखावे,
सिड़ियो[7] नीर वास सरसावे[8]।
मांहिं सिंवाल[9] जाल नहिं मावे,
पैसे बिन छांटो[10] नहिं पावे॥३३॥
महाबीर[11] गोतम[12] मुख मोड़ी,
चौतीणों[13] खिणियो मिण चौड़ी।

१—छीनना। २—फँफेड़े। ३—जल्दी। ४—देर से। ५—इनका जन्म मदरास (दक्षिण) से २६ मील की दूरी पर गाँव परम्बधुरम (जिला चंगलपट) में सं० १०७४ वि० में हुआ। इनके पूर्वज पहले क्षत्रिय थे बाद में ब्राह्मण होगये। इन्होंने भक्ति मार्ग और वैष्णव पन्थ का प्रचार किया। पद्म पुराण में जिन चार प्रसिद्ध सम्प्रदायों का नाम लिखा है; उस में पहली सम्प्रदाय (रामानुज) के यही जन्मदाता थे। इनका देहान्त स० ११९४ वि० में हुआ है। ६—जलाशय। ७—सड़ा हुआ। ८—फैलाव। ९—काई, जल-मैल, नील। १०—बूँद। ११—जैनियों के अन्तिम (२४वें) तीर्थङ्कर (महापुरुष) थे। जैन ग्रन्थों में इनको 'सात धनुष लम्बे लिखा है। इनका जन्म ईसा मसीह के छः सौ वर्ष पूर्व (B. C.) माना जाता है। ७२ वर्ष की आयु में इनकी मृत्यु हुई। १२—भगवान् महावीर तीर्थङ्कर के बड़े शिष्य। १३—जिस कुएँ में एक साथ बैलों की चार जोड़ियों से पानी खींचा जा सकता हो।

जैनी खाड चिड़ी पट जोड़ी,
मोत हुवे सो जाय मकोड़ी[1] ॥३४॥
बापी[2] पाव कबीर बणाई,
चोखी ईंटां पकी चणाई ।
मूरख मिल ना रखी मणाई,[3]
घुस खर गिंडक पियो घणांई ॥३५॥
पालर[4] ठंडो जांभ[5] पायो,
स्वाद अनोखो घणों सरायो ।
दया करी निज ताल दिखायो,
गया पाडिया जल गिदलायो[6] ॥३६॥

१—मकड़ी, कीट विशेष । २—बावड़ी । ३—कमी । ४—वर्षा का पानी । ५—इनका जन्म सं० १५०८ भादो बदी ८ शुक्रवार (तारीख २०-८-१४५१ ई०) को बीकानेर राज्य के गाँव पीपासर में परमार राजपूत कुल में हुआ था। इनके पिता का नाम लोटू था । सं० १५४२ में पशु चराना छोड़ यह जनता को उपदेश देने लगे; और जाट, माली, गूजर आदि कृषक जातियों को अपने २९ उपदेश ग्रहण करा उनकी स्वतंत्र नई जाति "बिसनोई" नाम से प्रसिद्ध कर दी । बिसनोई मादक वस्तुओं (तमाखू आदि) को छूना महा पाप समझते हैं, और इनमें से यदि कोई स्त्री पुरुष मुसलमान आदि हो जाता है तो उसे जांभाजी का प्याला (चरणामृत) पिला कर यज्ञ से शुद्ध कर लेते हैं और फिर उसके साथ कोई परहेज नहीं रखते। जांभाजी का स्वर्ग-वास मगसिर बदी ८ सं० १५८३ रविवार (ता० २८-१०-१५२६ ई०) को हुआ । ६—गन्दा किया ।

दीन लोक ठहरया कछु देरी,
घर हित घणी आनंद री घेरी।
फिरगो रतनागर[1] चहुँ फेरी,
विचरी वासा मीठी वेरी ॥३७॥
नानग सरवर भरियो नीको,
झुके लोग पीवण दे झीको।
ठगबाजी गादी रो ठीको,
फेर सिकां[2] कर दीनों फीको ॥३८॥
हरीदास रो नासज हूणों,
दादू[3] रो सारां सूं दूणों।

१—(रत्नाकर) समुद्र। २—सिक्ख लोग। ३—ये जयपुर राज्य के गांव नराणे के पिंजारे थे। इनका जन्म सं० १६०१ वि० फागुण सुदि ८ (गुरुवार १६-२-१५४५ ई०) को और देहान्त सं० १६६० ज्येष्ठ सुदि ८ रविवार (ता० ८ मई १६०३ ई०) को हुआ था। ये मूर्ति पूजा, मन्दिर और मसजिद का विरोध करते थे। इनके पंथ के साधु दादूपंथी कहलाते हैं, जो घरबारी और नहंग दोनों हैं। नहंग दादू-पंथियों की पहले जयपुर राज्य में बड़ी सेना थी जो कई युद्धों मे अच्छी लड़ी थी। (देखो फारसी किताब "दबिस्तानुल मजाहिब" और "मारवाड़ मर्दुमशुमारी रिपोर्ट" सन् १८६१ ई० पृ० २६०)

सन्तदास[1] रो हुयगो सूंनों,
आंतो पाणी पायो ऊंनों[2] ॥३६॥
रामचरण[3] पो[4] ऊपर रहियो,
सीत घांम[5] अपणें सिर सहियो।
कंठ सुं पांणी पांणी कहियो,
विललां भांग पिलायर[6] वहियो॥४०।
आछ रामदे पीवण अटकी,
दूभां नाभे[7] घाली भटकी।

१—ये रामस्नेही साधु छोटा नारायणदास के शिष्य थे। इनकी गादी मेवाड़ राज्य के गांव दांतड़ा में है। इनका स्वर्गवास सं० १८०६ वि० में हुआ। २—गर्म। ३—इनका जन्म जयपुर में बीजावर्गी वैश्य कुल में सं० १७७६ भादों सुदि १४ सोमवार (ता० १७-८-१७१६ ई०) को हुआ। सं० १८०८ वि० में ये साधु संतदास के शिष्य कृपाराम के चेले होकर शाहपुरा (मेवाड़) में जा बैठे। सं० १८५५ वैशाख में यह रामशरण हुए। इसके भेष के साधु "शाहपुरे के रामस्नेही" कहलाते हैं। ४—प्याऊ। ५—धूप। ६—पिलाकर। ७—ये जाति के डोम (डूम-ढोली) थे और सं० १५४० में जन्मे थे। ये पहले अन्धे हो गये थे। अतः जयपुर की गलता गादी के महन्त अग्रदास ने इन्हें किसी गांव या जंगल से ६-७ वर्ष की आयु में जयपुर में ले आये। इलाज होने पर इनके नेत्र ठीक होगये। ये भक्त और कवि थे। इनका लिखा ग्रन्थ "भक्तमाल" है जिसमें भक्तों की विचित्र कथा है।

मीरां[1] फोड़ गई जल मटकी,
पापी अेड़ बोबदे पटकी ॥४१॥

१—यह देवी मेड़ता के स्वतन्त्र नरेश राव दूदाजी राठोड़ की पौत्री और रतनसिंह की इकलौती पुत्री थी। ये सं० १४९८ वि० में कुड़की गाँव में जन्मी थी और सं० १५१६ में मेवाड़ के प्रतापी महाराणा साँगा के ज्येष्ठ पुत्र भोजराज को व्याही गई थी। परन्तु सं० १५१८ व १५२३ के बीच किसी समय विधवा होगई। विद्वानों ने इसकी मृत्यु सं० १६०३ वि० में होना माना है परन्तु सं० १६०३ के बाद भी इसके जीवित रहने का पता लगता है। इस भक्तशिरोमणि देवी के बनाये हुए ईश्वर भक्ति के सैकड़ों भजन भारतवर्ष भर में प्रसिद्ध हैं। मीराँबाई के गुरु सुप्रसिद्ध महात्मा रैदासजी थे जैसा कि मीराँ के भजनों से भी स्पष्ट है। "गुरु मिलियां रैदास जी, दीन्ही ज्ञान की गुटकी" और कहा है "मीरां ने गोविन्द मिल्या जी, गुरू मिलिया रैदास"। तपस्वी रैदास जी महाराज जाति के चमार थे। मीरां के विद्यागुरु गुर्जर गौड़ ब्राह्मण व्यास गजाधर, कांटिया तिवारी गोत्र का था इसके वंशजों के पास १ हजार बीघा पीवल जमीन, ५०००) वार्षिक आय की मेवाड़ के कस्बापुर और मांडल में मय दानपत्र के है। गजाधर के वंशधरों के करीब ४० घर, ठिकाणा रूपाहेली और बदनोर में भी हैं। साधु सन्तों की एक पुरानी साखी है:—

हुवो धने सुं दादू वधता, दादू सूं करमां दुरस।
करमां सिरे कबीर नामदे, सारांसूं मीरां सरस ॥

इण पर पड़गी रात अजांणी,
पीवण नें घट में नहीं पांणी।
तिरिया पुरुषां खांचा तांणी,
प्यासां मरता विलखा प्रांणी ॥४२॥
हिया माझ उठे घण हूकां,
च्यार-वर्ण अपणों मग चूकां।
सास तिसां मरतां कंठ सूका,
ढेढ[1] घरे खेड़ापे हूका ॥४३॥
भवण[2] कवण रो हे रे भाई,
जीव तिसां मरतां रो जाई।

इसमें अलंकार कर्म है और वर्णनीय मीरांबाई है। उसकी भक्ति की महिमा कवि ने इस प्रकार की है कि "धना हरिभक्त जाति का जाट था सो उसने तो भक्ति रूप कपास बोया। दादू जाति का पिंजारा (धुनिया) था सो उसने भक्तरूप कपास साफ किया। कर्मा जाटनी थी सो उसने कात कर सूत निकाला। कबीर जुलाहा था उसने बुना। नामदेव छीपा था उसने रंगा। ऐसे भक्त रूप चीर को मीरां ने ओढ़ा। इसलिए वह सबसे श्रेष्ठ है।" अधिक हाल के लिए देखो कुँ० जगदीशसिंह गहलोत लिखित भक्त मीरांबाई का सचित्र बड़ा जीवन चरित्र जो छप रहा है। १—चमार जाति का मेघवाल नामक एक भेद जो भांबी, और बलाई भी कहलाते हैं। गुजरात में इन्हें ढेढ कहते हैं। ये कपड़े भी बनाते हैं। २—भवन, घर।

पांणी तो हूँ देत पिलाई,
ठांव ढेढ रो हे ठकुराई ॥४४॥
ढेढ नांम सुण पाछा ढलिया[1],
बाट आवता उण हिंज बलिया[2]।
टालां अठी उठी नहिं टलिया,
छलो रामले पाछा छलिया ॥४५॥
अगम[3] भोम सूं म्हे चल आया,
पूरां कारण ब्रह्म पठाया।
पोची जात होण घर पाया,
लिछमी-बर[4] सूं प्राण लगाया ॥४६॥
भजन करूं सुमरूं भगवांनां,
बंस धर्म रो तजिये बांनां।
छित पर रहूँ जगत सूं छांनां,
दिव्य दृष्टि कोई लख सी दांनां ॥४७॥
सता[5] समाध अगम घर सोऊं,
दस दिस रांम रमैयो दोऊं।
जगत भोग सपनां सम जोऊं,
हमहीं गाय सिंघ मैं होऊं ॥४८॥

१—लौटे। २—पुनः फिरे। ३—कठिन, मोक्ष। ४—विष्णु। ५—सत्य।

सिमरूं जग पति सासो सासा,
तीन लोक जम मनें न त्रासा।
देह हमारी जग में दासा,
वसे जीव अमरापुर[1] वासा ॥४६॥
जात पांत सपनें सम जांणूं,
पाप पुण्य नहिं एक पिछाणूं।
वपु[2] तो म्यांन समांन बखांणूं,
सार[3] सनांन[4] जीव सेनांणूं ॥५०॥
बात मांनली लग्पै बांढां,
नीत बिगाड़ी निलजां नांढां[5]।
मिलगी जोड़ी जांनां[6] मांढां,[7]
ढेढ कह्यो ज्यूं सुणियो ढांढां[8] ॥५१॥
लीण[9] अलीण[10] गलो नहिं लाधी,[11]
बुध विन जगत बूडगी[12] बाधी[13]।
अकल हिया री रह गई आधी,
खोपी में खेड़ापे खाधी ॥५२॥
चाह नीर मिलगो चित चायो,
हेर भलो हुवो हित हरखायो।

१—स्वर्ग। २—शरीर। ३—लोहा। ४—शस्त्र। ५—मूर्ख। ६—वर पक्ष मंडली, बरात। ७—कन्या पक्ष वाले। ८—पशुओं। ९—ग्रहण करने योग्य। १०—ग्रहण न करने योग्य। ११—मिली। १२—डूब गई। १३—सारी, कुल।

पेला उंण मीठो जल पायो,
लारां सूं अेंठो[1] खल[2] लायो ॥५३॥
ढीलो मूंडो मेले ढेरा[3]
टिकगा पांणी पीवण टेरा[4] ।
डलां[5] उठे कर दीधा डेरा,
चाटे हिलगा चाटण चेरा ॥५४॥
सद विद्या विन राह न सूझे,
उर अन्तर में जीव अमूझे।
बीजां[6] नैं फिर फिर मग बूजे,
दूजा घाले मारग दूजे ॥५५॥
सम्पट हुयगो थल जल साई.
लम्पट हुयगा लोग लुगाई ।
कम्पत लोली डाल सुकाई,
चम्पत हुयगी सब चतुराई ॥५६॥
इतरे लाभ बथूलो[7] आवे,
कहर क्रोध डंडूल कहावे,
छित पर कांम धुन्ध नभ छावे।
पात्र विवेक निजर नहिं पावे ॥५७॥

१—जूठन। २—दुष्ट। ३—मूर्ख। ४—डफोल। ५—डफोल। ६—दूसरे। ७—हवा का गोटा।

चाह करोर[1] कली नृप चटके,
भँवर छेल वेश्या घर भटके।
पत मट्टआ सम दानीं पटके,
क्षत्रिय वंश बांस मिल खटके॥५८॥

बीर पुरुष निज प्रांण विहावे.
जिण ऊभां निज धर्म न जावे,
मांस मिले नह तो मर जावे।
खूटो सिंघ घास नहिं खावे॥५९॥

अन्त असाड दयानन्द आयो,[2]
छोणी[3] ज्ञान घुमड घण छायो।

१—एक पौधा विशेष। २—जोधपुर नरेश महाराजा श्री जसवंतसिंहजी साहब ने जब स्वलिखित खास रुक्का महाराणा साहब उदयपुर को भेजकर स्वामी दयानन्द को अपने यहां बुलाया तब उन्हें शाहपुरा (मेवाड़) से ले आने के लिए राज्य की ओर से इस काव्य के रचयिता कविवर उमरदान लालस और महाकवि चन्द बरदाई के वंशधर ब्रह्मभट्ट नेनूराम भेजे गये थे। संवत् १९४० की ज्येष्ठ बदी ८ (ता० २९-५-१८८३ ई०) को स्वामीजी जोधपुर पहुँचे और इसी दिन जोधपुर नरेश व राज्य के प्रधान मंत्री महाराज कर्नल प्रतापसिंह स्वामीजी की सेवा में उपस्थित हुए। Vide Maharaja Sir Pratap's Autobiography Chapter XXX. Mss. Page 310. ३—ज़मीन।

सावण हरिकर[1] सुख सरसायो,
भादो अम्मृत झड़ बरसायो ॥६०॥

बहे ज्यारूपान बलोबल[2] बाला[3],
नीर निवाण[4] ताल नद नाला।
पड़े प्रेम घर घर परनाला,
जुगतो जल मेटी त्रिम ज्वाला ॥६१॥

थिर आसोज बेद मग थाटो[5],
लम्पट बालि रावण[6] कुल लाटो[7]।
भँवँताँ कर्म जोग पड़ भाटो[8],
कातो में मचगो कलुलाटो[9] ॥६२॥

१—हरियाली। २—जोर से चलना। ३—नाले। ४—तालाब ५—ठहरा। ६—यह लंका का राजा और ब्राह्मण विश्रवा का पुत्र था। वेदपाठी होते हुए भी रावण का चरित्र महानिन्दित था। इसी से यह भगवान रामचन्द्र द्वारा (विभीषण के सिवाय) सकुटुम्ब मारा गया। ७—दमन किया। ८—पत्थर। ९—हाहाकार। बातों-जोधपुर नरेश के अनुरोध से स्वामी दयानन्द पांच मास तक जोधपुर में हज़ारों की उपस्थिति में वेदोपदेश करते रहे। देश के मंदभाग्यता से यहाँ की प्रसिद्ध वेश्या नन्हीं भगतन ने अपने एक विशेष कृपापात्र (पापी पुरुष) को लालच देकर उसके द्वारा स्वामीजी के ब्राह्मण रसोईए कलिया या कल्लाजी जगन्नाथ को बहकाया और दूध में विष घोलकर आश्विन बदी १३ शनिवार (२९ सितम्बर) की रात को स्वामीजी को पिला

दयानन्द-दर्शन

लावनी

कित गयो कलानिधि[1] हिय कुमदनि[2] हितकारी। टेर॥
आर्य्यन को स्वामी दयानन्द उपकारी ।
गौ ब्राह्मण[3] की गरहा गरहित गोस्वामी,

दिया। इससे यह निर्भीक ऋषि कार्तिक बदी ३० (ता० १० अक्टूबर) की रात को अजमेर नगर में "ओ३म्" शब्द के साथ यह कहते हुए कि "ईश्वर तेरी इच्छा पूर्ण हो" परमेश्वर की गोद में जा बैठे। इस घटना से भारतवर्ष भर में हाहाकार मच गया। (देखो जोधपुर के वयोवृद्ध रावराजा तेजसिंह राष्ट्रवर लिखित "ऋषि दयानन्द को विष ही दिया गया" नामक लेख 'आर्य मार्त्तण्ड' साप्ताहिक अजमेर भाग ३ अंक ५ तारीख ३१ मार्च १९२५ ई० पृष्ठ ५)।

१—चन्द्रमा। २—चाँद को देख कर खिलने वाला कमल। ३—शिला लेखों आदि से ज्ञात होता है कि विक्रम संवत् की बारहवीं शताब्दी के आस-पास तक ब्राह्मणों में न तो जातियाँ थीं और न पंच गौड़ और पंच द्रविड़ के दो मुख्य भेद थे। सब ब्राह्मण "ब्राह्मण" कहलाते थे। सं० १२०० के बाद सम्भवतः मांसाहार और अन्नाहार के कारण यह भेद हुआ और पीछे नगरों, देशों आदि के नाम से ब्राह्मणों की भिन्न-भिन्न जातियाँ हुईं। जैसे नागर ब्राह्मण, गौड़ ब्राह्मण, श्रीमाली ब्राह्मण, पुष्करणे ब्राह्मण, जांगिड़ ब्राह्मण, मैथिल ब्राह्मण, दाहिमा ब्राह्मण इत्यादि। (देखो वयोवृद्ध महामहोपाध्याय रायबहादुर पं० गौरीशंकर हीराचन्द ओझा, अजमेर कृत "मध्यकालीन भारतीय संस्कृति" पृष्ठ ४३-४४ और पूने के रावबहादुर सी० वी० वैद्य कृत "हिस्ट्री आफ मिडिएवल इंडिया" जिल्द ३ पृ० ३७५-८१)

करुणानिधान करुणामय नित निसकामी[1] ।
इस आर्य्यावर्त्त को रक्षक अन्तर्यामी,
निज आज्ञापालन भेज दियो घन[2] नांमी ॥

दोहा

उदर ब्राह्मणी अवतर्‌यो, पद सन्यासी पाय ।
चतुर नराँ चित में चढ्यो, दयानन्द गुरु दाय[3]॥
आनन्द-कन्द[4] जगबन्द चन्द उजियारी॥आर्यन०॥१॥

गुजरात देश में जन्म लियो गुणग्राही,
अवधीच[5] बंश बिच अंशुमान[6] उमगाही[7] ।
आठवें वर्ष उपनयन भयो अवगाही[8],
चुप बालकाल मैं बिद्या चित से चाही ॥

१—त्यागी । २—बहुत । ३—पसन्द । ४—जड़, मूल । ५—गुजरात के सोलंकी राजा मूलराज (सं० ९९८–१०५२ वि०) ने सिद्धपुर में "रुद्रमहालय" नामक बड़ा शिव मन्दिर बनवाया और उसकी प्रतिष्ठा के वक्त कुरुक्षेत्र, कन्नौज आदि उत्तरी प्रदेशों के ब्राह्मणों को बुला कर उनको वहीं रक्खा । वे उत्तर (उदीची) से आने के कारण "औदीच्य" कहलाये । गुजरात में बसने के बाद इनकी गणना पंचद्रविड़ों में हो गई परन्तु वास्तव में ये उत्तर के गौड़ ही हैं । मारवाड़ में जो गोरवाल ब्राह्मण जाति है वह औदिच्य ही है । गोल गांव में बसने से वे "गोरवाल" कहलाने लग गये । ६—सूर्य्य । ७ - हर्षित होना । ८—बीतने बाद ।

दोहा

धन्य मात-पितु धन्यधर, नाम धन्य निरधार ।
शरणाया[1] साधार[2] सुत, आतम को आधार ॥
जस छायो जायो आयो आँख अगारी[3] ॥आर्य्यन० ॥२॥

शिवरात्री मैं शिव दरशण गयो सुकेरो,
अवले के आखू[4] शिव जब हुओ उजेरो ।

१–शरणागतों को । २–सहारा देने वाला । ३–आगे । ४—चूहा । स्वामी दयानन्द का जन्म-नाम मूलशंकर था । सं० १८९४ की शिवरात्री (ता० ८–२–१८३८ ई० गुरुवार) को अपने पिता के साथ शिव-पूजन में लगे हुए मूलशंकर ने एक चूहे को शिव मूर्त्ति से चावल खाते और ऊपर दौड़ते हुए देखकर विचारा कि "जो शिव अपने ऊपर से एक तुच्छ मूसे (चूहे) को नहीं हटा सका, वह संसार का कल्याणकारक स्वामी नहीं हो सकता ।" इस विचार ने न केवल मूलशंकर को दयानन्द बनाया बल्कि भारतवर्ष के धार्मिक, सामाजिक और पोलिटिकल—राजनैतिक इतिहास में परिवर्त्तन कर दिया । सं० १९१७ की कार्तिक सुदी २ बुधवार (ता० १४–११–१८६० ई०) से मथुरा में प्रज्ञाचक्षु विद्वान् स्वामी विरजानन्द सरस्वती (पंजाब के सारस्वत ब्राह्मण) से वेद विद्या पढ़कर गुरु की आज्ञा से दयानन्द ने वैसाख सं० १९२० वि० (अप्रैल १८६३ ई०) से वेद प्रचार और बड़े बड़े विद्वानों से शास्त्रार्थ करना शुरू किया । और वेदों को-जिनका नाम भी शायद विरले ही विद्वान् जानते थे—उनको जर्मनी से मँगवाकर सत्य वैज्ञानिक

यह अँधाधुन्ध परिपाटी महा अँधेरो,
घर त्याग नोसर्‌यो घनानन्द[1] को घेरो[2] ॥

दोहा

नैष्ठिक[3] ब्रह्मचारी निपुण भयो सन्यासी भूर।
इकदम आर्यावर्त्त को दुख कीनो सब दूर ॥
अति उत्तम आयु अपनी आय उधारी[4] ॥आर्यन०॥३॥

उद्धारक आर्यावर्त्त बोर अगवानो
गुरु बिरजानन्द[5] समीप गयो ब्रह्म ज्ञानो।
प्रभु पाणिनीय व्याकरण प्रमाण प्रमानी,
पढ़ महाभाष्य अभ्यास पिछान पिछानो ॥

और आध्यात्मिक भाष्य करके सायण, महीधर आदि के असंभव अशुद्ध अश्लील अर्थों से लोगों को बचाया। जिससे वेदों का महत्व फिर से चमक उठा और इसे ईश्वरीय ज्ञान और सर्व संसार के धर्मों का आदि श्रोत (Fountain-head "वेदोऽखिलो धर्म मूलम्") होने का लोगों को निश्चय हो गया। इसीसे स्वामीजी कृत ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका ग्रंथ कलकत्ता प्रयाग आदि के विश्वविद्यालयों (यूनिवर्सिटिज) में एम. ए., बी. ए, कोर्स तक में पढ़ाया जाता है। १—अत्यन्त आनन्द। २—झुण्ड। ३—अखण्ड। ४— सुधारी। ५—स्वामी दयानन्द के गुरु जो प्रज्ञाचक्षु (अन्धे) थे।

दोहा

पद पदार्थ सम्बन्ध पुनि, प्रत्यय आगम लोप।
आरस[१] पोरस[२] शुभ अशुभ, ग्रन्थ हृदय धर गोप[३] ॥
वेदन की बेदन[४] भेदन भली बिचारो ॥ आर्य्यन० ॥४
बेदोपबेद ब्राह्मण बिधि युक्त बिभ्यासे[५],
आगम रु निगम व्याख्यान बिधान अभ्यासे।
पंडित हुय सत्यासत्य प्रमान प्रकासे,
निज बल तें नित्यानित्य निदान[६] निकासे ॥

दोहा

सांगोपांग[७] हि स्वर सहित, अक्षर शुद्ध उचार।
श्रोत[८] स्मार्त[९] सुधार किये, आर्यावर्त्त उधार ॥
वेदों[१०] को व्याख्या बिमल करी बलिहारो ॥ आर्यन०॥५
गोतम सो गरवो[११] न्याय माझ निरधार्‌यो,
बेदान्त शास्त्र बिच बेदव्यास सम सार्‌यो।

१—ऋषि रचित। २—मनुष्य रचित। ३—गुप्त। ४—पीड़ा। ५—प्रकटे। ६—तात्पर्य, सिद्धान्त। ७—पूरा, यथार्थ। ८—वेदधर्मी। ९—स्मृति अनुसार चलने वाले। १०—वेद चार हैं—ऋग्वेद, सामवेद, यजुर्वेद और अथर्ववेद। वेद शब्द का अर्थ है "ज्ञान" या जानना। वेदों को हिन्दू (आर्य) जाति सबसे प्राचीन ग्रंथ ही नहीं मानती बल्कि इनको अनादि काल से मानती है। यूरोपीय विद्वानों की धारणा है कि वेद ईसामसीह के जन्म से आठ हज़ार वर्ष पहले रचे गये थे और संसार भर में ऋग्वेद से प्राचीन कोई ग्रन्थ नहीं है। ११—गहरा।

वैशेषिक में कण[1] भुक मो बल बिस्तार्यो.
पातंजलि पाठ पतंजलि[2] जेम प्रचार्यो ॥

दोहा

सांख्य शास्त्र में कपिल[3] सम, सृष्टिक्रम समझाय।
मीमांसा में जैमिनी,[4] करमकांड[5] करवाय ॥

षटशास्त्रन शिक्षा, शिक्षासहित सुधारो ॥ आ० ॥६॥

मत वक्ता श्रद्धाशील समीक्षक[6] शूरो[7],
पुरुषारथ पूरण प्रेम प्रतिज्ञा पूरो।
दुर्व्यसन दुराग्रह[8] दूषण मों दृढ़ दूरो,
अनभंग[9] उतंग[10] उमग न अंग अधूरो ॥

दोहा

जग जीवन की जीव में जगी अखंडित जोति।
दयानंद दिगविजय किय, अपने बल उद्योति ॥
गंभीर गिरा[11] गुणहीण गाढ ग्रब[12] गारी ॥आ०॥७॥

१—आर्यों के पदार्थ विज्ञान (वैशेषिक दर्शन) के निर्माता। २—इन्होंने ऋषि पाणिनी (६०० ई० पूर्व) के सूत्रों पर भाष्य बनाया है। विद्वानों ने ऋषि पतंजली का समय ईसामसीह के १८० वर्ष पूर्व माना है। ३—इनका बनाया सांख्य शास्त्र षड्दर्शन की श्रेणी में माना जाता है। इसमें प्रकृति और पुरुष का निरूपण है। ४—इनके बनाये दर्शन शास्त्र का नाम पूर्व मीमांसा है जिसे "जैमिनि दर्शन" भी कहते हैं। यह कृष्ण द्वैपायन (वेदव्यास) के शिष्य थे। इनके पुत्र सुमन्तु और सुत्वान ने वेद की संहितायें रची हैं। ५—संस्कार, क्रियायें। ६—आलोचक, जांच के साथ हूबहू दर्शाने वाला। ७—वीर। ८—खोटी, रूढ़ी। ९—अटूट। १०—ऊँची। ११—वाणी। १२—घमंड।

पल भर पुराण सामैं डटणे[1] नहिँ पाई,
जैनन की जड़ना जड़ नें गरज[2] गमाई।
बायबिल[3] कर बटका[4] बटका बिहँस[5] बगाई[6],

१—ठहरना। २—गर्जना करके। ३—यह ईसाइयों की धर्म पुस्तक है। बाइबिल के मायने पुस्तक के हैं। इसके दो हिस्से हैं—एक नया और दूसरा पुराना। कुल १२ पुस्तकें हैं जिन हरेक को "इनजील" कहते हैं और कुल पुस्तक को बाइबिल। इस पुस्तक में हजरत ईसा मसीह (जीसस क्राइस्ट) के उपदेशों का संग्रह है जिनको ईसा के देहान्त के बाद उनके चेलों ने संग्रह किया। ईसा मसीह के १२ मच्छेरे चेले थे। ईसा का जन्म अब से करीब दो हजार वर्ष पूर्व पारस देश में जोरडिया शहर के पास बैथलम ग्राम में हुआ। इसकी माता मरियम कुमारी थी जिसकी सगाई यूसफ नाम के बढ़ई (खाती-सुतार) से हुई थी। कंवारी (अविवाहिता) के गर्भ से ही ईसामसीह पैदा हुए। जैरूसलम के यहूदी राजा ने ईसा के उपदेशों का विरोध कर उसे सूली पर चढ़ा दिया। ईसाई मत का कोई नया सिद्धान्त नहीं है। ये मत बौद्ध धर्म और यहूदी मत के आधार पर बना है। ईसामसीह की शिक्षा-दीक्षा भारत-वर्ष व तिब्बत में बौद्धों के मठों से हुई थी। इसी ईसामसीह के जन्म (वि० सं० ५७ फागुण बदि ३ शनौ) से ईसवी सन् (ता० १ जनवरी सन् १ ई०) प्रारम्भ माना जाता है जो रोम (इटली) के एक विद्वान पादरी ने चलाया था। इस मत में कई फिर्के हैं जिन में रोमन कैथलिक (मूर्तिपूजक) और प्रोटेस्टेन्ट (मूर्ति विरोधी) मुख्य हैं। ४—टुकड़ा। ५—हँस करके। ६—फेंकना

अटबट[1] कुरान[2] की छान रु छार उड़ाई ॥

१—ऊटपटांग । २—मुसलमानों का मुख्य धर्मग्रन्थ "कुरान" जिसका अर्थ है - पढ़ना, एकत्र करना। ये पुस्तक मुसलमान लोग खुदा से फरिश्ते जब्रील के जरिये मुहम्मद साहब पर मक्के और मदीने में उतरी हुई मानते हैं। हजरत मुहम्मद पढ़े लिखे बिलकुल नहीं थे परन्तु देशाटन व सत्संग से अनुभवी होगये थे। इनका जन्म वि० सं० ६२७ (ई० स० ५७०) में मक्के के पुजारियों के घराने में हुआ। उस समय मक्का में मूर्ति-पूजा का बड़ा जोर था। मुहम्मद ने ईश्वर के एक होने तथा केवल उसी की उपासना करने का प्रचार और मूर्ति का खंडन किया। अरब लोगों ने उनका कट्टर विरोध किया, परन्तु वे अपने मार्ग पर अटल रहे। विरोधियों ने उन्हें इतना सताया कि सं० ६७६ में वे तुरन्त मक्का छोड़कर मदीने चले गये। इसी समय (यानी वि० सं० ६७६ सावण सुदि २ बुध ता० १५-७-६२२ ई०) से मुसलमानी संवत् (हिजरी सन १ ता० १ मोहर्रम) का आरम्भ होता है। कुरान में पैगम्बर मुहम्मद साहब की जीवनी है और इसके सिद्धान्त व कथाएँ पारसी, यहूदी और ईसाई मत से मिलती जुलती हैं। ये पुस्तक मुहम्मद के जीवन काल में नहीं बनी। मुहम्मद के मुँह से सुनी सुनाई आयतों (वाक्यों) को उनके समकालीन लोगों ने बाद में लिख डाली। मुहम्मद ने अपने प्रचार के लिए १२ मनुष्यों की एक टोली बनाई। सं० ६८६ (ई० स० ६३२) में ६३ वर्ष की आयु में मुहम्मद साहब का देहान्त हो गया। खलीफा अबूबकर (सं० ६८६ ६६१ वि०) ने कुरान के जुदे जुदे हिस्सों को एक किताब के रूप में लाने की योजना की। अबू के मरने पर जब कुरान में गड़बड़

दोहा

एकहि बेद अनादि है, आधुनीक[1] है अन्य[2]।
धर्म धुरन्धर धीरधर धन्य धन्य तूँ धन्य॥
बसुधा[3] बिच बंके[4] बंकी[5] बात बिथारी[6] ॥आ०॥८
पाखंड खंड दब दंड अखंड[7] पुजायो,
धरनी तल को बल बंड[8] प्रचंड भुजायो[9]।
छल छुंट[10] बितंडन[11] दंड वितंड छुड़ायो,
आर्यन कुल-मंडन मंड अफंड[12] उड़ायो॥

होने का सुना तो खलीफा उस्मान ने अबूबकर वाली प्रति से एक प्रति ठीक कराई और बाकी सब प्रतियाँ कुरान की जला दी गईं। अतः खलीफा उस्मान का ही ठीक कराया हुआ कुरान अब सारे संसार में चालू है और कुछ लोगों के सिवा, बाकी सब इसको सम्पूर्ण "कुरान शरीफ" मानते हैं। इसमें ११४ सूरतें (अध्याय), कुल अक्षर ३,२३,६७१ हैं। कई सारे का सारा "कुरान" कंठस्थ कर लेते हैं जो "हाफिज" कहलाते हैं। मुसलमानी धर्म्म में ७२ सम्प्रदाय (फिरके) हैं जिसमें "सुन्नी" और "शिया" मुख्य हैं। सुन्नी मुसलमानों का कहना है कि कोई शिया मुसलमान न आज तक हाफिज हुआ है और न आयन्दा में हो सकेगा। १—नये, आजकल के। २—दूसरे। ३—पृथ्वी। ४—बांका। ५—शानदार। ६—फैलाई। ७—एक ईश्वर। ८—जोरदार। ९—हिलाया। १०—छांटना। ११—पाखंडी। १२—स्वांग।

दोहा

बरणाश्रम[1] की बिवस्था,[2] बाँधी बड़े बिचार।
कंठी तिलक उथाप[3] किय, आदि[4] धर्म आचार॥
कुपि[5] नास्तिकों किये, आस्तिक कर किलकारी[6]।आ.।६

१—हिन्दुओं के चारवर्ण—ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र। प्राचीन काल में वर्ण व्यवस्था गुण-कर्मानुसार होती थी। आपस में खानपान में कोई रोकटोक नहीं थी। हाँ, शुद्धता का विचार अवश्य रखा जाता था। गुप्तवंश के क्षत्रिय राजाओं के राज्यकाल (अर्थात् ईसामसीह की चौथी-पाँचवीं शताब्दी) में वैदिक धर्म में बड़ी उथलपुथल होकर अनेक मतमतान्तर बढ़ गये व पुराने रीत-रस्मों में गड़बड़ होने से आर्य्य (हिन्दु) जाति के टुकड़े-टुकड़े होने लग गये। देश भेद, धन्दे और मतभेद से ४ वर्ण के स्थान में सैकड़ों जातियाँ हो गईं और परस्पर विवाह सम्बन्ध की बात तो दूर रही, खाने-पीने में भी बड़ा भेद हो गया। होते-होते आज हिन्दू समाज में २,३७८ जातियाँ हो गईं। कई जातियों तो ऐसी हैं कि उनकी संख्या १५ खानदान से अधिक नहीं है और उन्हीं १५ घरों में उनका विवाह आदि सम्बन्ध होता है। (देखो डाक्टर श्रीधर वी० केतकर कृत "दी हिस्ट्री आफ़ कास्ट इन इण्डिया" पृ० ५-७ और आर० सी० दत्त कृत एन्सिएंट हिस्ट्री आफ़ इण्डिया)। २—व्यवस्था, प्रबंध। ३—मना करना। ४—सनातन, प्राचीन। ५—क्रोध करके। ६—ललकार।

अबिणासी[1] को हलकारो जगमें आयो,
लोकन में शक्ति अलौकिक लारै लायो।
श्रुति समाचार को सार पुकार सुनायो,
धर्मी सुख धार अधर्मी सीस धुनायो[2] ॥

दोहा

काशी की हाँसी करी, लाँबी दे ललकार।
पिञ्जन[3] पाखे[4] तूल[5] तिम, उड़ते फिरे अगार[6] ॥
हा भारतवर्ष-केसरी अरी[7] भयकारी ॥आर्य्य०॥१०॥
भय ध्वंस संयमो[8] बक्र[9] प्रशंसा भारी,
मुख आगे छिपते फिरते मांसाहारी।
कलियुग में दूजो प्रगट भयो कँसहारी,
थिर[10] हंस[11] बंस अवतंस[12] कीर्ति कियथारी॥

१—ईश्वर। २—हिलाना। ३—पिंजारे का औजार। ४—पास। ५—रुई। ६—आगे। ७—शत्रु। ८—साधु। ९—बाकी। १०—स्थिर। ११ - सूर्य। १२—भूषण।

दोहा

मेद-पाट[1] मेवाड़-मणि, मज्जन[2] राण सधीर।
यावदार्य्य[3] कुलकमलको, बन्यो दिवाकर[4] वीर॥
हा परमहंस निज हंस हंस दुतिहारी[5] आर्य्य०॥११॥
मन उन्नीसौ चालीस छोह[6] छक छायौ,
इत जेठ महीनें जेठ तिमर[7] हर आयो।

१—मेवाड़, उदयपुर राज्य। मेद अर्थात् मेव या मेर जाति का अधिकार रहने से इस भूमि का नाम मेदपाट (मेवाड़) पड़ा। कई विद्वान् मेर (मेव, मेद) लोगों की गणना हूणों में करते हैं परन्तु शाकद्वीपी ब्राह्मण (सेवग, भोजक या मग) लोगों की तरह ये अपना निकास ईरान की तरफ़ के शाकद्वीप (शकस्तान) से बतलाते हैं। (देखो वयोवृद्ध महामहोपाध्याय रायबहादुर पं० गौरीशंकर हीराचन्द ओझा कृत "उदयपुर राज्यका इतिहास" पृष्ठ १ सं० १९८५ वि०)। २—महाराणा सज्जन-सिंह जो सं० १९१६ आषाढ़ सुदी ६ को जन्मे, सं० १९३१ में राजसिंहासन पर बैठे और सं० १९४१ पौष सुदी ६ को स्वर्ग सिधारे। ये बड़े विद्यानुरागी और विद्वानों के गुणग्राहक थे। ३—पृथ्वीभर के आर्य्य (हिन्दू)। ४—सूर्य्य। ५—कान्ति को फीका करने वाला। ६—प्रेम। ७—अन्धेरा।

मरुधराधीश[1] मिलि जशवंत मोद[2] जतायो,
बस चार मास आसन अम्मृत बरसायो।

दोहा

सब विधि की सेवा सधी[3], आदर भयो अमाप[4],
माननीय गुरु मानियो, परतापी परताप[5] ॥
नहिं रही कसर इक आध नेंन निरधारी॥आर्य्य०॥१२॥
चित विपदा वारधि[6] पार करन को चाही,
अदबिच में आती नाव भँवर में आई।
दुरभागिन को हा दैव भयो दुखदाई,
धन पोल[7] पहूँच्यो धारधूस[8] ले धाई ॥

दोहा

बड़ी बड़ी आसा बही, हुई निरासा हेर।
बिखम[9] दासके बेव[10]तें, गिर्‌यो रसा[11] गिरि[12]मेर[13]॥
धर हर्‌यो भर्‌यो निग्रोध[14]गिर्‌यो जसधारी।आ०।१३

१—मारवाड़ (जोधपुर) के महाराजा जसवंतसिंह जिन्होंने सं० १९४० वि० में खास पत्र भेजकर दयानन्द सरस्वती को अपने यहाँ बुलाकर धर्मोपदेश कराया। २—आनन्द। ३—बनी। ४—बेशुमार। ५—जोधपुर के प्रधान मंत्री व तत्कालीन नरेश के छोटे भाई कर्नल महाराज प्रतापसिंह बहादुर। ६—समुद्र। ७—फाटक, दरवाजा। ८—डाकुओं की मंडली। ९—उल्टे। १०—भाग्य। ११—पृथ्वी। १२—पहाड़। १३—मेरु पर्वत। १४—वट वृक्ष।

जसवंत[1] जस जलद[2]

कवित्त्व

मारवार मौर[3] या असार भव पार भयो,
ताही निस तार विसतार हत्ता हत्तालों।

१—इनका जन्म सं० १८६४ आसोज सुदि ८ (ता० ७-१०-१८३७ ई०) को अहमदनगर (महीकांठा-गुजरात) में हुआ और सं० १९२६ फाल्गुण सुदि ३ को अपने स्वर्गीय पिता महाराजा तख्तसिंह के उत्तराधिकारी हुए तथा सं० १९५२ कार्तिक बदि ८ (ई० १८९५ ता० ११ अक्टूबर) को स्वर्ग सिधारे। ये नरेश बड़े उदार चित्त, मिलनसार और बुद्धिमान थे। इनको कसरत का बड़ा शौक था। अनेक राजा महाराजा आदि आपसे मिलने और जोधपुर देखने को आये थे। आपका अतिथि सत्कार प्रशंसनीय था। इनका समाधि स्थान (थड़ा) संगमरमर का बना हुआ जोधपुर में देखने योग्य है। जोधपुर के राठोड़ राजवंश व जागीरदारों का इतिहास तैयार करने के लिए आपने सं० १९४४ माघ सुदि ७ शुक्रवार (२०-१-१८८८ ई०) को राज्य का "तवारीख महकमा" स्थापित किया। इस महकमे को क़ायम हुए कितने ही वर्ष हुए और दो अढ़ाई लाख रुपये ख़र्च हो चुके हैं परन्तु अब तक उसके प्रयत्न रूप कोई ऐतिहासिक ग्रन्थ नहीं रचा गया। महाराजा साहब को सन्तान में एक महाराज कुमार (सरदारसिंह जी) और दो रावराजा थे। (देखो "मारवाड़ राज्यका इतिहास; दूसरी आवृत्ति पृ० ३२६ सन् १९२५ ई०)।

२—बादल, घटा। ३—मुकुट।

जागी प्रजा सबर[1] खरागी अनुरागी जिन्हें,
खबर अभागी आनलागी लोह तत्ता[2] लों।
हाहा श्री हुजूर पुरनूर जसवंत जी, सी,
प्यारे दुखपूर प्रज्ञा[3] है बघूर[4] पत्तालों।
हिंदुस्थान की जबान धर्मस्थान धजा तूटी,
करुना निधान फूटी कूक कलकत्ता लों ॥१॥
सुन्यो खास गयो सूक हिय में उठै है हूक[5],
कूक कूक थाके चूक चित में चढै नहीं।
अति अकुलावैं त्यों तुलावैं जसवंत जोर,
महिमा महीपन की मन में मढै नहीं।
जोलों सिरदारसिंह राज अभिलेस पत्र,
पितु सी प्रसंसा प्रजा पालक पढै नहीं।
कुढ कुढ काया तोलों कल्पना बढ़ै हैं केती,
कृपासिंधु करक[6] करेजै की कढै नहीं ॥२॥
आयां आन[7] देतो सनमान खान पान देतो,
थान देतो दान देतो जानदेतो[8] जीसे ना।

१—पतिवती, सौभाग्यवती। २—गर्म। ३—बुद्धि। ४—हवा का बघूला। ५—पीड़ा। ६—खटकन। ७—इज्ज़त। ८—जाने देता।

राजा महाराजा रावराजा[1] कविराजा केते,
एक न समाजा ऐसो उरतें[2] अमीसे ना।
महिमा महीस[3] तें सहीस[4] लों सुनी है मुख,
मारू[5] धराधीस[6] की रहीस[7] सुनरीसे ना।

१—जोधपुर के राजाओं में यह चाल ठेठ से चली आती है कि चाहे जिस जाति की परस्त्री को पाँव में सोने का गहना पहिना कर उसे जब वे परदे में (उपपत्नि रूप) रख लेते हैं तब वह "पड़दायत" नाम से कहलाती है और उसके असली नाम के साथ आदर-सूचक "रायजी" शब्द जोड़ दिया जाता है। जिस पड़दायत पर उसके पति का विशेष प्यार होता है वह "पासवान" कहलाती है। रानियों में जैसे "महारानी" का उच्च पद होता है वैसे ही पड़दायतों में पासवान का होता है। इन पड़दायतों व पासवानों से जो पुत्र उत्पन्न होते हैं वे "भाया" कहलाते थे। परन्तु सं० १९१९ भादों बदि १० (ई० १८६३ ता० २२ सितम्बर) से वे तीन पीढ़ी तक रावराजा कहलाते हैं। (देखो "नागरी प्रचारिणी पत्रिका भाग १ अंक २ सं० १९७७ पृष्ठ १७४ सुप्रसिद्ध इतिहासवेत्ता मुन्शी देवीप्रसाद मुंसिफ, ऐसिस्टेन्ट सुपरिन्टेन्डेन्ट महकमे तवारीख जोधपुर का लेख" और "चीफ्स ऐन्ड लीडिंग फेमेलिज इन राजपूताना, पाँचवाँ संस्करण सन् १९२४ ई० पृष्ठ १९ जोधपुर राजवंश चेप्टर २" तथा पँवार नारायणसिंह महामंत्री कृत रावणा-राजपूत दर्शन द्वितीयावृत्ति सन् १९२६ ई० पृष्ठ २७)। २ हृदय से। ३—राजा। ४—घोड़े का नौकर, सईस। ५—मारवाड़। ६—भूमिपति, राजा। ७—राजवी।

जेर[1] जिय जोयो जसवंत गिर मेर[2] जैसो,
हेर हेर हार्‌यो हाहा दूजो फेर दीसे ना ॥३॥
रैत[3] रिछपाल और दीनन दयाल देख्यो,
मोट[4] महिपाल पन मनमें मन्यो नहीं।
अपनो सु अपनो परायो सो परायो पेख्यो,
दगा देन दिल जाको स्वपने सन्यो[5] नहीं।
सिथल मरुस्थल के निबल निभान-हारो[6],
सबल सदीव सत्व विह्वल[7] बन्यो नहीं।
सोधा सुधाकर[8] सों अक्रोधा[9] अविरोधा[10] एक,
जोधा जसवंत जैसौ जननी जन्यो नहीं ॥४॥
ज्वाल[11] जैसो जुलम कुटंबी द्रोह काल कैसौ,
भाल जैसो भिच्छुक[12] भदासा[13] भेव[14] भगतौ[15]।
आदर अमी[16] सो अनआदर जहर जैसो,
कादर[17] कहर कैसो जीव मांय जगतो[18],
वैभव[19] विशाल जसवंत नरपाल बाह।
मिंदर के अंदर पुरंदर[20] लां पगतौ[21]।

१—गिरा हुआ। २—मेरु-पहाड़। ३—प्रजा। ४—गर्व। ५—सुना, सटा। ६—निबाहने वाला। ७—कायर। ८—चन्द्रमा। ९—बिना क्रोध। १०—बिना विरोध। ११—आग की लपट। १२—माँगने वाला, मँगता। १३—भद्दा। १४—भेद, भाव। १५—भाग जाता। १६—अमृत। १७—कायर। १८—जाना जाता। १९—सम्पत्ति। २०—इन्द्र। २१—दीखता।

दैनों जाकों दाख जैसौ लेनों लाख लाख जैसौ,
आक सो अदेनों[1] लोभ लून जैसौ लगतौ॥५॥
वंस-वाट[2] वैन-वारो[3] दान छौल दैनवारौ,
लैनवारौ लोभ लव लेस न लगारौ[4] भौ।
दीरघ दुधारो दुग्व दारद[5] दलन हारौ,
भूप जसवंत को भरोसौ उर भारो[6] भौ।
घटना[7] घटारौ[8] वर[9] वंडता[10] घमंड वारौ,
भूरि[11] भुजदंड[12] वारौ एक उनिहारो[13] भौ।
सज्जन सुखारौ सोइ दुज्जन दुखारौ दृढ़,
सबको सहारौ तग्वतेस कौ दुलारौ[14] भौ॥६॥
भूपन में भूप औ अनूप रूप रूपन में,
सुन्दर स्वरूपन में सादृस[15] सुरेश[16] कौ।
मांन[17] मिट जातौ मोटों[18] हट[19] हट जातौ हेर[20],
दान दट जातौ दुःख देसको विदेस कौ।
छम्या जाकी हीतें सब भेले भए छत्र धारी,
बलिहारी बातें वंस दीपतो दिनेश कौ।

१—कंजूसपना। २—रास्ता। ३—चलने वाला। ४—बिल्कुल, ज़रा भी। ५—दरिद्र। ६—बड़ा भारी। ७—चरित्र। ८—रचने वाला। ९—श्रेष्ठ। १०—जोरावरी। ११—बड़े। १२—बाहें, हाथ। १३—चेहरा। १४—लाड़ला, पुत्र। १५—समान। १६—इन्द्र। १७—गर्व। १८—बड़ों का। १९—हठ। २०—देख कर।

ग्वैर[1] कौ खजाना खूटो मैर[2] को समंद फूटो,
आनद कौ कद तूटो नद तखतस[3] कौ ॥७॥

१–दयादान। २—दया। ३- जोधपुर नरेश महाराजा मानसिंह को मोडासा (ईडर राज्य) के राठोड़ ज़ालमसिंह ने जालोर के घेरे के वक्त बड़ी सहायता दी थी। इससे महाराजा ने इसकी शाखा में होने से अहमदनगर के महाराज तख्तसिंह का गोद लेने को मृत्यु समय कहा। क्योंकि महाराजा के विवाहित रानियों से कोई पुत्र जीवित न था। उपपत्नियों से १० पुत्र (रावराजा) थे, परन्तु हिन्दू धर्म और राजपूताने के रीतिरिवाजों के मुताबिक वे गद्दी के अधिकारी नहीं हो सकते थे। इसलिये अहमदनगर (महीकांठा गुजरात) से डेढ़ हज़ार महचरों सहित आकर महाराज तख्तसिंह सं० १९०० मगसिर सुदि १० (ता० १–१२–१८४३ ई०) को जोधपुर की गद्दी पर बैठे। इनका जन्म सं० १८७६ जेठ सुदि १३ को और देहांत स० १९२९ माघ सुदि १५ बुधवार (ता० १२–२–१८७३ ई०) को हुआ। ये बड़े स्वाभिमानी नरेश थे। सं० १९२७ कार्तिक बदि १३ को जब वाइसराय लार्ड मेयो ने अजमेर में राजकुमार कालेज खोलने को दरबार किया और वहाँ महाराजा तख्तसिंहजी को उदयपुर नरेश के बाद दूसरी बैठक न देकर तीसरी बैठक देना तय हुआ तो ये दरबार में शरीक न हुए और बड़े लाट से मुलाकात बिना किये ही लौट गये। इससे वाइसराय ने इनकी सलामी की तोपें १७ से १५ कर दी थीं। इनका इतिहास "तख्त विनोद" नाम से ब्रह्मभट्ट (भाट) कविराजा बाघसिंह (बाघजी) के बनाने पर इन्होंने उसे सं० १९०८ वैशाख बदि १४ को "लाखपसाव"

उन्नीसो अराती[1] आयो बावनो विजाती[2] बैठो,
काती बद[3] काल काती आठां दिन आनको।
घाती वार सुकर[4] सुदुकर[5] लगाई घाती,
जबैं याद आती ना सुहाती है जहान को।
चार बजे पूरे पैंतीस मिन्ट ख्याती गुन,
तज्यो जसवंत तन थिरा[6] सुख थान को।
छाती नां समाती दब जाती जोय जीव जर्‌यो,
हिंद पच्छ पाती पर्‌यो नाती[7] नृप मांन[8] को॥८॥

(लक्ष प्रशाद) पुरस्कार और ताम्रपत्र से दो गाँव दिये (देखो महामहोपाध्याय पं० हरप्रसाद शास्त्री सी० आई० ई०, एम० ए० कृत "प्रिलिमिनरी रिपोर्ट आन दी आपरेशन इन सर्च आफ मेन्युस्क्रिप्टस आफ़ बार्डिक क्रानिकल्स" पृ० १२ कलकत्ता सन् १९१३ ई०)। १—शत्रु। २—दागला, वर्णशंकर। ३—कृष्ण पक्ष, बुरा। ४—शुक्रवार। ५—कड़ी। ६—पृथ्वी। ७—पोता। ८—इनका जन्म सं० १८३९ माघ सुदि ११ (ता० १३ २ १७८३ ई०) को हुआ और जोधपुर की राजगद्दी पर सं० १८६० मगसिर वदि ७ (ता० ५-११-१८०३ ई० शनिवार) को बैठे। इन्हें अपने जीवन में शुरू से अन्त तक लगातार आपत्तियों का सामना करना पड़ा, परन्तु फिर भी ये विद्या, साहित्य, इतिहास, संगीत और कला-कौशल की उन्नति में दत्तचित्त रहे। ये स्वयं कवि और गान-विद्या तथा योग के अनुरागी थे, जैसा कि प्रसिद्ध है:—

जोध बसाई जोधपुर, ब्रज कीनी बिजपाल।
लखनेऊ काशी दिली, मान करी नेपाल॥

न्योतो दे बुलाए नृप पांतो दे जिमाए पांत,
भांतो[1] नहिं भायो पुत्र ब्याह में विफंद[2] को।
हांतो[3] कर जान्यो हस ऊंचो कर जान्यो हाथ,
नातो[4] कर जान्यो नांहि निठुर-निकंद[5] को।

इन्होंने चित्रों और संस्कृत व भाषा की हस्त लिखित पुस्तकों का एक संग्रह करके जोधपुर के किले में "पुस्तक प्रकाश" नाम से एक पुस्तकालय सं० १८६१ पौष बदि १ (ता० १७-१२-१८०४ ई० सोमवार) को स्थापित किया था। कई वर्षों के परिश्रम से इन्होंने मारवाड़ के राजवंश की एक ख्यात सं० १८८२ वि० में बनवाई थी और इन महाराजा ने भाषा ग्रन्थ कविराजा महाकवि बांकीदास आसिया से पढ़े थे। बांकीदास बड़ा ही निर्भीक और सत्यवक्ता कवि था। महाराजा ने इस कवि को दो बार "लाख पसाव" पुरस्कार दिये, परन्तु खरी-खरी सुनाने पर तीन बार देश निकाला भी दिया। फिर भी महाराजा इस सच्चे कवि का बड़ा मान करते थे। बांकीदास का संग्रहित २८०० सौ "ऐतिहासिक बातों" का हस्त लिखित ग्रन्थ बड़े महत्त्व का है। सं० १८७४ में जब कनफटे नाथों के बजाय गोकुलिये गुसाँइयों से युवराज छत्रसिंह ने गुरुमंत्र सुना और आयस भीमनाथ आदि की प्रतिष्ठा में फर्क आया, तब कविराजा बाँकीदास ने एक सवैया कहा जिसका एक पद यह है—"मान को नन्द गोविन्द रटे तब गंड फटे कनफट्टन की" (देखो वीर विनोद मेवाड़ का वृहद् इतिहास, जोधपुर प्रकरण)। १—अन्तर। २—बखेड़ा। ३—"हाँ" करना। ४—"नाहीं", ना करना। ५—दुष्टों को मारने वाला।

वैसो जसवंत बली उरमयो[१] असाध्य[२] व्याधी[३],
मुरझयो मुखारबिंद[४] मांगन[५] मलिंद[६] को।
राजलोक[७] रोतो रह्यो हाहाकार होतो रह्यो,
कोतो[८] कहां गयो परपोतो जयचंद[९] को ॥६॥

१—उलझा। २—लाइलाज। ३—पीड़ा। ४—मुख कमल, मुँह। ५—जाचक। ६—भौंरा। ७—रानियें, स्त्रियें। ८—कहां तो। ९—जोधपुर के महाराजा जो राठौड़ हैं, वे अपने को महाराजा जयचन्द्र के वंशज मानते हैं। इसी लिए प्राचीन ऐतिहासिक खोज के शुरू होने तक कन्नौज का राजा जयचन्द्र राठौड़ माना जाता था। परन्तु जब जयचन्द्र और उसके पूर्वजों के लगभग ७० ताम्रापत्र और शिलालेख मिल गये जिनमें कहीं उसके वंश का नाम "राठौड़" (राष्ट्रकूट) नहीं पाया गया। किन्तु सूर्यवंशी "गाहड़वाल" (गहरवार) लिखा हुआ मिला। तब से योरोपियन व भारतीय विद्वान "राठौड़" और "गाहड़वाल" वंशों को अलग-अलग मानने लगे। राठौड़ों की करीब १०८ शाखाएँ ख्यातों (हस्त-लिखित मारवाड़ी ऐतिहासिक बहियों) में मिलती हैं, परन्तु उनमें कहीं भी "गाहड़वाल" शाखा का नाम निशान तक नहीं है। ऐसे ही किसी शिलालेख, ताम्रापत्र, ऐतिहासिक संस्कृत काव्य, मुणहोत नैणसी की ख्यात तथा भाटों की अनेक पोथियों में से एक में भी कहीं गाहड़वाल (गहरवार) को राठौड़ों की शाखा नहीं लिखा है। इसलिए अब ऐतिहासिक विद्वानों का मत है कि गाहड़वाल और राठौड़ एक नहीं हैं और जोधपुर का राठौड़ राजवंश कन्नौज के गाहड़वाल राजा जयचन्द्र का वंशज नहीं है, बल्कि कन्नौज प्रान्तीय बदायूं नगर के राष्ट्रकूटों (लखनपाल) का वंशधर है। संयुक्त प्रान्त (यू० प०) में गाहड़वाल और राठौड़ आपस में विवाह सम्बन्ध भी अब तक करते हैं।

भाखैं केते भौरो संभु[1] आयो कैलाश भूलि,
गरवो[2] गनेश गावैं खलु[3] ना खबरजू ।
बलि हरचंद[4] बोलैं कलिको करन[5] केते,
विक्रम[6] वदान्य[7] वैसे उचरे अवर[8] जू ।

१—शंकर । २—बड़ा, गौरव वाला । ३—निश्चय । ४—ये अयोध्या के सूर्यवंशी राजा के पुत्र थे । सत्यता के पालन में इन्होंने बड़े-बड़े कष्ट उठाये. परन्तु अपने सिद्धान्त में अटल रहे । ५ महाभारत युद्ध के प्रसिद्ध वीर और दुर्योधन के परम मित्र । यह राजा बड़ा दानी था । महाभारत में इसका जन्म कुमारी कन्या कुन्ती के गर्भ से होना लिखा है । इसलिए ये पाँडवों के भाई थे । ६—लोग इन्हें उज्जैन का परमार राजा और विक्रम संवत् को चलाने वाला कहते हैं, परन्तु पुराने शिलालेखों, ताम्रपत्र और ऐतिहासिक पुस्तकों में इस विषय का कुछ भी वृत्तान्त नहीं मिलता है । यदि उज्जैन के मुञ्ज, भोज (सं० १०७८-१०९९ वि०) आदि परमार (पंवार) राजाओं के समय में भी ऐसा मानते तो वे राजा अपने शिलालेखों आदि मे वीर विक्रम के वंशज होने का गौरव प्रकट किये बिना कभी नहीं रहते । नई खोज से विद्वान्, सम्राट् चन्द्रगुप्त (दूसरे) को ही विक्रमादित्य मानते हैं । क्योंकि उस के विरुद (खिताब) विक्रम, विक्रमादित्य, सिंह विक्रम, अजित विक्रम आदि मिलते हैं । इस राजा का नाम इस संवत् के साथ जुड़ जाने से इसका नाम "विक्रम संवत्" हो गया हो । (देखो जॉन एँलन सम्पादित "गुप्तों के सिक्कों की सूचा") । ७—श्रेष्ठ । ८—दूसरे ।

कहैं के कनैया कामदेव अवतार केते,
ऊमर उचारैं जीव जो थो सो जबरजू।
जरियैं ना मोहाग्नि धरियैं अब धीरज को,
मरियैं नां रोय सब करियैं सबरजू ॥१०॥
देख्यो जसवंत सुख सुख ना दिखायो दुःख,
चाह्यो जसवंत जाके चिंता नांहि चितमें।
धेयो[1] जसवंत जोइ धरा धन धाम धारै,
सेयो जसवंत सोई संपत अमित[2] में।
आसा जसवंत राख्यो और के न आसावंत,
वासा[3] जसवंत वस्यौ वासना न वित[4] में।
जाने जसवंत जे जहान में अजाने नांहि,
माने जसवंत ने न छाने[5] रहे छिन[6] में॥११॥
वैदक विरुद[7] वाचै वेदान्ती बखाने वृत्ति,
शास्त्री सो सुजस सैली[8] रटना रहा करै।
श्रौत स्मार्त्त कार्य आर्य हव्यकव्य[10] श्रद्धा[11] सोभा,
च्यारों वर्णाश्रम ये चितमें चहा करै।
हाहा जसवंत मरु[12] नाथ के त्रिदिव[13] जातों,
नास्तिक निचोरै नीति आस्तिक अहा करे।

१—आराधना की। २—बेशुमार। ३ घर। ४ धन। ५—छुपे। ६—पृथ्वी। ७—यश। ८ स्वभाव। ९—रीति। १०—श्राद्ध। ११ दृढ़भावना। १२—मारवाड़, मरुस्थल। १३—स्वर्ग।

जैनी जस जपै जाको पुरानी[1] प्रसंसा पढ़ै,
किरानी[2] कुरानी[3] कथा कीर्तन कहा करै॥१२॥
आर्य्यावर्त अखिल[4] मलाका[5] ऽसाम[6] ब्रह्मा[7] ही में.
तिब्बत[8] में चीन[9] में कौचीन[10] में किनारे में।

१—पुराणों को मानने वाले, पौराणिक। २—ईसाई. क्रिस्टियन। ३—मुसलमान। भारतवर्ष में मुसलमान ७ करोड़ ८० लाख हैं। राजपूताने में १० लाख ७० हज़ार और मारवाड़ राज्य में १ लाख ६० हज़ार हैं। दिनोदिन इनकी गिनती बढ़ती जाती है। ४—तमाम, सारा। ५—पूर्वी प्रायद्वीप यानी इन्डोचीन के स्ट्रेटस सैटलमेन्ट का मलाका नामक टापू जो सिंगापुर बन्दरगाह के उत्तर पश्चिम में २४० मील पर है। ६—भारत में उत्तर पूर्व बंगाल प्रान्त का एक भाग जिसका प्राचीन नाम कामरूप और अब "आसाम" है। ७—बंगाल प्रान्त के पूर्व का देश, विधाता, ईश्वर। ८—हिमालय के उत्तर के एक देश का नाम। इस तिब्बत (भोट) देश की उन्नति का समय ईशा की ७ वीं शताब्दी है। इसी वक्त वहाँ बौद्ध-धर्म का प्रचार हुआ और भारतीय भाषा के ३० अक्षर वहाँ की लिपि में लिये गये तथा "लहासा" नगर राजधानी बना। ९—भारत के उत्तर पूर्व का चीन देश। १०—दक्षिण भारत का एक देशी राज्य जो बड़ी उन्नति पर है।

अफ़गानि[1] ब्लोचिस्थान[2] अर्ब[3] में ईरान[4] ही में,
कासगार[5] ख़ोबा[6] कंद[7] बलख[8] बुखारै[9] में।
नाम जसवंत जसधारी को न जाने कोन,
रूम[10] मांहीं रूस[11] मांहीं राजे दरबारे में।

१—भारत का पड़ौसी राज्य अफगानिस्तान। इसकी राजधानी अब काबुल है। ८ वीं शताब्दी तक इस देश में हिन्दू राज्य था। २—भारत के पश्चिमोत्तर का देश जो अफगानिस्तान के दक्षिण में और भारतवर्ष के सिंध प्रान्त के पश्चिम में है। ३—एशिया महाद्वीप के दक्षिण-पश्चिम कोने पर यह देश है जहाँ मुहम्मद जन्मा था। ४—फारस देश, परसिया। ५—पूर्वी तुर्किस्तान का काशग़र शहर। ६—पश्चिमी तुर्किस्तान में एक शहर। ७—एक शहर का नाम। ८—पश्चिमी तुर्किस्तान का एक इलाका। ९—पश्चिमी तुर्किस्तान में। १०—तुर्किस्तान (टर्की) का दूसरा नाम। ११—संसार का सब से बड़ा एक देश जो यूरोप और एशिया दोनों महाद्वीपों के उत्तरी भाग में फैला हुआ है। और अब वहाँ प्रजातन्त्र राज्य है। इस देश में बड़ी बड़ी नदियाँ और बड़े बड़े मैदान और जंगल हैं।

एसिया[1] में योरप[2] में एफ्रिका[3] ओसीनिया[4] में।
उभय अमेरिका[5] में भूमंडल भारै में ॥१३॥

१—पूर्वी गोलार्द्ध का पूर्वी भाग जो पृथ्वी के सब महाद्वीपों से विस्तार और आबादी में बड़ा है। इसमें १ अर्ब १ करोड़ तीस लाख आदमी निवास करते हैं। इस महाद्वीप में भारतवर्ष, ईरान, अफगानिस्तान, ब्रह्मा, श्याम, तिब्बत, चीन, जापान, जावा-सुमात्रा, अरब, और तुर्किस्तान नामक देश हैं। यूरोप निवासी (गोरे लोग) अपने विस्तार के लिये दूसरे देशों में जा बसे हैं परन्तु एशिया निवासी अपने ही देश में गिनती बढ़ाते जाते हैं जिससे जीवनक्षेत्र दिनोंदिन कठिन होता जाता है। परन्तु जब तक भारत स्वतन्त्र नहीं हो जाता तब तक विदेशों में जा बसना है भी आपत्तिजनक। २—पूर्वी गोलार्द्ध के वायव्य कोण का महाद्वीप। विस्तार में यह सबसे छोटा है परन्तु विद्या, शक्ति, हुनर, योग्यता में सबसे बढ़कर। ठंडा देश होने से इसके निवासी गोरे रंग के हैं। आबादी ४७ करोड़ ५० लाख है। इसमें इङ्गलैण्ड (विलायत), स्काटलैंड, आयरलैंड, फ्रांस, जर्मनी, रूस, पोर्चुगाल, इटली, ग्रीस, आस्ट्रीया, होलैंड, बेलजियम, स्वीटजरलैंड, स्पेन आदि देश हैं। यहाँ के निवासी अपने को आर्य्य वंशज मानते हैं। ३—पूर्वी गोलार्द्ध का पश्चिमी हिस्सा। इसकी आबादी करीब २५ करोड़ है और रक़बा एक करोड़ ५० लाख मील मुरब्बा है। ४—अमेरिका महाद्वीप में टापुओं के झुण्ड के एक प्रान्त का नाम है। ५—पश्चिमी गोलार्द्ध का महाद्वीप जिसका पता कोलम्बस साहब ने सन् १४९२ ई० की १२ अक्टूबर (वि० सं० १५४९ भादों बदि ७)

चित्र रामचंद्र को पवित्र पत्र प्रछित[1] को,
जान्यो मैं विचित्र व्याज जैचंद[2] के खाना को।

शुक्रवार को लगाया था। ज्योतिषी अमेरीगो साहब ने पहले पहल इस नई दुनिया का हाल लिखा था इससे इसका नाम "अमेरिका" होगया। १७ वीं सदी में अंग्रेजों की अच्छी बस्ती यहाँ बसी। क्षेत्रफल १ करोड़ ५५ लाख वर्गमील और आबादी १४ करोड़ है। ग्रामोफोन, सिनेमा, बिजली, आदि कई अद्भुत वस्तुओं की ईजाद यहीं से हुई है। इस महाद्वीप का पुराना नाम 'पाताल देश" है और अर्जुन यहाँ ही ब्याहा था। १—तृतीय पांडव अर्जुन का पोत्र और वीर अभिमन्यु का पुत्र राजा परीक्षित एक नागवंशी क्षत्रिय के हाथ से मारा गया था। २—कन्नौज के इस प्रतापी राजा का राज्य पांचाल देश (गंगा यमुना के बीच का दोआब) और काशी (बनारस) से परे तक फैला हुआ था। इसका राज्याभिषेक सं० १२२६ आषाढ़ सुदि ६ रविवार (ता० २१-६-११७० ई०) को हुआ और संवत् १२५० (हि० ५६०=ई० ११६३) में ये चंदावल (इटावा) में सुलतान शहाबुद्दीन गौरी के साथ के युद्ध में काम आया। इस का अपनी कन्या संयोगिता के स्वयंवर (विवाह) के लिये राजसूय यज्ञ करना और अन्तिम हिन्दू सम्राट् पृथ्वीराज चौहान का संयोगिता को हरण करना तथा इसके फलस्वरूप जयचन्द्र गाहड़वाल का विभीषण बन कर मुसलमानों को भारत पर चढ़ा लाना। ये सब बातें कपाल कल्पित हैं। इनका कोई ऐतिहासिक आधार नहीं है। यदि ये सब बातें सत्य होतीं तो इनका जिकर जयचन्द्र के शिलालेखों, ताम्रपत्रों, आदि में अवश्य मिलता। न ये घटनाएँ पृथ्वीराज चौहान के समय में बने "पृथ्वीराज विजय" में

पैमाना[1] प्रथू[2] को औ बयाना[3] बीर विक्रम को,
माना परवाना मान[4] दाना बलि दाता को।
नीराकर्न कर्न को सुचर्न चक्रवर्तिन को,
पर्न[5] कल्प-पोदा[6] को सु सार्टिफिक्ट[7] साता[8] को
दीनन को दाता जगत्राता[9] जसवंत जैसो,
खोसलीनो[10] धाता[11] क्यों नमूनो मांनधाता[12] को। ४
कुप्पा थो अमी[13] को जमीदारों को जहांन जानै,
सीतल समीर अरथीन[14] तन ताता को।

ही, न विक्रम की १४ वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में बने "हम्मीर महाकाव्य" में इनका कहीं भी जिक्र है। (देखो नागरी प्रचारिणी पत्रिका भाग १ अंक ४ में सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक विद्वान् महामहोपाध्याय रायबहादुर गौरीशंकर ओझा का लेख पृष्ठ ४०६ माघ सं० १९७७ वि०, फरवरी सन् १९२१ ई०, तथा विद्याविनोद कुँ० जगदीशसिंह गहलोत कृत "मारवाड़ राज्य का इतिहास" द्वितीयावृत्ति पृष्ठ ५७२ दिसम्बर सन् १९२५ ई० और "क्या जयचन्द्र देश-द्रोही था") पृष्ठ २। १—माप करने का यन्त्र। २—यह इक्ष्वाकु वंश का पाँचवाँ राजा था। जिसने अपने अश्वमेध यज्ञ में ब्राह्मण आदि को बड़ा दान दिया था। इसके पिता वेन को हरिवंश पुराण में बड़ा दुष्ट व दुराचारी लिखा है। ३—शाही। ४—जोधपुर नरेश मानसिंह। ५—पत्ता। ६—कल्पवृक्ष। ७—प्रमाणपत्र। ८—शान्ति। ९—रखवाला, रक्षक। १०—छीन लिया। ११—विधाता। १२—यह सूर्यवंशी राजा युवनाश्व का पुत्र और बड़ा दानी राजा था। इसकी रानी शशिमती राजा शशिबिन्दु की पुत्री थी। १३—अमृत। १४—इच्छुकों का।

गल्ला[1] सुभगाथा को पवित्रता को पल्ला[2] थो बो,
अल्ला थो मुसल्लावों को मल्ला थन माता को।
अत्र थो प्रसिद्ध आतपत्र[3] मात्र आर्य्यन को,
छत्र छत्रधारिन नछत्र सुख साता को।
जाता रहा लेके वो अमोल रत्न दाता जसू[4],
पोल में विधाता पायो मोल मांनधाता को ॥१५॥
विक्टोरिया[5] ईश्वरी के दाता वैसराय[6] आवैं,
दान कानून दैन सर्व सुख सत्ता को।

१—सग्रह। २—बर्त्तन, पलड़ा। ३—छाता, छत्र। ४—महाराजा जसवन्तसिंह। ५—इङ्गलैंड की महारानी और भारतवर्ष की राजराजेश्वरी विक्टोरिया जिसने सं १९१४ वि० के गदर के बाद अँग्रेज बनियों की ईस्ट इण्डिया कम्पनी का अन्त कर भारत के राज-काज की डोरी अपने हाथ में सँभाली। ता० १ नवम्बर सन् १८५८ ई० को इस दयालु रानी ने अपने घोषणा पत्र में भारतवासियों को वचन दिया था कि "मेरे राज्य में सारी प्रजा के साथ एकसा बर्त्ताव होगा, कोई अपनी जाति, धर्म अथवा रंग के कारण किसी औहदे से वंचित नहीं किया जायगा और सरकार किसी के धर्म-सम्बन्धी मामलों में दस्तन्दाजी न करेगी"। इसका लोगों पर बड़ा असर पड़ा और महारानी की उदारता की सर्वत्र प्रशंसा होने लगी। इसी पत्र में देशी राजाओं को गोद लेने की आज्ञा दी गई। कानून-कायदे ठीक किये गये और जाब्ता दीवानी, ताजीरात हिन्द और जाब्ता फौजदारी बन कर सारे भारत में चालू किये गये। २२ जनवरी सन् १९०१ ई० को ८२ वर्ष की आयु में इस महारानी का स्वर्गवास हुआ। ये भारतीय प्रजा के सुख दुःख का बड़ा ध्यान रखती थीं। ६—बड़ा लाट।

मांनधाता रामचंद्र धर्मराज[1] विक्रम से,
लिबरल[2] पधारे लार्ड, मेट उनमत्ता को।
लेट लार्ड भूप जमवंत का रिटायर[3] भो.
पार्लीयमैन्ट[4] परलोक पूगौ पत्ता को।
कंसरवेटिव[5] कलीकाल पारटी[6] प्रबल या में,
कोन लाठ ह्वैहैं देखैं कीर्ति कलकत्ता को ॥१६॥

२

[सवैया]

होय कृपाल कृपा न करो हरि,
सो तुमको कलि काल सिखायो।
ऐसे अमोलक मालक को अह,
हा हमने नहिं लाड[7] लिखायो।
दे युवराजपनो सिरदार[8] कों,

१—युधिष्ठिर। २—उदार। ३—अवसर प्राप्त। ४—राज सभा। ५—संकीर्ण, ओछे। ६—मंडली, टोली। ७—प्यार, दुलार। ८—महाराजा जसवन्तसिंह के इकलौते औरस सुपुत्र प्रजाप्रिय महाराजा सरदारसिंह बहादुर। ये सं० १९३६ माघ सुदि १ को जन्मे और सं० १९५२ कार्तिक सुदि ७ को राजगद्दी पर बैठे, और ३१ वर्ष की आयु में सं० १९६७ चैत्र बदि ५ (ता० २०-३-१९११ ई०) को रामशरण हुए। सं० १९५७ से इनके स्वर्गवास तक सर्व राज्य-काज इन

पाछे नहिं परलोक पिखायो[1] ।
भो भगवंत भलो न करी दृग,
श्री जसवंत को अंत दिखायो ॥१॥
श्री जसवंत की सोची नहीं सुन,
पोची[2] करी परलोक पठायो ।
क्यों कलिकाल के भिच्छुक पच्छिन,
को बट-प्राग[3] प्रलम्ब कटायो ।

के प्रधान मंत्री काश्मीरी पं० सुखदेवप्रसाद काक के ही हाथ में रहा। सं० १९६३ (सन् १९०५ ई० में महाराजा साहब के कण्ठमाल (Scrofula) का रोग हो गया और ३-४ दफे चीरा लगाये जाने पर भी हर आपरेशन के बाद गाँठें फिर आने लगीं। अन्त में अँग्रेज़ी इलाज से तंग आकर महाराजा ने देशी दवा कराने का विचारा। अतः कार्तिक सुदि ८ बृहस्पतिवार (ता० २५ नवम्बर १९०६ ई०) से आपने अपने गुरुवर ब्रह्मनिष्ठ महात्मा देवीदान संन्यासी से इलाज कराना शुरू किया और करीब डेढ़ मास में रोग सदा के लिए जड़ से मिट गया। आप के ही अनुरोध से दूर जंगलों व एकान्त श्मशानों से आकर संन्यासीजी सं० १९६३ मगसिर बदि २ (ता० २१ नवम्बर) से जोधपुर शहर से ५ मील दूर के गाँव चौपासनी के पास पहाड़ों में एक रमणीक एकान्त स्थान (देवीदान-देवस्थान) में रहने लगे। (देखो इतिहासवेत्ता श्रीजगदीशसिंह गहलोत कृत "जीवन-चरित" महात्मा देवीदान संन्यासी पृष्ठ ७ सन् १९२१ ई०) १—दिखलाया। २—बुरी। ३—प्रयाग का वट वृक्ष।

हाल अधीनन हीनन को हह.
दीनन को सुख द्वार दटायो ।
हाथन कों कहियें कहा हे हरि,
बातें अनाथन नाथ उठायो ॥२॥
पागयो तूं सु उठा गयो हा पुन.
सालम पोलम सोलमौं सोनो ।
हीन भये हम वा विन हा हिय.
छीन लयो तखतेस को छोनो[1] ।
रोनो है ये मन में निस वासर,
जाके जिसो जग होनो अहोनो[2] ।
हो गुनवंत जो राम लियो हर,
श्री जसवंत सो स्याम सलोनो ॥३॥
केस अस्वेत[3] हुते कछु कायक,
पूरी भई नहिं वेस[4] पिधायो ।
सेस[5] असेस[6] किते घर कारज,
ऐसी समे निज ध्वेस इधायो[7] ।
वा विधि पेस करी सुव्यथा वपु,
वो गुर लेलयो कान बिंधायो ।

१—बच्चा । २—नहीं होना । ३—काले । ४—उम्र ५—बाक़ी । ६—बेबाक़ी । ७—जताया ।

देस तजे मरुदेस दिनेश्वर,
श्री जसवंत नरेश सिधायो ॥४॥
राजन में सुरराज समो महा,
राजन में महाराज समेलै[1] ।
पाज[2] अपाहिज सर्व समाज सु,
पुन्न जहाज मिलै भव[3] पैलै[4] ।
काज अकाज करै करता कछु,
लाज लगै नहिं दै फिर लैलै ।
तूं जसवंत प्रथी सिरताज,
गरीबनबाज गयो किन गैलै[5] ॥५॥
औध तिहारि ये बावनो[6] हो अब,
आवनो है नहिं बात अधूरी ।
वा विधि कों विरमावनो[7] हो चित,
चावनो मौलत होति मंजूरी ।
श्री जसवंत सुहावनो हो दिल,
भावनो हो सु भयो किम दूरी ।
ठीक यहां ठहरावनो हो जग,
जावनो हो नहिं तेरो जरूरी ॥६॥

१—बराबर । २—सेतु, पुल । ३—संसार, लोक । ४—अगले । ५—रास्ते । ६—सं० १९५२ का वर्ष । ७—विलमाना ।

लाखन[1] को धन लाखन[2] दे दत,
लाखन[3] के मुख ले जस लारो।
लाखन को पनराखन हारो रु,
लाखन को लखिये रुखवारो।
श्री जसवंत सु लाखन को सुख,
लाखन लोगन साख सहारो।
पेखिये भाखन[4] "लाख मरो पै,
मरो मत लाख को पालनहारो" ॥७॥
इतके न रहे न रहे उतके गत,
कागन[5] को सु बनी बस बेरे[6]।
हेरे कछू नहिं सूझत है मन,
मांझ अमूझत सांझ सवेरे।
घेरे रहैं घर बाहिर में दुख,
एरे भए दिल खात दरेरे[7]।
नेरे सुनो जसवंत नरेश्वर,
तेरे बिना हम मेरे न तेरे ॥८॥
वे धन धाम धराधिप वे पुन,
ऊठ गयो पिंडतें कछु प्यारो।

१—लाखों रुपयों का। २—लाखों मनुष्यों का। ३—लाखों मनुष्यों। ४—कहावत। ५—जहाज पर बैठा हुआ कौवा। ६—जहाज के डूबने पर कहाँ जावे। ७—फोड़े।

नैन रु बैन सबी नृप के निज,
नाथ निहारबो बोलबो न्यारो।
श्री जसवंत जहांन कों संभ्रम,
ऐसो कियो जु सवाय[1] इसारो।
वा बिन और की और भई अब,
वो कछु और हतो उनिहारो ॥६॥
राजराजेश्वर बागराई[2] बस[3],
आनंद सां मधु[4] पान पियो है।
लालच लाग के लोक कों लोक में,
दांम कछू नहिं लेस लियो है।

१—निराला, दूसरे से अधिक। २—जोधपुर के एक राजमहल का नाम जो महाराजा जसवन्तसिंह प्रथम (सं० १६६५–१७३५ वि०) की महारानी जसवन्तदे हाड़ी (कल्याण-देवी) ने अपनी एक कृपापात्र दासी (दरोगन) "रायकी" के नाम से इस महल व बाग को बनवाया था। इस रानी ने एक तालाब जोधपुर में "कल्याणसर" भी बनवाया जो अब रातानाडा कहलाता है। यह "रायका बाग" नामक महल महाराजा जसवन्तसिंह (द्वितीय) का प्रिय निवास स्थान था और वर्त्तमान जोधपुर नरेश भी सपरिवार यहीं निवास करते हैं इसी महल के पास ही राज्य की कचहरी व दफ़्तरों के विशाल भवन हैं। (देखो "गाइड टू जोधपुर" पृष्ठ २३ सन् १८६० ई०)। ३—रह कर। ४—शहद।

कीरत जाकि हजारों करैं नर,
दान हजारों हजारों दियो है ।
श्री जसवंत जियो है जहां लग,
कीयो है जाको भलो हि कियो है॥१०॥
लाभ हुतो जिनकों जितनो लख,
हानि हुई उतनी फिर हानै ।
कूप परैं गिरतैं कि गिरैं कि,
मरैं कि जरैं मन एक न मानै ।
बार पुकार सु हार गए बस,
छार भए तन छानैहि छानै ।
पीव गयो जसवन्त जिन्है पुन,
जीव दसा निज जीव हि जानै ॥११॥
सांझ कथा सु चकोरन के चित,
बांझ व्यथा[1] न प्रसूत प्रमांनै ।
घायल की गत घायल के घट,
ठोठ[2] अघायल सो किम ठांनै ।
जैर कि घूंट भरै अमली जिम,
पांन पियूख परै नहिं पांनै ।
और पगी नहिं पीय कि आकृति[3],
जाकै लगी जिय जो जिय जांनै ॥१२॥

१—पीड़ा । २—अनजान । ३—शकल, सूरत ।

हां हरि होवहिंगे अनुकूलहिं,
फूलहिंगे हम बे फिकराई ।
श्री सरदार कबूलहिंगे कुल,
मूलहितें पितु की प्रभुताई ।
डूलहिंगे दिलतें दुख दूरहि,
ज्यौं छवि पिंजनि तूल[1] हि छाई ।
जो जसवन्त की मूलहि सालत,
भूलहिंगे सुत[2] देख भलाई ॥१३॥
पावहिंगे सिरदार प्रभू पन,
लावहिंगे सुध जो कुल लारी ।
आनंद के घन छावहिंगे इत,
खावहिंगे अरि कों घर खारी ।
जे दुखते उड जावहिंगे जब,
गावहिंगे गुण मंगलचारी ।
वे जसवंत भूलावहिंगे अब,
आवहिंगे दिन आंख अगारी ॥१४॥
साल अठारह पै सिरदारसि,
पाट प्रभा युवराज हि पातो ।
औ पितु पास सपूत सिरोमणि,
राज के काज कों बूझन आतो ।

१—रुई । २—पुत्र, महाराजा सरदारसिंह बहादुर से मतलब है ।

पान[1] धरे सिर प्रीति प्रतीति सों,
श्री नृप तूं निज नीति सिखातो।
आब चहै तैं ये रत्न अमोलक,
और को औरहि औ हुय जातो ॥१५॥
आंब के आंब ह्वै आक के आक ह्वै.
ये क्रम सृष्टि सदा निजरायो[2] ।
पेख्यो प्रतच्छ हि मच्छ[3] के वच्छ[4] कों,
स्वच्छ ह्वै पैरनो कोन सिखायो।
श्री सरदार उदार अनूपम,
ऊमर के इत बारहि आयो।
देख्यो नचीतो[5] ह्वै बीतो सबी दुख.
जीतो रहो जसवंत को जायो[6] ॥१६॥

३

(गीत जांगड़ो)

आवै जद याद गसा[7] तद आवै,
देख दसा दुखियारी ।
रसा[8] गयो तूं हा राजेश्वर,
छोड़ जसा[9] छत्रधारी ॥ १ ॥

१—हाथ। २—देखा गया। ३—मछली। ४—बच्चा। ५—निश्चित। ६—पुत्र। ७—मूर्च्छा। ८—पृथ्वी। ९—महाराजा जसवन्तसिंह (दूसरे)।

रही स्वछंद रैत तव राजम[१],
सुभ अमंद सुखियारी ।
आणंद कंद एक दम उठग्यो,
तखतनंद अवतारी ॥ २ ॥
राजसथान रटै कविराजा,
कीरत दांनकहांणी ।
गयो जहांन हूंत गुण ग्राहक,
मान हरौ माडांणी[२] ॥ ३ ॥
हर[३] घड़ियो हित मूं निज हाथां,
जड़ियो गढ जोधांणै[४] ।
झल झलाट करतो नग झड़ियो[६],
पड़ियो लम्ब पयांणै ॥ ४ ॥
अटे सोध अवरोध अचांणक,
बोध मोद बिसराए ।
प्राणनाथ हा नाथ जोधपुर,
गौख[७] सौध[८] गणणाए[९] ॥ ५ ॥
हा हा दिये घरोघर हेला[१०],

१ राज्यकाल में । २—से । ३ जबरदस्ती । ४—ईश्वर ५—जोधपुर । ६—गिर गया । ७—झरोखा । ८—राजभवन, महल । ९—गमी छा जाना । १०—आवाजें ।

पुर जण हिए प्रलापा ।
जिये जिके नहिं जिये जांण जग,
किये अनेक कलापा[1] ॥ ६ ॥
धुबी[2] चराकां हा दिन धौले[3],
मादिन[4] सोर मचायो ।
नाद[5] सुवाद्यन[6] पत्ति निसादिन,
सादिन नहीं सुहायो ॥ ७ ॥
व्याकुलतां घुलतां वलतां वह,
मरघट पुलतां[7] माली[8] ।
अकुलतां अंतिम असवारी,
चवरां ढुलतां चाली ॥ ८ ॥
झग झग उठै हिया में झालां[9],
दृग दृग दृग जल डारै ।
मग मग लखै आवतौ मारू[10],
पग पग प्रजा पुकारै ॥ ९ ॥
बरसण लागा बैण विरंगा[11],
तरसण लागा तीठा[12] ।

१—प्रपंच । २—जगी । ३—सफ़ेद । ४—स्त्रियें । ५—आवाज़ । ६—अच्छे बाजों की । ७—चली । ८—मस्ती के साथ, ठाठ से । ९—ज्वालाएँ, आग की लपटें । १०—मालिक, मारवाड़ी । ११—बेस्वाद, विरह के । १२—तृषावंत ।

परसण लागा पाव दुहेला,
दरसण छैला दीठा ॥१०॥
उरध लिलाड नीर भव आंखैं,
नाक कीर छिब न्यारी ।
दंत भुजा वछ[1] दौर धीर धर,
उर तसबीर उतारी ॥११॥
राग रंग उछरंग[2] रचाणा,
बाग राईके बाकी ।
सोग अथाग सिंधु बिच सारों,
त्याग पधारण ताकी ॥१२॥
दीन दयाल छेह[3] नहिं देता,
सदा अछेह[4] सभावां ।
पण तज देह अवेह[5] पधारो,
एह अनेह[6] अभावां ॥१३॥
दुरधर बेला[7] कठण दुहेली[8],
उर धर म्हे अकुलावां ।
सुरधर धणी ससांण मैलने,
पुरधर[9] जाण न पावां ॥१४॥

१—छाती । २—उत्सव, जलसा । ३—किनारा । ४—बेशुमार ५—अब । ६—अप्रेम । ७—समय । ८—कठिन । ९—शहर ।

मन मांणीगर[1] बिन मुरझांणा,
तन हांणी अब त्राता ।
जांणी धन बस मुसकल जुडणा,
अन पांणी अन दाता ॥१५॥
करे सुमार भलाई कितरां,
जेट तुमार जमाडी ।
और खुमार चढी नहिं अंतर,
एक दुमार[2] अगाडी ॥१६॥
कर गुण याद कियो कललाटो[3].
ज्यूं नभ फाटो जाणें ।
गोटम गोट दियो गणणाटो,
मणणाटो समसांणे[4] ॥१७॥
प्रैत करम कीन्हां मूं पैला.[5]
और वैत[6] नहिं आयो ।
देवकुंड[7] उणरैत झूंड दृग,

१—भोगी । २—तंगी । ३—रोना । ४—मसान में । ५—पहले । ६—दाव । ७—जोधपुर किले के पास ही यह तालाब है, जो महाराजा अभयसिंह (सं०१७८१—१८०५ वि०) ने बनवाया था और एक इमारत भी तैयार कराई जो अधूरी रह गई । महाराजा जसवन्तसिंह ने अपने जीवन-काल में सं० १९४१ में अपनी एक रानी का

दैत-कुंड[1] दरसायो ॥१८॥
दाहा सब होतां दैसोती,
स्वाहा चव[2] सममांणे।
आहा हव हुयग्यो अरियों उर,
हा हा रव[3] हिंदवांणे ॥१९॥
हाथ धोय बैठा माहिनै,
साराइ खोइ सनेही।
होय अनूप राख हुयगी वा,
दोय घड़ी में देही ॥२०॥
सास उसास आपरी सोभा,
नास हुयांइ निजरावै[4]।
फूल गयो तोइ खास फूलरी.
वास कदे न विलावै[5] ॥२१॥
गूंधै गोली तन गुडकावै,
ऊंघै नींद न आवै।
मूंधै सुजस इतर तव साजन,

अन्तिम संस्कार यहीं कराया था। तब से मंडोवर के स्थान में राजवंश की श्मशान-भूमि यही है। (देखो मारवाड़ राज्यका इतिहास पृ० २२२ सन् १९२५ ई०) १—दैत्यों का हौज। २—कह कर। ३—आवाज। ४—दीखती है। ५—जाती है।

मूंघै[1] मोल मुलावै[2] ॥२२॥
हा मा बाप हमीर[3] हीडाऊ[4],
सुपहां दाप[5] सवाया ।
अगलां पाप फिरै कोइ आडो,
आप निजर नहिं आया ॥२३॥
धोय धोय तन चख जल धारा,
रोय रोय नर नारी ।
जोय जोय थाका जग जांमी[6],
कोय न लागी कारी[7] ॥२४॥
छबर छबर आंसू धर छिडकी,
उर में सबर न आई ।
जबर पयांणै गौ जगपालक,
पाछी खबर न पाई ॥२५॥
आठों पौर अंगीठा[8] ओपम,
उर मीठा बच आंणै ।
मौजां देतां नैण मजीठा,
जो दीठा[9] सो जांणै ॥२६॥
लिया कनौजी दल निज लारै[10],

१—महँगा । २—खरीदते हैं । ३—साहसी, हिम्मत वाला । ४—विशाल मूर्ति । ५—गर्व । ६—रक्षक । ७—तजबीज़ । ८—अंगीठी । ९—देखे । १०—पीछे ।

गुण फौजी बलगाजा ।
एकरसूं आजे[१] चित-चौजी[२] ,
मन मौजी महाराजा ॥२७॥
तो बिन हाय खाय तन तिवराँ,
इंवराँ[३] जगत इमारां ।
सिवरां[४] थने[५] हिंदवा सूरज,
बिवरां[६] नहीं बिसारां ॥२८॥
पांखां[७] खोस गयो प्रभु प्यारो,
नित नांखां निसकारो[८] ।
नहिं झांखां[९] तौहि हुवै न न्यारो,
आंखां सूं उणियारो ॥२९॥
डूलाया किणरा नहिं डूलां,
फूलाया नहिं फूलां ।
झूलाया थारा म्हे झूलां,
भूलाया नहिं भूलां ॥३०॥
असरण सरण बणाई यूंही,
जनम मरण पुल जैडी[१०] ।

१—आना, पधारना । २—मन उमंग वाले । ३—चलते हैं । ४—याद करते हैं । ५—आपको । ६—वर्ताव । ७—पाँखें । ८—शोक भरे श्वास । ९—देखते हैं । १०—जैसी ।

तारण तरण गयो जसवंत तूं,
कारण करण कचेडी ॥३१॥
तूं मर अमर हुयो तखतावत,
ले जस सूंमर[1] लाखा।
घूमर[2] आव जसू पूरण घण,
ऊंमर री अभिलाखा[3] ॥३२॥

४

[दोहा]

अलख अजोनी आतमा, अचल अनूप अनंत।
तूं मारै तारै तुहीं, भिले-भिले[4] भगवंत ॥१॥
तूं ऊंचा खेंचै तिके, जग ऊंचा हुय जाय।
मन खांचै तूं माधवां, जिके रसातल जाय ॥२॥
जसधारी जसवंत नृप, हौ खांविंद हिंदवांण।
अनवों मुरधर रे अदिन, जोखमियो घण जांण ॥३॥
तपधारी तखतेस रो, सुत मोभी सुभियांण।
धरा हूँत मुरधर धणी, पूगो सुरग पयांण ॥४॥

१ सूम की सम्पत्ति। २—घूम कर। ३—इच्छा। ४—धन्य है, धन्य है।

उगणीसै बावन उरज[1], आठम कवि[2] बद ईस।
चार बउ्या जसवंत चल्यो[3] पूरा मिंट पैंतीस ॥५॥
जीव दियो जसवंत जद, चमके लोक अचंभ।
थिर[4] पर राजसथांन रो, थंभ गिर्‌यो रण-थंभ[5] ॥६॥
हा जसवंत हक बक हुवो, अकबक[6] लोक अजांण।
महपत पोतो मांन रो, पड़ियो गुण अप्रमांण ॥७॥
हांणी नृप जातां हुई, लेखण सकै न लेख।
पाटोधर धर पौढियौ, आइयो लेख अलेख[7] ॥८॥
जत्र तत्र फबतौ जसौ, लियां छत्रवट[8] लाज।
छत्र हुतो छत्र धारियो, अत्र ढयो दिन आज ॥९॥
प्रांण पठै[9] जसवंत प्रभु, अठै नहीं अवसेस।
जठै-तठै[10] जोवै जगत, कठै[11] गयो कमधेस[12] ॥१०॥

१—कार्तिक मास। २—शुक्रवार। ३—देहांत हुआ। ४—स्थिरा (पृथ्वी)। ५—योद्धा। ६—अवाक्। ७—ईश्वर। ८—क्षत्रियव्रत। ९—भेजे। १०—जहाँ तहाँ। ११—कहाँ। १२—राठोड़ों का स्वामी। कहते हैं कि राठोड़ों के किसी पूर्वज का सिर कट जाने के बाद भी उसका कबंध (धड़) शत्रु से लड़ता हा। इससे उसके वंश वाले कबंधज कहलाये। कहीं कमधज नाम का कोई राजा होना भी लिखा है जिसके वंशज "कमधज" कहलाये (देखो मारवाड़के ग्राम-गीत पृष्ठ १२६)।

साथ झुरै[1] जसवंत सह, दुखी अनाथ दयाल।
हाथ न आवै हे हरी, कमधां नाथ कृपाल ॥११॥
तो समान तोलूं तुला, खांवद जसवंत खैंग।
तेज लैण जावै नृपत, सूरज मंडल सैंग[2] ॥१२॥
एकै चेलै[3] सब अधिप[4], एकै चेलै आप।
तोई बिरोबर नह तुलै, जसवंत तो जस जाप ॥१३॥
हलकोड़ो ऊंचो हुवै, सुपह चिरमियों साथ।
नृप जसवंत नीचो निमैं, सोने ज्यूं समराथ ॥१४॥
जस सुण औ जसवंत रौ, होवै इचरज हिंद।
ऊंचा गुण सो क्यूं अहो, नीचो जाय नरिंद ॥१५॥
नीर फवारां निरखलौ, लाभै जसवंत लाभ।
जितरो नीचो ह्वै जमी, उतरो ऊंचो आभ[5] ॥१६॥
अलंकार मांहीं अहो, बस देखियें बिचित्र।
लहै ऊंचता लेणनें, पूरा पुरुष पवित्र ॥१७॥
दांन जिसो नह दूसरो, दांन स्वरग रो द्वार।
जो दांनी जसवंत नै, सब जांणै संसार ॥१८॥
जसवंत नृप रो जगत में, इक्को[6] नांम उदार।
सुदतारां रौ सेहरौ,[7] दाता रों दातार ॥१९॥

१—रोते हैं। २—तमाम। ३—पलड़ा में। ४—राजा।
५—आकाश। ६—अद्वितीय। ७—सिर का भूषण।

लोभ लाय में लाख गुण, जबरोडा जल जाय।
कनक दांन रा कीच में, के औगण कल जाय[1] ॥२०॥

ज्यूं चीजां जसवंत री, चुण चुण चित सूं चाय।
लो भी जस तज लेगयो, सज्जन-रांण[2] सराय[3] ॥२१॥

तिम लेतां सज्जन तणा, सानंद हुयो सरीर।
जिम देतां जसवंत रो, हो मन अत हमगीर[4] ॥२२॥

चित में जैड़ी चुगलरै, चुगली वाली चाय।
इँउँ आनी जसवंत उर, देवण वाली दाय[5] ॥२३॥

जग मांही जसवंत रो, सीधो हुतो सुभाव।
दिल उज्जल नहिं बदलतो, रंक मिलो चाहै राव ॥२४॥

इँउँ कैतो जसवंत अधिप, बिमल विचार बिचार।
इल[6] सबलां रै आसरै, निबलोड़ा नर नार ॥२५॥

मांण मेल कोई मांनवी, छित आवै घर छाड।
उणरो रखणी आबरू[7], लखलां मूंकी लाड[8] ॥२६॥

दुखी देखियां दीनने, दाता देत दयाल।
देस काल अरु घुसत दिस, करैन आंख कृपाल ॥२७॥

१—नीचे धँस जाते हैं। २—उदयपुर के हिन्दुआ सूरज महाराणा सज्जनसिंह। ३—सराहना करके। ४—प्रसन्न, साथ। ५—पसंद। ६—पृथ्वी पर। ७—इज्जत। ८—प्रेम।

लाखां धन दे लोक नै, मरद मरोड़ै मूंछ।
सापुरसां[1] रै सींग नहिं, पामर[2] रै नहिं पूंछ ॥२८॥

इधकारी अनरा अवस, मुसकल में नर मात्र।
जाचण आयां जोवनै, कहैं कुपात्र कुपात्र ॥२९॥

जसवंत कोई जीवने, कदे न कह्यो कुपात्र।
तैं समज्यो तखतेस तण[3], सनमुख हुयो सुपात्र ॥३०॥

जसवंत दीनां जीवने, राजी होवे राम।
नालायक सूं की नहीं, की लायक सूं काम ॥३१॥

जसवंत जग में जीवड़ा, सो न लखै हिय सुन्य।
स्वारथ हांती सारखो, परमारथ सो पुन्य ॥३२॥

जसवंत कैतौ जीवनै, पोषण में नहिं पाप।
काफर[4] नहिं दैणो कहै, वेहज काफर आप ॥३३॥

देतां दत आडी दियै, वो ऊँधो उपदेस।
सांनीवालों री समझ, लासांनी नहिं लेस ॥३४॥

पसू पसू कह पुरुष नै, आधो[5] करे अनर्थ।
पसू जिसा वे पुरुषड़ा, आवै और न अर्थ ॥३५॥

साकट[6] कह कह बेसमझ, दीन हटावै दूर।
साकट वेहिज समझणा, सींग बिनां बेसूर ॥३६॥

१—भले आदमियों के। २—नीच, पापी। ३—पुत्र। ४—मलेच्छ, कमीन, नीच। ५—दूर। ६—बैल।

खुधा त्रिषा पीड़ित पुरुष, तन त्यागंत अतीव ।
अभवी[1] कह न अनाप[2] दै, जेहिज अभवी जीव ॥३७॥
जसवंत केतौ जाचनै, लेजावो सब लोग ।
उत्तम मद्धम अधम रो, राख्यो एक न रोग ॥३८॥
कै अभवी काफर कहै, कहै कुपात्र कुजात ।
आ हदवालां री अकल, बेहद री नहिं बात ॥३९॥
पाई पुन परताप सूं, दुरलभ मांनव देह ।
बिपता हूँत बचावणां, ग्यांन मुगत रो गेह ॥४०॥
मांनवियों चूको मती, आयो मौसर[3] एह ।
देहु देहु धन दीन नै, लाभ जनमरौ लेहु ॥४१॥
जसवंत ग्यो इण जगत नै, वेला पुल बतलाय ।
सो वेला पुल, हुय समुख, जाचक विमुख न जाय ॥४२॥
गया श्राद्ध तीरथ ग्रहण, सरब परब समुदाय ।
है सारा इण हाथ में, हलै तो हाथ हलाय ॥४३॥
दांन कियां मिलसी दुगुण, हरि दीना दुय हाथ ।
ओखांणो[4] जग ओलखै[5], हाथ दियौ सो साथ ॥४४॥
हाथ थकां कर हाथ सूं, हाथ ऊपरै हाथ ।
हाथ मसलतां हाथ सूं, हाथ पड़े जम हाथ ॥४५॥

१—अभव्य । २—अन्न-जल । ३—मौका, सुभीता, मृत्यु-भोज । ४—कहावत । ५—पहिचानों ।

हाथ आथ दे हाथ सूं, हाथ आथ[1] हुयजाय।
हाथ आथ नहिं होवसी, हाथ आथ दुहूँ जाय ॥४६॥

हाथ न अपणै होवसी, हरी हाथ जयहार।
पटक हाथ पिछतावसी, पाछे हाथ पसार ॥४७॥

दांन हाथ सूं नह दियौ, अपणै हाथ अनाथ।
गयौ हाथ सूं सब गरथ[2] हाथ छतां पर हाथ ॥४८॥

अपणी सरधा सम अवर, दान देत सुदतार।
इल ऊपर होवै अमर, साख भरै संसार ॥४९॥

आछी बातां दोय इल, सब जांणत संसार।
कै सिमरण करतार रौ, सिमरण कै सुदतार ॥५०॥

सब जांणत संसार ये, किणसूं छिपी न कोय।
जोड़ै बाजै जगत में, दाता करता दोय ॥५१॥

लेत नांम जिण समय लख, नट चढ बरत निहार।
रहै प्रथम दातार रौ, कहै फेर किरतार ॥५२॥

जग ज्यां रो मांगण जलम, ईश्वर दियो अलीन।
दांम छतां ऊतर दिये, मांगण हूँत मलीन ॥५३॥

मनै समझ मोटो मिनख, जाचण आवै जीव।
वो इउं[3] जावै दिवस वो, दीजे मती दईव[4] ॥५४॥

१—धन (अर्थ)। २—धन। ३—बिना पाये, विमुख।
४—हे ईश्वर।

जसवंत आवण जांणतौ, दुखियो पैलां द्वार।
सुखियो कदे न संचरै, बीजां मांगण बार ॥५५॥

कादर दूजां रो करै, अन आदर अदतार।
आयां रो आदर करै, आदरवंत उदार ॥५६॥

बार बणायर बैठतौ, मिजलस मिजलस मौड़।
पड़दै में नहिं बैठतौ, दूजां ज्यूं घुस दौड़ ॥५७॥

बैतौह आयो बारलौ[1], मारवाड़ रै मांय।
जसवंत भूप जुहारियौ[2], कसर[3] न राखी कांय ॥५८॥

मोटां छोटां मुसदियां, बुलवातौ दरबार।
जसवंत खातर जीव का, सारां[4] लेतौ सार[5] ॥५९॥

काम सूंप कीनौ नहीं, दोस बिनां कोइ दूर।
कियो गुनो तोइ माफ किय, हा जसवंत हजूर ॥६०॥

धिनो धिनो जसवंत धणी, नृप कीन्हौ तैं नेह।
जकां निभाया जीवतां, छिलक न दीनौ छेह ॥६१॥

एक न कदे उतारियौ, दिल सूं मरजीदांन।
तैं राखी तखतेस तण, अपणाए री आंन ॥६२॥

१—बाहर का, विदेशी। २—नमस्कार किया। ३—कमी।
४—सब की। ५—सम्भाल।

हाडोती[1] हिल मिल हुई, मेल कियो मेवाड़[2]।
घर जसवंत रै घुमँड[3] नै, ढूकी घर ढूंढाड़[4] ॥६३॥
जगजांमी जसवंत रौ, हुयो बड़ौदे[5] हेत।
प्रीत बधावण परसपर, सुपहां[6] किया सचेत॥६४॥
कदे न राखी कुरब री, करड़ाई सूं कांण।
सारां घर ज्यूं समझियौ, जसवंत नै जोधांण॥६५॥

१—बूंदी और कोटा राज्यों की भूमि का नाम। २—उदयपुर राज्य। ३—उमड़ कर। ४—जयपुर राज्य का पुराना नाम। इस राज्य की भूमि का प्राचीन नाम "मत्स्य देश" मिलता है। कालान्तर में ऊजड़ या बन हो जाने से इसका नाम "ढूंढाड़" पड़ा। कछवाहा महाराजा सवाई जयसिंह (दूसरे) ने अपने प्रधान-मंत्री बंगाली पंडित विद्याधर की राय से सं० १७८४ सावण सुदि ७ (सन् १७२७ ता० १४ जुलाई शुक्रवार) को जयपुर नगर की नींव रख कर आंबेर के बजाय जयपुर को राजधानी बनाया। इस शहर के सब बाजार, गली, कूंचे लेनडोरी से नाप कर बनवाये गये थे। पक्के परकोटे में शहर दो मील लम्बा और सवा मील चौड़ा है। बाजार ४० गज चौड़े हैं। हिन्दुओं के बनाये हुए सब शहरों में जयपुर बड़ा सुन्दर है। यह भारत का "पैरिस" कहलाता है। शहर की आबादी १ लाख ४४ हज़ार है। ५—गुजरात का मराठा गायकवाड़ वंशी बड़ौदा राज्य जो अपने को राठौड़ क्षत्रिय बताते हैं और भारत में एक बड़ा उन्नत राज्य है। ६—राजाओं को।

बडभागी दीना विविद, संपत हित सनमांन ।
संप[१] राखणौ सीखियौ, थिर चित राजसथांन ॥६६॥

ज्यूं बधियौ जसवंत रौ, गवरमैन्ट[२] हित गाढ[३] ।
दोयण[४] सरब दबाबिया, चौड़ै छाती चाढ ॥६७॥

गैरा[५] राजी हुय गया, आयोड़ा अंगरेज ।
लाखां दिरब लगावतां, जसवंत करी न जेज ॥६८॥

रेल[६] अणायर रैत रौ, दुख कीन्हों नृप दूर ।
दुनियां काल दुकाल में, पावै अन भरपूर ॥६९॥

नहर सुधार रु नीर री, दाटी[७] सैर[८] दुमार[९] ।
मैरवांन मुरधर महिप, हैर[१०] गया म्हे हार ॥७०॥

मन तन परमानंद में, सानंद रह्यो सदीव ।
सात सुखी संसार में, जसवंत समौ न जीव ॥७१॥

कीरत सूं हुय गौ कमंध, जग वल्लभ जसवंत ।
कीरत री महमा करै, इल में संत असंत ॥७२॥

करणी कीरतवंत री, रैणा अंत रहंत ।
सब दानां रौ सेहरौ, कीरत दांन कहंत ॥७३॥

१—एकता, स्नेह । २—अंगरेज़ सरकार । ३—प्रेम । ४—शत्रु । ५—खूब । ६—रेल, धुआँ गाड़ी । ७—मिटा दी । ८—शहर । ९—पानी का अकाल । १०—हाय ।

कीरत लीजो कल महीं, राजा राणा राव।
अमर हुवण इल ऊपरै, और न एक उपाव ॥७४

४

[सोरठा]

पुल[1] धिन बैठो पाट, तिण दिन तूं तखतेस रै।
उणदिन मिटी उचाट, जोधांणै रो नृप जसा ॥१॥
समपे[2] लाखपसाव[3], गांव पटा औधा[4] गरथ।
चौरंग लछमी चाव, जिण तिण घर कीन्हौ जसा ॥२॥
आणंद मंगल आह, नित दंगल[5] होता नया।
पण जंगल पतसाह, जस खाटण[6] लीन्हौ जसा ॥३॥
घड़ियौ[7] घाट सुघाट, नारायण निज कर निपुण।
ठसकीला[8] वो ठाट, जो किम भूलीजै जसा ॥४॥
खेडेचा बिन खोड, परमेश्वर रचयो पुरुष।
जसवंत थारो जोड, नर दूजो दीसै नहीं ॥५॥

१—समय। २—दिये। ३—लाख रुपये का इनाम जो भाट, चारणों को राजा रईस देते हैं। यह इनाम नक़द रुपये में नहीं दिया जाता है किन्तु हाथी, घोड़े, ऊंट, रथ, रत्न, ज़मीन व धान आदि के रूप में दिया जाता है। इन सबका मूल्य करीब १५-२० हजार रुपये के होता है फिर भी यह "लाखपसाव" (लक्षप्रसाद) ही कहलाता है। ४—पद, अधिकार। ५—खेल, अखाड़ा। ६—संग्रह करना। ७—बनाया। ८—अदाओं वाला।

घन तन जोबन धार, घमंड करै मनमें घणा।
निरग्रब[1] तनै[2] निहार, जीता[3] म्हे खांविंद[4] जसा॥६॥
आछा पणा अनेक, एक एकसूं गुण[5] अधिक।
उणियारौ ऊ[6] एक, जग तूं थो खांवद जसा॥७॥
बहु मीठा बच बोल, हित अतौल कर हेतवां[7]।
मोल[8] बिनां तैं मोल, जग लीनौ खांवद जसा॥८॥
धिन थारो धणियाप[9], धिन धिन तूं मुरधर धणी।
धिन दिन दरसण धाप[10], जे करता खांवद जसा॥९॥
घण मोला घोडाह, घण मोली केइ घोडियां।
थुथकारिय[11] थोडाह, जगमें तो जोडा जसा॥१०
यूं तौ सौख अनेक, किया जौख मूं थैं कमंध[12]।
अजब सौख नृप एक, जग घोडाँरा हौ जसा॥११
घोड़ा के घरजाम, घर जांमी के घोड़िया।
ऊभोडी[13] आराम, जग लेतो थारी जसा॥१२॥

१—निराभिमान। २—तुझ को। ३—जिया करते। ४—पति, मालिक। ५—सं० १६२६ पौष वदि १० को महाराजा साहब ने फलोधी शहर की लटियाल माता के मंदिर का फैसला दिया कि "हमारे पूर्वज महाराजा रामसिंहजो की खास आज्ञा से इसके पुजारी ढोली (नक्कारची-डूम) हैं। अतः उनके स्थान में मंदिर की पूजा तो अब ब्राह्मण करें परन्तु भेट पूजा (चढावा) नक्कारची लोग ही लेवेगें। क्योंकि हम अपने पूर्वजों की आज्ञा को टालना नहीं चाहते।" ६—वह ७—प्रेमियों से। ८—मूल्य। ९—अपनाइत, मालिकी, संरक्षता। १०—जी भर के। ११—नज़र लग जाने के डर से जो थूक डाला जाता है उसे कहते हैं। १२—राठौड़। १३—खड़ी।

बातां गई बिलाय, सुपनौ होकै सांपरत[1] ।
कैतां कई न जाय, जियरी जिय जांणै जसा ॥१३॥
सुख देग्यो समराट[2], तोटो रोटी रौ न तौ ।
आठां पौर उचाट, जावै नह जियरी जसा ॥१४॥
जीवण मरण अजांण, नहिं गैला[3] सैणा[4] नहीं ।
अधमरियां ऐनांण[5], जांणां म्हे म्हांरा जसा ॥१५॥
खावण पीवण खैर, सैर करण चीजां सरब ।
हाहा तो बिन हैर. जैर[6] जिसो जग है जसा ॥१६॥
जीणा जां लग जोय, पीणा गुटका जैर पिण ।
लाखीणा दृग लोय, जियमूं नह भूलां जसा ॥१७॥
संग रमे तव सांम[7], वे उमंग ऐसां करी ।
तू रंग गयौ तमांम, जग बिरंग[8] लागै जसा ॥१८॥
नहिं बोलां तौ नीच, जौ बोलां निलजा जपै ।
बसणौ दोजक बीच, जग हसणौ बाकी जसा ॥१९॥
सुण सातां मुख सोय[9], चुण बातां चरचा चलै ।
घुण[10] लकडी तन घोय, जिणरी कुण जांणै जसा ॥२०॥
दीसै बायर दौर[11], जलियोडा छांणा ज्युँही ।
तन रौ सारौ तौर[12], जी लेग्यो थारौ जसा ॥२१॥

१—प्रत्यक्ष । २—सम्राट्, राजाओंके राजा । ३—पागल । ४—समझदार । ५—लक्षण । ६—जहर । ७—हे स्वामि । ८—सूना, फीका । ९—मन्सा । १०—घुन, दीमक । ११—आकार । १२—तेज ।

उर जीवण नहिं आस, वास करम बाकी बसै।
सौरौ[1] है नह सास, जिय दोरौ[2] थां बिन[3] जसा॥२२
घट में औघट-घाट[4], घड़ी घड़ी घड़ता रहां।
बैसी कद औ-बाट[5], जिय दुखियारौ है जसा॥२३॥
राजा ओ महाराज, घर घर में बैठा घणा।
सारां रो सिरताज, जगतूं ग्यो खांवद जसा॥२४॥
महपतिया[6] मरजाद, बांका पण राखै विविध।
सीधापणै सवाद, जसार लियो खांवद जसा॥२५॥
लसकर राखै लार, धन जस कारण धर धणी।
एकल फिर असवार, जस लीनो धनदे जसा॥२६॥
अत छोटै उनमांन, रैणी[7] तूं रैतौ[8] रसा।
देवण विरियां दांन, जद मोटौ वणतौ जसा॥२७॥
राजावां री रींज, सुखदाई सारां सुणी।
खांवद थारी खीज, जग निहाल करती जसा॥२८॥
राजी हुय रीजांह, रात न बाकी राखतौ।
चीजां पर चीजांह, जद देतौ खांवद जसा॥२९॥
बुवो[9] जिकण तूं बाट, चितसूं बाट चितारसी।
थैं कीना सह थाट[10], जग में पग पग है जसा॥३०॥
माफ करण मा बाप, खून कियोडा खलक नै।
आप सिरीखा आप, जग मांही दूजा जसा॥३१॥

१—सुखी। २—दुःखी। ३—आप के बग़ैर। ४—घाटगढ़, संकल्प विकल्प। ५—यह रास्ता। ६—राजा लोग। ७—रहनी ८—रहता। ९—चला। १०—आनन्द।

सन्त असन्त सार

दोहा

तंडण[1] कर कविता तणों[2], घालूँ[3] चंडण[4] घूब[5]।
भंडण जोगे भेख रो, खंडण करणो खूब ॥१॥
मोडां दुग्गह[6] मालिया[7], गाबर फोगे गाल।
भोगै सुन्दर भाँमणी[8], मुफत अरोगै[9] माल ॥२॥
खीरां[10] बांनो[11] ज्यूँ खरा, बीरां[12] छांनी[13] व्याध[14]।
ध्याँनी पग धारा धरे, सीराँ[15] काँनी साध ॥३॥
मा जाई कहे मोडिया, करे कमाई कीर[16]।
बाई कहे जिण बेन[17] रा, बणें जँवाई बीर ॥४॥
आज काल रा साध रो, व्याज बुहारण[18] बेस[19]।
राज माँय झगड़ै रुगड़[20], लाज न आवै लेस ॥५॥
बड़ी हवेली बीच में, हेली[21] सूँ मिल हाय।
बण सतगुरु छेली[22] बखत, चेली सूँ चिप जाय ॥६॥
झोटाँ[23] ज्यूँ साधू झपट, जोटाँ दे जुग टाल।
चेली सूँ चोटाँ करै, रोटाँ हित रुगटाल[24] ॥७॥

१—मथण। २—का। ३—मिला देना। ४—तीव्रता। ५—बाँकापन। ६—दोहरे। ७—कमरा, महल। ८—स्त्री। ९—खाते। १०—अंगारे। ११—राख। १२—वीरों के। १३—छुपी। १४—पीड़ा। १५—हलुआ। १६—भील। १७—बहिन, भगिनी। १८—बटोरना। १९—भेष। २०—मूर्ख। २१—सखी। २२—अन्तिम। २३—पाडिया। २४—कपटी।

जणियाँ[1] जणियाँनें जिकाँ,धणियाँ[2] बिनली धूँस।
१—हवा, पवन। २—हवा का गोटा। ३—पत्ता। ४—निन्दनीय। ५—जानने योग्य। ६—खरीदना। ७—बेचना। ८—अच्छा। ९—बुरा। १०—अपना हृदय। ११—पहर। १२—मुफ्त।

ओरको भलो निहारि रोकिबे अरयों ।
आपनूं बुरो बिहार डोकिबे डरयों ॥१७॥
ओर जो बुरे भले प्रवाह का परयों ।
तू न क्यूं भलो बनैं भलो भलो भरयों ॥१८॥
भार ओर मार मार मास्त्रको भरयों ।
आप नहीं मार सूई[1] पार नां परयों ॥१९॥
धूत ओर को निहारि चोरिकैं धरयों ।
सूचिका[2] प्रदान भू विमान कों वरयों[3] ॥२०॥
सांममें बिश्राममें तमाम सूं डरयो ।
दीह[4] में हराम क्यूं न राम सूं डरयो ॥२१॥
कामनीं सदोख जानि पोखतैं करयो ।
मोखको अदोख मानि तोख[5] नां तरयो ॥२२॥
भोगबे कूं जून खून गूंनतैं भरयो ।
काम चून[6] को रोट न लूंन[7] को करयो ॥२३॥
धर्म को सुधार हो सु धार में धरयो ।
आपनूं उधार[8] सौ उधार[9] में अरयो ॥२४॥
बारलो[10] असेस[11] सोध[12] बोध तैं करयो ।
सोधनां विसेस मांहिं सोध नां करयो ॥२५॥

१—सुई । २—लेना । ३—देह । ४—सन्तोष । ५—आटा । ६—लवण, नमक । ७—उद्धार । ८—बाकी रक़म । ९—बाहर का । १०—कुल । ११—शुद्धि ।

काम क्रोध लोभ मोह पासमें परयो।
आमको विनामकैं निरामनां अरयो ॥२६॥
गर्व में अखर्व[1] खर्व[2] गर्वनां गरयों।
पर्व[3] में विपर्व पर्व वासनां[4] भरयों ॥२७॥
थानको कुथान थान मान नींसरयों।
होयसो सुथान हा विहान[5] बीसरयों ॥२८॥
हूं जहां अरामखोर[6] तू जहां तरयों।
तूहिं पार तार सार पाव में परयों ॥२९॥
हैं बुरे भदीय[7] सो कबूल में करयों।
अच्छ हैं त्वदीय अच्छ लच्छ में लरयों ॥३०॥
पार या सँसारको विचार नां करयों।
वार पार वारतें निसार नां करयों ॥३१॥
ऊमरा असार मांहिं सार का धरयों।
राम नाम सार हैं असार सो सरयों ॥३२॥

९

दोख निज दीह[9] न दीसै[8] रे, रसा[9] अवरां[10] पर रीसै[11] रे
बात निज हाथ बिगाडीरे आई सोइ पांत अगाड़ीरे ॥टेक

१—बड़ा। २—छोटा। ३—पुण्य दिन। ४—इच्छा। ५—सुबह। ६—मेरा। ७—दृष्टी से। ८—देखना। ९—भूमि, संसार। १०—दूसरों पर। ११—गुस्से होना।

पाणीं नह पाऊंरे प्यारा सैनांणी न सरीर।
कांणो[1] कहै चितारा कोझो[2] तैं आंणी तसबीर ॥१॥
कह्यो बुलाय कांचलो करजी,[3] चितसूं मरजी चाढ।
गात निहारि त्रिया कूस[4] गरजी,[5] दरजी ऊपर दाढ॥२
हंसक[6] पाव हंसगत हसहस, अंसक वृथा उदंत।
बांझ नारि कुल-लोक[7] विधुंसक,[8] कहत नपुंसक कंत॥३
बाजो पर साजी चट बैठे, है राजी बिन होस।
पड़ै सवार आप खुद पाजी, दै ताजी[9] सिर दोस॥४॥
तुरत निहार मूझ तन त्रासै, नैणां नांसै नींद।
स्वामी कहै संघि निज खासै, क्यूं वासै कोपीन॥५॥
मोज न गिणैं चढावै मूंहो, जोजन दूरो जाय।
खोज न करै निकालै, खोड़ां[10] मांदो[11] भोजन मांहि॥६
फल अंगूर देखि दृग[12] फाटा, ताटा[13] ऊंचा ताय।
पलटी लूंकी[14] देय पलाटा, खाटा[15] अै कुण खांय॥७॥
चल रंगरेजा में नहिं चाहूँ, भल नहिं सोभा भंग।
अलमित देखिर जलै अंगमें, रांड कसूंमल रंग ॥८॥

१—एक आंख वाली। २—खराब। ३—करना। ४—पतली। ५—खीजना। ६—बिछुवे, पांवों का एक जेवर। ७—मर्यादा। ८—नाशक, मिटाने वाला। ९—घोड़ा। १०—दोष। ११—रोगी। १२—आंख। १३—पेड़। १४—लोमड़ी। १५—खट्टे।

बोखो[1] आय अभागै बैठै, रस पागै प्रिय रोल[2]।
मूरख रै लागै तन मिरचां, त्यागै तुरत तमोल[3] ॥६॥
माच क्रोध सटकै मुख मोड़ै, पटकै आच[4] पसार।
पुण[5] गुण नाच कुवाच प्रकासै, नकटो काच निहार १०
कामी कूड़ प्रपंच घणाकर, झूड़[6] करै तन झेर।
ऊ[7] साध्वी दिस धूड़ उडायर, फूड़ बतावै फेर ॥११॥
धाड़ो पाड़ण सघुण[8] वैणां, ताकि जलावै तांद।
सांथो[9] देतां रात सरावै, चोर बुरावै चांद ॥१२॥
रूठर[10] कहै अतर नह रूड़ो[11], तूठ[12] न देऊं तार।
पूठ फिराय पीनसी[13] जंपै[14], गांधी ऊठ गँवार ॥१३॥
समझावै बहूधीत[15] सयाणां, वाचक नींत विनीत।
संख सेत ह्वै रीत सदा री, पांडुर[16] पीत प्रतीत ॥१४॥
विविधि बजंत्री बीण बजावै, सुघड़ झीण सुर सार।
बोलो[17] कहै खीण[18] ह्वै वंचक, हीण बजावण हार ॥१५
वण साधू निज नाम विसारो, बल धारो मद छाक।
नरक पधारो देय नगारो, तिरण कँदारो[19] ताक[20] ॥१६

१—बिना दांतों वाला। २—मजाक। ३—पान। ४—हाथ। ५—फिर। ६—पुराना, जीर्ण। ७—वह। ८—शकुन। ९—सैंध लगाना। १०—नाराज होकर। ११—अच्छा। १२—खुश होकर। १३—पीनस रोग वाला। १४—कहे। १५—पण्डित, बहुत जानने वाला। १६—पीलिये का रोगी। १७—बहरा। १८—दुखी। १९—रास्ता। २०—तकना।

जारी करतां जाय जमारो[1] थिर न विचारो थाक।
बुधि थांरी रो है बलिहारो, ऊमर खारो आक[2] ॥१७॥

जोधारां रो जस

वीर बतीसी

[छन्द नाराच—जोधां रो]

कहूँ भटा[3] समत्थ[4] कै दया समत्थ सत्थ[5] दे,
समत्थ अत्थ साधने समत्थ में समत्थ जे।
अखंड ब्रह्मचर्ज के सिखंड[6] खंड अज्ज[7] के,
सधीर[8] ही[9] हमीर[10] से गंभीर[11] भीर[12] गज्जते[13] ॥१
धुरा सुघाट[14] घाट[15] के कपाट[16] छत्ति[17] के धरें,
घनं प्रतच्छ[18] तच्छ के प्रदच्छ स्कच्छ के घरें।
सुशील सभ्य साच्छरं[19] श्रुति प्रमान सोहनें,
अभंग पुत्ति[20] ओज के मनोज[21] मूर्ति मोहनें ॥२॥

१—आयु। २—आक का पेड़। ३—योद्धा। ४—समर्थ। ५—साथ। ६—मुकुट। ७—आर्यावर्त देश यानी भारतवर्ष। ८—धैर्यवान। ९—हृदय। १०—रणथम्भोर गढ़ के सुप्रसिद्ध चौहान राजा हम्मीर। देखो पृष्ठ ३० की पाद टिप्पणी। ११—गहरी। १२—संकट का समय। १३—नाश करने वाले। १४—सुघड़। १५—बनावट। १६—किवाड़। १७—छाती। १८—प्रत्यक्ष। १९—पंडित। २०—पूर्ति। २१—कामदेव।

अमोल तोल मोल के प्रचोल चोल[1] अँख[2] के.
अडोल डोल कन्ध के विडोल ने असंक के।
विशाल भाल[3] कन्धरा रसाल छत्ति युत्थरे,
रहें पदग्ग[4] रेखतें सुदेषतें अरी डरे ॥३॥
प्रचंड बाहु दंड के भये प्रचंड पिंड में.
घमंड को घटायदे मिलेन सेा भुमंड[5] में।
डरे न सिंघ-डोल[6] ते स्व[7] डोलते डरावने.
करोल टोल[8] टोल कोल[9] कोल[10] ते करावने ॥४॥
प्रगलभ[11] कंठ पेल देत कंठ कंठिराव[12] का,
दुहत्थ[13] हत्थ[14] ठेल देत हत्थलैं प्रदाव को।
उन्हें न भीत[15] और अभीत[16] व्हेन त्यां अगे,
भगेन वाह जान दे नबाह नावरे भगे ॥५॥
मिले न मीढ[17] मीढ के अरीढ[18] रीढतें[19] अरी,
करे न ईढ[20] और की उन्हें न ईढ को करी।
चरित्र में विचित्र ज्यूं पवित्र में पवित्र जे,
अमित्र के अमित्र त्यूं सुमित्र के सुमित्र जे ॥६॥

१—लाल। २—आँख। ३—ललाट। ४—पाँव का अगला भाग। ५—पृथ्वी मंडल। ६—आकार। ७—अपना। ८—समूह। ९—वादा, प्रतिज्ञा। १०—सूअर। ११—वाचाल, ढीठ, व्यापक। १२—सिंह। १३—दो हाथों से। १४—हाथ। १५—डर। १६—निर्भय। १७—बराबरी। १८—बिना पीठ दिखाये। १९—नाश करना। २०—ईर्षा, शत्रुता।

अद्वेस और ऐश्वरीय जीवना[1] जरयो करे,
मान्या करें मंतव्य को कर्त्तव्य को करयो करे।
भ्रमैं प्रत्यूह[2] व्यूह[3] पें समशनु भ्रुह[4] लों भिरी,
क्रमें प्रत्यूह ओपमा दुरूह[5] दन्त ली किरी ॥७॥
प्रमान शास्त्र मात्र को स्वपंडतं स्वयम् पढे,
गुनीन अग्ग[6] मन्य ह्वे व्यभ्यास[7] अन्य में बढे।
प्रकांड[8] पाठ पाठ के त्रकर्मकांड[9] को करे,
तने त्रई उपासनां ब्रह्मांड ज्ञान तें तरे ॥८॥
अधर्म को न आदरे सुधर्म कों सदादरे,
करे नहीं अन्याय कर्म धर्म न्याय को धरे।
सुसीख हेति सीखके तमाम तीख आत में,
भले सरीक ईख के न भीख मांगते भमें ॥९॥
चिराय नव्य नव्य नम्सु भव्य भव्य में चहे,
द्विजन्म पाय हव्य कव्य हव्य वाट में दहे।
धरा सुधेनु छूय छूय दूय दूय[10] धू[11] धरे,
क्रतू[12] समान राजसूय भूय भूय भू करे ॥१०॥

१—हिम्मत। २—विघ्न, बाधा, अटकाव। ३—युद्ध का सेना मंडल। ४—भँवारा। ५—कठिन। ६—आगे। ७—विशेष अभ्यास। ८—बड़े। ९—कर्त्तव्य, उपासना और ज्ञान। १०—दोहन कर करके। ११—निश्चल। १२—सत्ययुग।

उचार काट अन्य बाट वेद बाट में बहे,
निराठ[1] दाट[2] घाट की नहीं सम्राट की सहे।
बिठोर बाहुदंड कों उदंड ठोरते बहें,
बिघोर शस्त्र अस्त्र झाट[3] टाट[4] फोरते बहें ॥११॥
बिजेत[5] बांन जेत[6] के निसांन[7] घोरते बहे,
रसा अरेत[8] रेत[9] को मुखग्ग[10] टोरते[11] रहें।
अगोट चोट देन कों सघोट गोट पें अटे[12],
हँसे प्रखोट मोट को बिफोट कोट[13] तें हटें ॥१२॥
खरां कहे खरा खरा धरा धुजावते बहें,
विकार हैं कुजा कुजा भुजा खुजावते बहें।
विवक्कि[14] वक्क[15] हे अवक्क[16] चन्न चेंठते बहें,
बिवन्न लंघकन्न[17] के दुकन्न[18] एठते बहें ॥१३॥
नटालि दे भटालि[19] की जटालि[20] ऐंचते नृभें[21],
अरीन मुच्छ मुच्छ दें खमुच्छ खेंचते अभें।

१—बिल्कुल, कड़ी। २—धमकी। ३—झपट। ४—खोपड़ी। ५—जयवान, विजयी। ६—जय। ७—बजाते। ८—दूसरों की प्रजा। ९—रैयत, प्रजा। १०—अपने आगे। ११—ले चलना। १२—चलना। १३—किला। १४—कुपित होकर। १५—टेढ़े। १६—सीधे। १७—एक बिलाव, गदहा। १८—दोनों कान। १९—वीरावली, वीरों की पंक्ति। २०—जटा। २१—निर्भय।

चलाक रूठ पूठ के अंगूठ चांपते चलें,
हरांमखोर[१] सुंड-मुंड[२] झुंड कंपते चलें ॥१४॥
निनाद बन्ध अन्ध के दुकन्ध त्रोटते[३] नदें,
महांन लंठ[४] संठ के कुकंठ घोटते मदें ।
हलाकुअेल सेल[५] ते सदा उथेलते हलें,
चितार पेट भेट के चपेट[६] मेलते[७] चलें ॥१५॥
विलोक लोक लोक को प्रलोक लोक की बदें,
तृलोक सोक मेट देत फेट दे जदे तदे ।
लखान मान जान के समांन सस्त्रतें लरें,
अमान थान आंननें प्रमांन अस्त्रतें परें ॥१६॥
स्व बंस को सुधारने विजाति[८] को बिगारनें,
मनें सु मृत्यु वारलों त्रने समांन मारने ।
दयालु ह्वै न सर्वथा वृथा दया मया दटें,
मिले जु गुंड मुच्छ मुंड थुंड ऊट कें थकें ॥१७॥
सनिद्धि[९] स्वामि के सदा पिनिद्ध पां परया करें,
लरें नहीं सुलोक तें कुलोक तें लरया करें ।
अरें न और के अगें अराक[१०] तें अरया करें,
डरें न तीन काल दीन बाल तें डरया करें ॥१८॥

१—देश द्रोही, हरामखोर । २—हृष्ट पुष्ट । ३—तोड़ते । ४—दुष्ट । ५—भाला । ६—थप्पड़ । ७—मारते हुए । ८—मलेच्छादिक । ९—पास । १०—अड़ने वाले ।

बडे सरोस जोस में भरोस अत्थने वहें,
रसा अरोस कोसलों भरोस और के रहें।
थिरा उथत्थ थत्थ तें विथत्थ थत्थते वहें,
ऋसी प्रतत्थ[1] तत्थ[2] के प्रतत्थ तत्थते रहें ॥१९॥

बसू[3] प्रचंड[4] दंडतें प्रचंड[5] दंडतें वहें,
वितंड चंड[6] दंड दें अदंड[7] छंडते वहें।
बिमोह मोह मोह में विद्रोह द्रोहिपें बढे,
कृतांत भांत कोह[8] में कुकोह कोहिको कढें ॥२०॥

सुचाल चाल चाल के कुचाल चाल ह्वें कदा,
अरी विचाल चाल ह्वैं अचाल चाल ह्वें अदा।
त्रकाल तें त्रकाल से त्रकाल काल ह्वें तदा,
सुकाल में दुकाल से अकाल काल ह्वें सदा ॥२१॥

ठठोर[9] सत्रु गोठ[10]की जबांन गोठ[11] लें जबें,
बडी मठोठ में बहें दु होठ दन्त तें दबें।
चलें न पून दून तें खऊंन लूंन ते लचें,
बचै न छून्न भून्न तें स्व खून्न चून तें बचें ॥२२॥

१--शास्त्र। २--सत्य। ३--द्रव्य। ४--बड़े ५--जबरदस्त ६--घोर। ७--निर्बल तथा धार्मिक। ८--क्रोध। ९--हंसी। १०--मंडली। ११--भेट।

सिकार सूर[1] सिंघ[2] की हकार हत्थतें हनें,
बनें अतुल्ल जोध पें न कुल्ल गोध[3] से बनें।
हटी पुमाय[4] हत्थतें हलें घुमाय हत्थि[5] को,
प्रखेल अन्त खेल में खिलाय दे प्रमत्थि[6] को ॥२३॥

बिसाद तोप साद में वहे न हत्थि हत्थतें,
हसें समत्थ काम देय हत्थिको स्व हत्थतें।
हलें हमल्ल मल्लकों करीन ढल्लपें हलें,
बहे न ढल्ल[7] घल्लकें स्वढल्ल और की बनें ॥२४॥

घिरें मथोल घोलतें न ओल ओल में घलैं,
चिरें चन्दोल गोलतें चमू हरोल में चलें।
अनत्थ[8] नत्थ नत्थ लें अनत्थ कों निभाय लें,
रिजैं करे निहालरें खिजें खुधाल खायलें ॥२५॥

मुरें अतोल झोलदें अमोल बोल मिट्ठतें,
दुखी पिछांन दान दें अखें विहांन इट्ठतें।
विद्वान दान मान दें विधान हे विज्ञानतें,
निदांन रीझ खीजतें सुचीज दे निधांनतें ॥२६॥

बहेजु बाट बाट में पिता पिता महा वहें,
सुखी सुबाट ते सदा दुखी दुबाट में दहें।

१--सूअर। २--सिंह। ३--सांड। ४--प्रसन्न होकर। ५--हाथी। ६--मतवाला। ७--रक्षा। ८--अनर्थ।

शरीर संसकार सार नीर छीर से सनें,
विध्वंस वेरि वंस को प्रसंसनीय ते बनें ॥२७॥
धरा सुजांन पाव फूंक फूंक के धरा करें।
लखे समीप काल को न कालतें डरा करें।
निकाम आम-भांम[1] को अनुंग्गिया[2] भजे नहीं,
निदांन प्रांन दांनलों प्रतग्गिया[3] तजें नहीं ॥२८॥
रसा[4] बिधान ध्यान के विज्ञांन ज्ञांन के रहें,
बपू अधीर पीर में न नीर नैंन तें बहें।
दुकार ब्रह्म द्वार व्हें हकार इक्क हत्थदें,
दुराग्रही विबाद बाद को सवाद सत्थदें ॥२९॥
परीश्रमीं परास्त दें विजेत व्हें परीश्रमीं।
परीश्रमी न नास्त ह्वें अजैत हैं परीश्रमीं ॥
करें प्रलाप जाप के त्रताप[5] में अनुंद्यमीं,
लगें दरिद्र लच्छपें समुद्र छुद्र उद्यमीं ॥३०॥
स्वतन्त्र मन्त्र तन्त्र सें युरोपियन्बदाबदी,
खराब अज्ज अज्जके[6] खुसांमदी खुसांमदी।
कहां ब्रटेन[7] भूति हा जनें प्रसूति केसरी[8],
असेस अेस देस की विशेष ख्याति वेसरी ॥३१॥

१—हर किसी को, जैसे तैसे को। २ नौकरी (अनुज्ञा)। ३—प्रतिज्ञा। ४—पृथ्वी। ५—तीन ताप, मानसिक, वाचिक, कामिक। ६—आज के, वर्तमान। ७—अंगरेज़, बृटिश। ८—सिंह-शेर।

सुभग्ग देस को जहां सुभग्ग औतरे सही,
अभग्ग अज्ज देसको अन्देस औतरे अही[1]।
इला[2] अधिछ अच्छ की गुनी गुनावलीं गही,
बतीस लच्छ बच्छ कीं कबी बतीसका कही ॥३२॥

राठौड़ दुरगदास[3] री औरंगजेब ने अर्जी

[छन्द पज्झटिका]

स्वति श्री दिल्लीपुर सुथान ।

१—सांप। २—पृथ्वी। ३—वीर दुरगादास (दुरगदास) राठोड़ का जन्म सं० १६९५ वि० के दूसरे सावण सुदि १४ सोमवार (१६-६-१६३८ ई०) को हुआ था। इसका देश प्रेम, वीरता, सदाचार और स्वार्थत्याग आदि गुण अनुपम थे। इसी वीर ने सं० १७३५ में बालक महाराजा अजीतसिंह (जोधपुर नरेश) को दिल्ली से बादशाह औरंगजेब के जबड़े से बचाकर मारवाड़ की तरफ पहुँचाया था। जब कि बादशाह ने मारवाड़ हड़पने की इच्छा से स्वर्गीय महाराजा जसवन्तसिंह (प्रथम) की रानियों आदि को दिल्ली में राजा रूपसिंह की हवेली में रोक रखा था तो गोरां धाय ने मेहतरानी (भंगन) का स्वांग भर कर बालक अजीतसिंह को टोकरी में लेटाकर पहरे से बाहर पहुँचाया और सपेरे के भेष में मुकन्ददास खीची (चौहान), अजीतसिंह को लेकर आबू की तरफ छप्पन ने पहाड़ों में चला गया। जहां पर मुकन्ददास की संरक्षता में पुरोहित जयदेव के घर में बालक महाराजा का लालन पालन हुआ। दुर्गा बाबा की अध्यक्षता में राठोड़ सेना

सल्तनत[१] मुगल[२] कुल सावधान ॥
दरगाह[३] सदर[४] दोलत दराज[५] ।
ताला[६] बुलंद[७] इस्लाम[८] ताज[९] ॥१॥

ने ३० वर्ष तक औरंगजेब से लोहा लिया और उस दुर्गदास के ही बाहुबल, पराक्रम, तथा बुद्धिबल से औरंगजेब को निगला हुआ मारवाड़ का राज्य फिर उगलना पड़ा था। किन्तु काल की गति देखिये कि इस स्वामिभक्त को बुढ़ापे में महाराजा ने अपने मुँह लगे खुशामदियों के कहने से सं० १७७३ के क़रीब "देश निकाला" दे दिया और वह वहाँ से उदयपुर महाराणा की सेवा में जा रहा। जैसा कि किसी चारण कवि ने कहा है:—

महाराजा अजमाल री, जर पारख जांणी।
दुरगो देशां काढ़ियो, गोला गांगाणी ॥

\+ \+ \+

पिंड री हुती प्रतीत, साकदड़े देखी सही।
इण घर याही रीत, दरगो सफरां दागियो ॥

१—राज्य। २—तुर्किस्तान के पास का इलाका मंगोलिया जहाँ के निवासी मुग़ल कहलाते हैं। ये मुग़ल बड़े दुष्ट और असभ्य थे। १३ वीं शताब्दी में ऐशिया में इनका बड़ा ज़ोर था। भारत के इतिहास में बादशाह बाबर के वंशधर मुग़ल कहलाते हैं जो ग़लत है क्योंकि बाबर तो तुर्क था न कि मुग़ल। ३—दरबार, बड़ा दरवाजा। ४—खास। ५—बहुत अर्से तक रहना, चिरायु होना। ६—किस्मत, भाग्य। ७—तेज। ८—मुसलमान। ९—मुकट।

आदाबअर्ज्ज[1] उम्मेदवार ।
परवरिशि[2] करहु परवर्दिगार[3] ॥
बंदगी करैंगे महरबान ।
ज़िंदगी बकस किबले-जिहान[4] ॥२॥
हुक्काम[5] हुकम हाजिर हजूर ।
करिये न तदारुक[6] बेकसूर ॥
देखियें दर्द हम बेगुनाह ।
पेखियें बिरद आलम-पनाह[7] ॥३॥
ख़ाँविंद[8] चहत खुद ख़लक[9] ख़ैर ।
गफ्फूर[10] ग़ैर इन्साफ़ ग़ैर ॥
मालिक नहिं खालिक[11] मुसलमीन ।
अल्ला हैं रब्बल[12] आलमीन[13] ॥४॥
काबिल[14] कलाम[15] कहियत[16] करीम[17] ।
रहमान[18] इल्म[19] रय्यत[20] रहीम[21] ॥

१—प्रणाम, मुजरा । २—मदद, पोषण । ३—मालिक । ४—बादशाह । ५—हाकिम, अफसर । ६—दंड, प्रबन्ध, जुर्माना । ७—संसार का रक्षक, राजा । ८—पति, स्वामी । ९—दुनिया । १०—कसूरों को माफ़ करने वाला, खुदा, ईश्वर । ११—पैदा करने वाला । १२—पालने वाला । १३—सब प्रकार के जीव, संसार । १४—लायक । १५—बात । १६—कहना । १७—उदार, दातार । १८—दयावान । १९—ज्ञान । २०—प्रजा । २१—दयालु ।

खातरी नजर धर करहु खोज।
हम हैं न सजा लायक हनोज[1] ॥५॥
जल्लाल[2] जुल्म[3] इजहार[4] जाव।
होयगो क़यामत[5] में हिसाब॥
बद[6] सदी[7] बदी[8] नेकी निहार।
देखेगे दोजख[9] बहिति[10] द्वार ॥६॥
तोहीन[11] अदालत अल-कितीक[12]।
लिल्ला[13] वजूद[14] हैं लाशरीक[15]॥
मालुम मुलायजे[16] करहु माफ़।
आलिम[17] हैं आलमगीर[18] आप ॥७॥
ऊगौ दिन अंन्धाधुंध आक।
किहँ ताकरु धर दक्खे कज़ाक[19]॥
अहदी[20] डेरिन पै अधम आय।
दुख देत खुदा खुद लगत दाय ॥८॥

१—अब तक। २—शान शौकत। ३—अत्याचार। ४—ज़ाहिर करना। ५—मुसलमानी मत के अनुसार वह अंतिम समय जिसमें ईश्वर सब मृतकों का एक साथ इन्साफ करेगा। ६—बुरा। ७—हमेशा। ८—बुराई। ९—नर्क। १०—बहिश्त=स्वर्ग। ११—अनादर, अपमान। १२—छोड़ दो। १३—खुदा के लिये। १४—मौजूद। १५—बिना किसी सहायक के। १६—नजर गुजराना। १७—संसार। १८—संसार का मालिक। १९—लुटेरा। २०—सरकारी सिपाही।

द्रढ दंत दब्बि देखत दुसार ।
आवत न पार दुख सिंधु पार ॥
आपकी इजाजति चहत अग्ग ।
मुरधरा[1] जान को देहु मग्ग[2] ॥६॥
सब अबलावों पै महर[3] माफ़ ।
खलज़ुल्म सरे तैं है ख़िलाफ़ ॥
जो हुक्म करहिं सिर धरहिं जोय ।
है हल्फ दोगलापन न होय ॥१०॥
ठावे हम ठक्कुर सुकुल[4] ठीक ।
नोकरी चहत नज़दीक नीक ॥
सुभ स्वामिधर्म्म सेवक सुशील ।
अनुसरन असुर ईमान[5] ईल ॥११॥
बिलकुल बिसारि बैदिक बिधान ।
कब हू पढ़ि हैं नहिं हम कुरान ॥
कटि सिखासूत्र[6] सुन्नत[7] कराय ।

१—मारवाड़ । २—रास्ता । ३—कृपा । ४—अच्छा कुल वाले । ५—धर्म, नीयत । ६—चोटी व जनेऊ । ७—मुसलमानों की एक रस्म (संस्कार) जिसमें लड़के की लिंगेन्द्रिय की सुपारी के ऊपर के ढक्कन के आगे का भाग (चमड़ा) काट दिया जाता है । इसे कहीं कहीं "मुसलमानी करना" भी कहते हैं । ऐसा मानते हैं कि बिना इस संस्कार के कोई पक्का मुसलमान नहीं माना जाता । खतना (सुन्नत) का कुरान में जिक्र नहीं मालूम होता है । स्त्रियों की सुन्नत नहीं होती है ।

जावैं न मदीने[१] प्रान जाय ॥१२॥
जुम्मे[२] मसजिद सामिल जमात[३] ।
कमध्वज[४] नहिं चाहत करामात[५] ॥
कल्मा[६] नहिं भरिहैं पान[७] कान ।
मारेहु न व्है हैं मुसल्मान ॥१३॥
संध्योपासन तजि बाँग[८] साज ।
निस दिवस बुज़ू[९] रोज़ा[१०] निवाज़[११]॥
सामर्थ्य सिंह हम नहिं शृगाल ।
गौ मांस नाम पै देत गालि ॥१४॥

१—अरब देश का एक नगर । २—शुक्रवार । ३—टोली । ४—राठोड़ । ये अपने को सूर्य्यवंशी मानते हैं परन्तु प्राचीन शिलालेखों व ताम्रपत्रों में इनको चन्द्रवंशी लिखा मिलता है । ५—चमत्कार । ६—मुसलमानों का गुरु मंत्र "लाइला इल्लिल्ला मोहम्मद रसूल अल्लाह" । हिन्दुओं का कलमा गायत्री मन्त्र है । ७—हाथ (पाणि) । ८—पुकार, नमाज से पहले मुल्ला मसजिद में जोर से (अजां) (आवाज) देता है जिसे लोगों का बुलावा समझिये । ९—हाथ पांव धोना । १०—मुसलमानों के १२ महीनों में से एक महीना रमज़ान है, इस महीने में जो मुसलमान रोज़े (व्रत) रखते हैं वे दिन में न कुछ खाते हैं और न पीते हैं । बीड़ी तमाखू तक भी दिन में नहीं पीते । ११—ईश्वर प्रार्थना । मुसलमान दिन रात में पांच बार नमाज पढ़ते हैं जो कि अरबी जबान में है । ठीक पश्चिम की ओर मुख करके पढ़ते हैं ।

अल्लाह मुहम्मद सिर उठाय।
मगरिब[1] मक्के[2] मन्नत[3] मनाय ॥
चचे मामूकी धी[4] चकार[5]।
बिस्मल्ला[6] करैं न बार बार ॥१५॥
जसवंत जुवति जे जहहिं जोव।
दहनोदय दहंही प्रथक पीव ॥
नश्चिन्त पतिव्रत लोक नेम।
प्रत्येक करहिं परलोक प्रेम ॥१६॥
हठ बादसाह नहिं परहिं हत्थ।
मरुधराधीस रनवास मत्थ[7] ॥
सो असंभावनां है समत्थ।
बद कांड भरत ब्रह्मांड बत्थ ॥१७॥
कुल-नासकरन कुल कुल-कुठार।
क्यूं कमलन बन दै दहनकार[8] ॥
पोमावत खर पर पार पंखि।
निरमल जल में छल छार नंखि ॥१८॥

१--पश्चिम। २--अरब देश के एक शहर का नाम जहाँ मुहम्मद जन्मा। ३--आजिजी, खुशामद। ४- पुत्री। ५--योनि से मतलब है। ६--हरेक काम शुरू करते अल्लाह (खुदा) का नाम लेना। ७--ऊपर। ८--जलाने वाला।

जसवंत जमी काबुल जबून[1] ।
खत्री[2] कुल गारति करत खून ॥
नाम्बरी[3] नियत हम जियत नाहिं ।
आकासन आवहिं मुट्ठि मांहि ॥१६॥
हैं हिरम[4] जोधपुर हरन हाल ।
खालसो करन खाली खयाल ॥
किल मारवारि बस करहिं कोय ।
हम हंस-बंस[5] निरबंस होय ॥२०॥
सुरतान गृहन मोखन सुजान ।
हिंदवान भानको करन हान ॥
गल फेरि छुरी जैचंद गोत ।
अप्पनूं पोत करियें उदोत ॥२१॥

१—परसिया में जुबलिस्तान नामक इलाका । २—क्षत्रिय । महाकवि सूर्यमल्ल चारण, बून्दी ने अपने ग्रन्थ वंशभास्कर में दिल्ली पंजाब आदि की तरफ रहने वाली "खत्री" जाति को शूद्र लिखा है । (देखो वंशभास्कर तीसरा भाग पृष्ठ ७६ मध्य पोठिका) । परन्तु शायद मुसलमानी काल में विपत्ति के समय में ये क्षत्रिय से "खत्री" कहलाये और दलाली व दूकानदारी का कार्य करने लगे हैं । टन्डन, महेरा, कपूर, चोपड़ा, ककड़, बक्कर, आदि इनकी प्रसिद्ध खाँपें (अल्ल) हैं । बंगाल के सुप्रसिद्ध बड़े जमींदार "महाराजा बर्दवान" इस खत्री जाति की कपूर अल्ल से हैं । ३—कीर्ति । ४—ईर्षा । ५—सूर्यवंश ।

सीहा[1] के कुल संभव सदीव।
जीवका हेत हसि देत जीव॥
उर मंडोवर[2] तब करहु आस।
निज सीह मूल निर्मूल नास॥२२॥
पन प्रबल पिसन[3] पिक्खैं न पिट्ठ।
रजबट बटदै रट्ठोर[4] रिट्ठ॥
द्रुत[5] मंरुधन्वा[6] लीजैं दबाय।
जब राज बीज निर्बीज जाय॥२३॥

१—मारवाड़ के राठोड़ राजवंश का मूल पुरुष सीहा जिसका सं० १३०० वि० के आसपास कन्नोज की तरफ से मारवाड़ में आना माना जाता है। इसकी मृत्यु का एक शिलालेख सं० १३३० कार्तिक बदि १२ सोमवार (ता० ६-१०-१२७२ ई०) का जोधपुर निवासी पंडित नेनूराम ब्रह्म-भट्ट जोधपुर को सं० १९६७ वि० को मिला था। यह लेख बहुमूल्य और महत्व का है। इसी सीहा राठोड़ के १४ वें वंशधर राव जोधा ने सं० १५१६ में जोधपुर बसाया। जोधा के द्वितीय पुत्र बीका ने बीकानेर बसाया। (देखो सं० १६५० का कर्मचन्द्र वंशोत्कीर्तनकं काव्यम् पृ० २४; कविराजा बांकीदास ऐतिहासिक बातें संख्या २६११)। २—जोधपुर शहर से ६ मील दूर मंडोर गांव जो पहले मारवाड़ की पुरानी राजधानी थी। ३—(पिशुन) शत्रु। ४—राठोड़। यह शब्द राष्ट्रोर से राठउड़ और राठोड़ बना है। परगना बालीके गांव कोयल-बाव के सं० १२८८ माघ सुदि १ सोमबार के राठोड़ पुनसिंह के शिलालेख में "राठउड़" शब्द लिखा है। ५—जल्दी। ६—मारवाड़।

कर में नहिं चूरी करन कानि।
पगहैं न पगरखी[1] धरन पानि॥
करबाल[2] ढाल दिस कर कयास[3]।
ओलंदेहैं नहिं अनायास[4] ॥२४॥
मन भृमर मनोरथ विरथ[5] मोज।
चंपक[6] वत चांपावत[7] सचोज[8] ॥
जैतावत[9] दैंगे जुद्ध झाट।
कूंपावत[10] नवकोटी[11] कपाट ॥२५॥
करनोत[12] कुतूहल करत कोड[13]।
व्है गोयंदासोतां[14] न होड[15] ॥

१—जूता। २—तलवार। ३—ख्याल। ४—अकस्मात, यकायक। ५—फजूल। ६—एक सुगन्धित पुष्प पौधा जिसपर भौंरा नहीं बैठता। ७—जोधपुर नरेश राव रिड़मल के राजकुमार चांपा के वंशधर चांपावत राठोड़। ८—उत्साही। ९—राव रिड़मल के पोते पचायण के पुत्र जेता के वंशधर जैतावत राठोड़। १०—राव रिड़मल के पोते महेराज के पुत्र कूंपा के वंशज कूंपावत कहलाये। ११—नौ किले। कहते हैं कि जिस समय पंवारों का राज्य मारवाड़ में था तब उनकी मातहती में आबू, मंडोर, किराडू, जालोर, अमरकोट, थरपारकर (सिन्ध) पूंगल, अजमेर, और लुद्रवा (जैसलमेर में) नामक ९ किले थे। इससे मारवाड़ नवनोटि कहलाती है। (देखो "मारवाड़ राज्य का इतिहास पृष्ठ ७७ सन् १९२५ई०) १२—राव रिड़मल के पुत्र करण के वंशज "करणोत" कहलाये। वीर दुरगदास राठोड़ इसी शाखा का था। १३—प्यार, उत्साह। १४—मेड़ता के मेड़तिया राठोड़ वीर राव जैमल के पुत्र गोविन्ददास के वंशधर "गोयन्ददासोत" कहलाये। १५—बराबरी।

आहव[1] उछाह उर अधिक ऊह।
दूदावत-मेडतिया[2] दुरूह[3] ॥२६॥
निज कर्मसोत[4] पैंडै न बीह।
उदावत[5] अैंडैंगे अबीह[6] ॥
उछरंग[7] अंग रिड़मल अभंग।
जोधाहर[8] नाहर[9] रूप जंग ॥२७॥
अट्ठों दिकपालन सम असंक।
निरखियें अट्ठ मिसलन[10] निसंक॥
ईसाज्ञावर्ती अचल अग्घ।
मारवा राव मुरधर महग्घ ॥२८॥
ढब्बन[11] भट भूमी बनत ढाल।
करवाल शत्रु काटन कराल॥
खांमी संसद सुबरन समान।
जालमन कोह पै लोह जान ॥२९॥
चित उज्जल संदल मलय चूर।
कंटक हित कंटक तरु करूर॥

१—युद्ध। २—मेड़ता के स्वतन्त्र राजा राव दूदाजीराठोड़। के वंशधर गांव के नाम पीछे "मेड़तिया" राठोड़ कहलाये। ३—बांके। ४—राठोड़ राव जोधाजी के पुत्र कर्मसी के वंशधर। ५—जोधपुर नरेश राठोड़ राव सूजा के पुत्र ऊदा के वंशधर। ६—निर्भय। ७—उत्साह भरे। ८—सूरवीर, बहादुर। ९—सिंह। १०—जमात, समूह। ११—योद्धा।

तन त्रसित घ्राण[1] मृगमद[2] त्रसींग ।
हठ अरिन अमल व्है जात हींग ॥३०॥
धुर धरम धारणां नीरधार ।
दुसमन दल दावानल[3] दुधार ॥
गुनिजन गरीबतैं अति गरोब ।
जबरनकी अैंचत अपरि जीब ॥३१॥
बंदगी बैर भरि देत बोट ।
परमेसुर पै नहिं धरत पोट ॥
आसार दान दातार अस्त्र ।
सब महा सूम संपन स्वसस्त्र ॥३२॥
बैरी तरवर हमहैं बयार[4] ।
तारुन्य तरुन तत्पर तयार ॥
पावहु पवित्र प्रहरन प्रसाद ।
पिहुक्ख प्रयान पक्खर प्रनाद ॥३३॥
सन्निद्धि सुभट समरन समींक ।
इक्कतैं इक्क उद्धत अनीक[5] ॥
दुर्योधनपुर देसक दरोल ।
हैं दुर्गदास बेसक हरोल ॥३४॥

१—नाक । २—कस्तूरी । ३—अग्नि । ४—पवन । ५—सैनिक ।

प्रारब्ध प्रतिज्ञा दृढ़ प्रतीत।
पुरुषारथ प्रज्ञा परम प्रीत॥
रनबंका ध्वज धज धुर रहंत।
हैं कौन हूस रट्ठोर हंत॥३५॥
सूरजकी बीरत बरन साख।
जुलमीं की चीरत हम जनाख॥
हह सानसाह किन घूक होय।
दुष्टी के करदैं टूक दोय॥३६॥
मुल्ला काजी मंगहु मयाद।
फतवा[1] लीजै मेटन फसाद॥
सबकी हैं मालेकम सलाम।
अब जल्दी कीजैं कतल आम॥३७॥
साफल्य स्वप्न संपति समान।
पानी मंथन में घृत प्रमान॥
चांचल्य[2] चित्त सिद्धांत चूक।
सब सेखसली[3] के हैं सलूक॥३८॥
नहिं बहुत बोलबो सुभट नींत।
प्रत्यूह भविष्यत हैं प्रतीत॥

१—आज्ञापत्र, फैसला। २—जल्दबाजी। ३—गप्पी, शेख-चिल्ली जो मूर्खों में प्रधान था।

यह दुर्गदास अक्खत[1] अडोल।
बलि विपद डिगहिं नहिं डगहिं बोल ॥३६॥
इक रक्खोगे मुख बचन याद।
सब चक्खोगे सनमुख सबाद॥
सिर कूटोगे फिर सुबह साम।
तोबा कर छूटोगे तमाम ॥४०॥
मिरजा दधि मथिहौं समर माट[2]।
नवरंग[3] रंगजैहैं निराट[4] ॥
विक्रय करि निद्रा व्यसन बाम।
क्रिय करत उजागर कवन काम ॥४१॥
प्राणान्त पहुमि परिणामयस्य।
रट्ठोर सकल सम्बत रहस्य॥
हस्ताक्षर हेरहु हिय हुलास।
दुर्द्धर दुरूहरू[5] दुर्गदास[6] ॥४२॥

१—कहता है। २—दही मथने का मटका। ३—बादशाह औरंगजेब। ४—बिल्कुल। ५—कठोर आत्मा। ६—सं० १७७५ मंगसर सुदि ११ शनिवार (२२-११-१७१८) को दुर्गदास का देहान्त ८० वर्ष की आयु में रामपुरा (अब इन्दौर राज्य में हुआ (दिन अठाई मास त्रण, वर्ष असी बढ़वार। अतरा भुगते दुरगसी गऊ धर्म रुरबवार॥)। अंतिम संस्कार सिपरा नदी के तट पर उज्जैन में हुआ। जहाँ एक छत्री भी बनी हुई है। जिस दुर्गादास ने

इत्यादि युक्तियुत बच उदार।
सरकार श्रवन भेजे सु दार॥
पय धान कर्न पौरष प्रकाम।
पहुँच्यो दल औरँगजेब पास॥४३॥
यह पत्र बिचित्रित चित्र योग्य।
आरण्य-रुदन[1] वत भो अयोग्य॥
प्रिय जाट पुत्रि वत प्रश्नपेस।
पितु कनि पपीलिका[2] बिल प्रवेस॥४४॥
स्वछन्द कियो निज काम सोर।
उड़ि गयो चन्द्रकी बाम ओर॥
उपमा कबि ऊमर दै अमोल।
ततकाल समय टंकार तोल॥४५॥

हिन्दू साम्राज्य स्थापित करने के लिए और मारवाड़ की रक्षा के लिए असंख्य कष्ट सहे उस वीर का देश में कहीं भी एक भी स्मारक (यादगार) तक नहीं है, यह दुःख की बात है। हिन्दुआ सूरज महाराणा प्रताप की प्रस्तर प्रतिमा मेवाड़ में हल्दीघाटी के मैदान में स्थापित की जाने की योजना हो तो चुकी है। इसी प्रकार दुर्गादास का स्मारक कहीं उचित स्थान पर (मारवाड़ में) संगमरमर की मूर्ति रूप में स्थापित होना चाहिये। (विस्तृत देखो कुँवर जगदीशसिंह गहलोत रचित "वीर दुर्गादास राठौड़" सचित्र जीवन चरित जो प्रेस में छप रहा है)।

१—वन में रोना। २—चिउँटी।

प्रताप-प्रशंसा

कवित्त

बिरुद बडाई तेरी गावां मैं प्रताप[1] बली,
जैसी कविताई गुरू दीनीं मोज बानी में।

१—ये जोधपुर नरेश महाराजा तख्तसिंह के तीसरे राजकुमार थे। इनका जन्म सं० १९०२ कार्तिक बदि ६ मंगलवार (२१-१०-१८४५ ई०) को हुआ था और ये बचपन से ही बड़े होनहार व वीर थे। सर प्रताप ता० ७-२-१८७६ ई० से लेकर ३०-१-१९०२ ई० तक जोधपुर राज्य के प्रधान मंत्री (मुसाहिब आला) के पद पर रहे। राजपूताने के राजवंशियों में आप ही प्रथम थे जो १-४-१८८७ ई० को जहाज में बैठ कर विलायत यात्रा की। स्वामी दयानन्द सरस्वती के आप बड़े भक्त थे और ये भी कहा करते थे कि यदि मेरे ऊपर स्वामी जी के सत्संग का प्रभाव सं० १९३९ (ई० १८८३) में न पड़ता तो मैं ईसाई हो जाता। "अपनी आत्मकथा में सर प्रताप ने स्वामीजी व आर्यसमाज के कार्य की अच्छी प्रशंसा की है। आपके प्रधान मंत्रित्व में जोधपुर राज्य की बड़ी उन्नति हुई व कई सुधार हुए। नुकते-मौसर (मृतक भोज) कानूनन बंद हुए। शराब आदि के ठेके हुए, अदालतों का संगठन हुआ, कानून कायदे बने, रेल, तार, डाक, स्कूल, सफाखाने आदि परोपकारी संस्थाओं की स्थापना हुई और सं० १९४० में उर्दू की जगह हिन्दी लिपि का प्रचार अदालतों में हुआ। सं० १९४१ में आप ने एक आम हुक्म निकाला कि "राज्य के सब कर्मचारी देशी गाढ़ा (खादी-रेजा) कपडा पहिन कर कचहरी आदि में आवे।

सादी सुघराई सरसाई सूरताई सांची,
बांकी बीरताई जियेमांहिं जैसी जानी मैं।
कसर न काई हरखाई बुद्धि मेरी हेरि,
उकत उपाई मनभाई जैसी मानी में।
बाकबांनी[1] रांनी की निसांनीं[2] तें निसानीं[3] नेक,
दूध कहों दूधछानी पांनी कहूं पानी में ॥१॥
मास दस माता के उदर रहे महिमा तै,
राजपद पावे या कहावे राजकुल में।
गायो कवि गुनकै बतायो वाको महाबीर,
खायो जाय खंड में न खायो जाय गुल में।
ऐसी परिपाटी पेख हिये अवरेख अहो,
दिव्यगुन देख तेरे कौन समतूल में।
बारह महीनें गर्भवास में निवास ग्रह,
पातल[4] पधार्‌यो भूमि धन्य धन्य पुल में ॥२॥

इस खादी के लाभ व विदेशी वस्तुओं की हानियाँ जताने के लिये आपने सं० १९४५ वि० में महकमे तवारीख के सुपरिन्टेण्डेण्ट पं० ठाकुरप्रसाद व्याकरणाचार्य (आर्योपदेशक) से "भारत रक्षा" (The safety of india) नाम की पुस्तक हिन्दी में छपवाई। सं० १९४६ में राज्य के खर्चे से आर्योपदेशक स्वामी भास्करानन्द को इग्लैण्ड, अमेरिका आदि में प्रचारार्थ भेजा।

१—सरस्वती। २—ध्वजा। ३—बानगी, नमूना। ४—प्रतापसिंह।

माता मोद मान्यों पिता मान्यों मोद पूर्ण पुत्र,
जन्म निर्विघ्न जन्म धरा जस धारातें ।
निरख सुखार सभ्य आनन्द अखारा नृत्य,
अरीकुल आरा भयो[1] प्यारा शुभ आरा[2] तें ।
नांम पितु दीनों निरधारा तें प्रताप धाम,
ठाम ठाम आदर तें ठीक हिय ठारा[3] तें ।
कृष तन पाचक पचायो पितु द्वायो पारा,
वार पार-वारा[4] फार पार भयो पारातें ॥३॥
बालकपनें के कै विनोद कर बार बार,
विहस बधायो मन जनक जनीको तैं ।
सिसुतामें चर्म खडग सैंधव सुहाये सदा,
सहज दिखायो सौग्व फनीं ज्यूं मनीको तैं ।
और की उबेल[5] आनों पूरो पन झेल झेल,
खेलबो पसन्द कीनो बाहनी[6] अनी[7] को तैं ।
नाम परतापसिंह प्यार को पितुतें पायो,
व्यूढ[8] बरदान बडा धन्वय धनीको तैं ॥४॥
भ्रात खसा[9] मातातें सनेह को भंडार भर्‌यो,
तात को रिझायो त्योंहीं आनन्द अघायो तूं ।

१—छोड़ने वाला । २—समय । ३—ठंडा किया । ४—समुद्र । ५—मदद । ६—सवारी वाली सेना । ७—फौज । ८—सेना की आकृति । ९—बहिन ।

खवास[1] पासवांन[2] कृपापत्र भृत्य[3] राष्ट्र[4] भर.
सुघर सुचाल सभ्य[5] सबको सुहायो तूं।
काहूको न बुरो न कीनों दान सनमान दीनों,
लोभ को न पन्थ लीनों धर्म रुख धायो तूं।
शोभा किस्तूरी जैसी दूर दूर फैली देस,
हाजर हजूर हिय भूरि मन भायो तूं ॥५॥
सीख्यो अश्व-विद्या[6] को परिक्षा नर खूब सीख्यो.
सीख्यो हेत विद्या सावचेती सुद्ध सीख्यो तूं।
सीख्यो बंकी पाठसाला आला[7] एक-डंकी[8] सीख्यो.
सीख्यो दाव भाला त्यों विलाला[9] जुद्ध सीख्यो तूं।
दांन देन सीख्यो आन राखन को सीख्यो दिव्य,
सीख्यो थान ज्ञान ध्यांन मान सुद्ध सीख्यो तूं।
साहस शरीर सीख्यो नीर छीर प्रीति सीख्यो,
सीख्यो धीर रीति बड बीर बुद्धी सीख्यो तूं ॥६॥
नीचके न बैठो पासा खासा खासा चाही नेकी.
राखी प्रभू आसा आसा और की न राखीं तैं।

१—खास नौकर, दासीपुत्र। २—पास रहने वाले नौकर, उपपत्नी या रखेली स्त्री। ३—सेवक। ४—देश, प्रजा। ५—शऊरदार, सुधरा हुआ। ६—घोड़े का इल्म। ७—अव्वल दरजे की। ८—अद्वितीय आज्ञा, एकमात्र शासन। ९—गहरा।

हासा ओ तमासा लहासा[1] लहासक न कीनों हासा,
चिन्हों ना तमासा न तमासबीनों चाखी तैं ।
सिच्छा[2] स्वय सिच्छा सिच्छा दीनी सेन सिच्छा सत्रू,
इच्छा स्वय इच्छा की सुइच्छा अभिलाखीतैं।
सत्य में प्रमत्त सूर दूर ह्वो असत्य देख,
सत्य सत्य साखी भयो राजी सत्य साखी तैं ॥७॥
देह साथ छाया जैसे कर्म साथ काया देखो,
माया साथ उद्यम के शम्भू[3] महामाई[4] के ।
ध्यांन साथ सिद्धी जैसे ज्ञान साथ रिद्धी गेह,
नीती साथ निद्ध नव शेष[5] रघुराई के।
बुद्धी एकदन्त वन्त वन्त सन्त गुरू मन्त्र जैसे,
मारू कन्त बास जसवन्त बाग राईके ।
जालंधर चाह ठेल वाह तूं प्रताप बीर,
दुलभ[6] दुवाह[7] मेल भयो साथ भाई के ॥८॥
नीतिवांन गुनवांन समय सुजांन जांन,
गुनके निधान सूर सुरिन्ध स्वदेश के ।
क्षत्रिय कुल धर्म्म में निपुन पर्म्म परमारथ,
स्वारथ अचाह धुर धरम धरेस[8] के ।

१—प्रसन्नता खेल खुशी । २—शिक्षा, दण्ड । ३—महादेव । ४—पार्वती । ५—लक्ष्मण (रामचन्द्रजीके सहचर बन्धु) ६—दुर्लभ । ७—दो हाथ । ८—राजा ।

दीनन के दाता जगत्राता जसवन्त जैसे,
विमल विधाता सब बातन विशेष के।
पातल प्रकाश पायो खास खास खूबी खुद,
निकट निवास कीनों जैपुर नरेश के ॥९॥
मित्रता मिलापी मेल प्रीति की पवित्रता त्यों,
विविध विचित्रता विधान बडपन के।
रहन अनोखी रीति सहन स्वभाव सीधो,
कहन सुनन कथा यथा तौर तन के।
दूर दर्सताई सो सुहाई देश देसन में,
पाई प्रभुताई जैसी मांझ निज मन के।
आदर अनेकन कों सादर करन शुद्ध,
पातल प्रबुद्ध भयो योग्य जन जन के ॥१०॥
अष्टचत्वारिंश[1] लच्छ[2] अच्छ में कलित भई,
ऋन विच राजधानी मानी मन मापी कों।
कर्म्मचारी वितिक्रमी कर्म्म सब वितिक्रम.
थिराथंब थम्बन वितिक्रम ऊथापी कों।
विवस्था विषाद वादा वादको विवाद बाढ्यो,
मेटन फिसाद याद कीनों जस जापी को।
प्रबल प्रधान पनों दैन जसबन्त प्रभू,
जैपुर तें लीनों टेर पातल प्रतापी को ॥११॥

१—अड़तालीस, ४८। २—लाख।

सोंप्यो राजधानी भार सार सरकार सोंप्यो,
चाराचार करन विचार सोंप्यो सूरा कों।
दैन सोंप्यों लैन सोंप्यो चैन औ प्रचैन सोंप्यो,
सैन सुख सोंप्यो स्वामी रैन दिन रूका कों।
समुख प्रमुख राज काज सब सोंप्यो साज,
सुख को समाज सोंप्यो देख दुख दूरा कों।
न्याय निरधार सोंप्यो वारपार वार सोंप्यो,
सब को सुधार सोंप्यो भाग भरपूरा को ॥१२॥
आछो इन्तजाम कीनौ लाख सुख वाह लीनों,
दीन सुख दीनों लोही पीनों खूब लुचों को।
घट के घमंडी के अफंडी[1] ऊठ डंडी[2] लागे,
नीचे किये नीचों को अनीचे किये ऊंचों को।
उडगे उचंगे बंके लफंगे चंगे मार्ग लागे,
अभागे सभागे भये टोर दीनें टुचों[3] को।
प्रबल प्रमाथी श्रीप्रताप मस्थ[4] हाथी जेम,
नाथ सब ही के नाथी साथ भयो सुचों[5] को ॥१३॥
रीती को लिहाज विपरीत ना लिहजा राख्यो,
राख्यो मान मानके न हांन बीच राख्यो तें।

१—पाखंडी। २—रास्ता। ३—निकम्मों को। ४—मतवाला।
५—सत्यवानों।

चाख्यो जग जग तें अजस को न चाख्यो एक,
चाख्यो स्वाद स्वामी धर्म पर्म्म स्वाद चाख्यो तें।
आछो अभिलाख्यो सूक[1] लैन अभिलाख्यो नाह,
सुख अभिलाख्यो दुःख दाट अभिलाख्यो तें।
भयोना प्रमत्त औ प्रमत्तों को हटाये भूरि,
भाख्यो ना असत्य भूल सत्य सत्य भाख्यो तें॥१४॥
आलस न राख्यो अंग निरालस चाल्यो नेक,
कालस[2] न लागी काय मालस सफाई तें।
सावचेती राखी साची काची ना सम्हाई कहूं,
राची कुलरीति परतीति प्रगटाई तें।
मूरख मलीन महा हरांमी हरांमखोर,[3]
चोर चाम-चोर[4] चाह चाहना न चाही तें।
काई जो रजाई[5] की हटाई सुखदाई भूरि,
भव्य भव्य भाई भव्य[6] दिव्य दरसाई तें॥१५॥
कीनों कांम आठूं जाम धांम ना अरांम कीनों,
सीत धाम चीनो नाह चीन्हों नांम नेकी तें।
आपनों बिगार्यो एन[7] धनी को उबार्यो धन,
कादर ह्वे कीनों नाह आदर अनेकी[8] तें।

१—रिश्वत, घूस। २—कलंक, कालिमा। ३—देशद्रोही, राज विद्रोही। ४—व्यभिचारी। ५—राज्यप्रथा। ६—सुन्दर। ७—घर। ८—बुराई, अन्याय।

नर्म ठोर नरम भयो गर्म ठोर भयो गर्म,
सर्म्म ना सुहाई सून्य छद्म[1] छेका छेकीतें।
राज नुकसान थान प्रान देन भयो राजी,
आनतें जमाई आछी आह एकाएकी तें ॥१६॥
चालबाज चाल चीन चाल ना चलन दीन्ही,
चालतें चलांन कीन्हो ऐसी चाल चाल्यो तूं।
हाजर हजूर में सहूरतें सहूर साध्यो,
कीनों ना कसूर हीय हिम्मततें हाल्यो तूं।
सूंकतें सिफारसतें हाजरी खुसांमदतें,
जाली जाल डाल थाके झिल्यो[2] नाह झाल्यो[3] तूं।
पुन्य को पसार्‌यो पुञ्ज[4] पापको प्रजार्‌यो पूर[5],
महलनतें मल्ह्यो पेख पल्यो[6] नाह पाल्यो[7] तूं॥१७॥
जमाखर्च जोर जोर्‌यो तंगी[8] को उतंग[9] तोर्‌यो,
मूंजिनको[10] मान मोर्‌यो मेल ऐसो मेल्यों तें।
फजुली प्रसाद फेर्‌यो हिकमत हिसाब हेर्‌यो,
पूरन प्रताप पेर्‌यो पाजी पेल पेल्यो तें।
छैलापन गैल छोर्‌यो घोरको निसांन घोर्‌यो,
जोरतें सजोर जोर्‌यो खेल ऐसो खेल्यो तें।

१—कपट। २—थँभा। ३—थामा हुआ भी। ४—ढेर। ५—प्रवाह। ६—रुका। ७—रोका। ८—रुपयों की कमी। ९—शिखर। १०—सूमों को।

और कोन ओज ओर्‌यो व्याज सिंधूबीच बोर्‌यो,
चित्त नाह चोर्‌यो पत्ता ठीक दुःख ठेल्योतें ॥१८॥
हा हा हू हू हव्यो नाह नाथ काज नव्यो नाह,
लाखनतें लव्यो नाह बात ऐसी बांधी तें।
फेटनतें फव्यो नाह घातनतें घव्यो नाह,
आग्रहतें अट्यौ नाह ओट दीन्हीं आंधीतें।
म्लेच्छनतें[1] मिट्यो नाह सूरनतें मिट्यो नाह,
खूटल[2] पै खिट्यो[3] खास गंधली न गांधीतें।
क्रूरनतें कट्यो नाह दुसमनतें दट्यो नाह,
पट्यो श्रीप्रताप[4] पन्थ सीध खूब सांधीतें ॥१९॥

१—म्लेच्छों से, यवनों से, मुसलमानों से। २—गया-बीता, नालायक। ३—खीझा। ४—सर प्रताप ने कई युद्धों में अंग्रेज़ सरकार की सहायता की और खुद शरीक भी हुए। इससे गुजरात की ईडर रियासत के महाराजा चुने जाकर ता० १२-२-१९०२ ई० को आप वहाँ गद्दी पर बैठे। ता० २०-७-१९११ ई० तक आपने वहां का राज्य किया और बाद में अपने दत्तक पुत्र (भतीजे) को गद्दी पर बिठा कर आप जोधपुर के बालक महाराजा के अभिभावक (रीजेन्ट) बन कर जोधपुर आगये। ७० वर्ष की आयु में १७ वर्ष के जोधपुर नरेश को लेकर आप जर्मन युद्ध में भी पधारे थे। ता० ४-९-१९२२ ई० को ७७ वर्ष की आयु में आप का स्वर्ग-वास जोधपुर में हो गया। आप बहुत ही कम हिन्दी पढ़े-लिखे थे। केवल टूटे-फूटे अक्षरों में अपने दस्तख़त अँग्रेज़ी में कर

कुल रजपूत मजबूत करतार कीनों,
रंग मजबूत मजबूत रजपूती में ।

सकते थे तब भी कई पढ़े-लिखे कर्मचारियों के कान उमेठते थे। उमर भर कई बड़े-बड़े अँगरेज़ों के सत्संग में रहे और ५-६ बार विलायत गये, तब भी वे शुद्ध अँग्रेज़ी नहीं बोल सकते थे। न वे शुद्धताई की परवाह करते । जैसे-तैसे अपने विचार प्रकट कर देना ही उन का उद्देश्य रहता था। जैसे, Resident Sab, I dog, you dog shut up in the van, तात्पर्य यह है कि रेजीडेण्ट साहब ! मेरे और आप के कुत्ते दोनों अच्छी तरह से कुत्तागाड़ी में बंद कर दिये गये हैं। "म्हारो बेटो" और "नेकिन" शब्द सर प्रताप के तकियाकलाम थे। सादगी इनमें बहुत थी, यहाँ तक कि घोड़े पर बाजार में निकलते, तो फटे व पत्ती (पैबन्द) लगे हुए कोट या कुरता पहिने हुए आने-जाने में कोई संकोच नहीं करते थे । अपनी इकलौत राजपुत्री का तत्कालीन बेड़ा ठाकुर के साथ ब्याहते समय तो आपने सादगी की हद कर दी थी । उस में न हाथी, न घोड़ा, न फुलवाड़ी और न कोई ढोल ढमका था । विवाह केवल वर-माला डाल कर हुआ था और लोगों को तो इस आदर्श-विवाह के समाचार तक भी विवाह हो जाने के पश्चात् ही ज्ञात हुए थे । जोधपुर नरेश महाराजा सरदारसिंह जी के विवाह में वेश्याओं का नाच-गान तथा शराब खाना-खराब का सेवन सर प्रताप के ही आग्रह से सं० १९३६ में नहीं होने पाया था। और महाराजा सुमेरसिंह जी का विवाह भी आपने ही बड़ी सादगी से (बिना किसी बारात व ठाट बाट के) जामनगर नरेश की बहिन से सं० १९७२ वि० में कराया था । इन में

चाल मजबूत ढंग ढाल मजबूत कीनें,
भाल मजबूत मजबूत भयो भूती[1] में।
तौर मजबूत मजबूत दौर भूमीतल,
गौर मजबूत मजबूत करतूती में।
सिर मजबूत तैसे धर[2] मजबूत शुद्ध,
मन मजबूत मजबूत मजबूती में ॥२०॥
ओध उरझायो सुरझायो ताकूं सार सार,
नाहीं सुरझायो मौज सुन्दर मचायोतें।
गुनी गुन गायो जस छायो या जहांन बीच,

आत्मिक बल साधारण मनुष्यों से कई गुणा अधिक था, पर बिना किसी सिद्धान्त के जब चाहे जिस के साथ जैसा बर्त्ताव करना आदि बातें ऐसी थीं जो लोगों को ऐसे वीर पुरुष में अखरती थीं। उपपत्नियों से आप के ४ पुत्र (रावराजा) हैं। लेफ्टिनेण्ट जेनरल हिज हाईनेस महाराजा सर प्रताप के स्मारक-रूप जोधपुर रेल्वे स्टेशन के सामने उनकी घोड़े सवार विशाल-मूर्ति (स्टेचू) मय वाचनालय के स्थापित करने का प्रस्ताव स्थानिक आर्य्यसमाज ने ता० ६-६-१६२२ ई० को किया और कुछ सौ का चंदा भी उसी सभा में हो गया परन्तु वह बंद कर दिया गया। ऐसे महानपुरुष का स्मारक बनना अति आवश्यक है। (विस्तृत देखो इतिहासज्ञ कुँ० जगदीशसिंह गहलोत कृत "महाराजा सर प्रताप" का जीवनचरित जिसकी प्रथमावृत्ति सन् १६१७ ई० में छपी।)

१—संपदा। २—धड़ (शिर के नीचे का भाग)।

चार को उधार चाह्यो रहस रचायो तें ।
खैर[1] को न चून खायो मैरको भर्‌यो उमायो,
पातल पुजायो जसवन्त को जचायो तें ।
मारवार पायो सुःख दुःख को हटायो दायो,
उर उमगायो राज जबर जमायो तें ॥२१॥
फीटन[2] कों फेट[3] दीन्ही मर्म पर्म मेट दीन्ही,
भूमि भूप भेट दीन्ही ऐसो उपकारी तूं ।
लाग-बाग[4] रेट[5] कीन्ही लूट काहू की न लीन्ही,
भारो बुद्धी भोनो भूती धन्य जसधारी तूं ।
चोरों के चपेट दीन्ही सबकी सहेट[6] चीन्ही,
पेटकी न सार कीन्ही पुरुष प्रकारी तूं ।
थेट[7] की सम्हाई चाल खेटकी[8] खुसी विथार,
बिमल प्रतापसिंह बंका बलिहारो तू ॥२२॥
रोकी तें कुरीति रीति सुरीति कों झोकी[9] साथ,
ताकत[10] त्रिलोकी एसो मत अवगाह्यो तैं ।
सत्यासत्य सारासार नित्यानित्य वरापार,
हिताहित धार हिय दोसन को दाह्यो तैं ।

१—मुफ्त, पुण्य, धर्मपुण्य । २—धृष्टों को । ३—धक्का । ४—लगान, टेक्स, कर ५—भाव, एक बात । ६—संकेत स्थल (चालबाजी)। ७—आदि की, शुरू की । ८—योद्धा । ९—रलाई, मिलाई । १०—तकती है ।

नसां को कियो तें नास रसां को कियो न रास,
दसांतें जियो उदास चित्त सुद्ध चाह्यो तैं।
पीछे पछतायो एसो काम ना उपायो एक,
पातल प्रसिद्ध स्वामी धर्म को सराह्यो तैं ॥२३॥

२

(दोहा)

मुरधर में पातल[1] मरद, इक्को[2] रतन अमोल।
लोकां ने तो लादसी[3], मरियां पाछें मोल ॥१॥
ओलखियो[4] पातल अबस, सिरे[5] धर्म इक सांम।
आप बुराई लै अखिल[6], करे भलाई कांम ॥२॥
कै[7] मारे तारे किता, रसा[8] जिको रजपूत।
कहे "कपूत" "कपूत" कुल, समजो जिको सपूत ॥३॥
तपे सूर[9] परतापसिंह, सब कूकै संसार।
आथमियांसूं[10] ओलखे, उण बिन घोर अन्धार ॥४॥
सूतो लख संसार सब, पातलसूं पुल-जाय[11]।
मरण दशा में मइँद[12] रे, जीव न नेड़ो जाय ॥५॥

१—कर्नल प्रतापसिंह। २—एक ही, अद्वितीय। ३—मिलेगा, मालूम होगा। ४—पहचाना। ५—श्रेष्ठ, उत्तम। ६—सारी, सब। ७—कितने ही। ८—जमीन पर। ९—सूरज। १०—अस्त होने से। ११—टल जाता है। १२—सिंह (मृगेन्द्र)।

केहर[1] टल जावे कठे, तन सूं ओलो[2] ताक।
हाके[3] सामों हुलसणों[4], है सूबर हुसनाक[5] ॥६॥

कलमें इव पातल कमध, करे काम किलकार।
मन में आछो समज ले, सब रोवो संसार ॥७॥

नर नाहर कमधज[6] निडर, है छल बल हुंसियार।
काम कोई पातल करे, है कुण रोकण हार ॥८॥

पातल ओलखले पुरुष, निरभय करत निहाल।
झटपट घोड़ा झोकदे, कूकत रहे कंगाल ॥९॥

ओछो बुध रा आदमी, इण नें लखे न एक।
पातल जिसड़ो पातलो, नेकी में है नेक ॥१०॥

घट पातल उबजो घणों, रण थंभण राठोड़।
थे मरियां सूं थाहरी, ठाल[7] रहसी ठोड़[8] ॥११॥

थिरा[9] सरब हूँ थाकगो, निजर निहार निहार।
पातल थारा गुण प्रगट, है कुण धारण हार ॥१२॥

१—सिंह। २—ओट, बचाव। ३—चिल्लाहट। ४—सामने आने वाला। ५—साहसी। ६—राठोड़। ७—खाली। ८—जगह। ९—पृथ्वी।

साचो तूं तूं सूरवों, तूं दाता दै त्याग[1] ।
पौहुमी[2] में पातल प्रसिद्ध खलां बिडारण खाग[3]॥१३॥

१—विवाह आदि खुशी के मौक़ों पर राजपूत जो बधाई की रक़म चारण, भाट आदि याचकों को देते हैं उसे "त्याग" कहते हैं। चारण इसे बहुत लड़-झगड़ कर मांगते हैं। राजपूत भी लोभवश चारणों को अपमानित और लज्जित करने से नहीं चूकते। इससे चारण जाति के नेता महामहोपाध्याय कविराजा श्यामलदास (उदयपुर) और महामहोपाध्याय कविराजा मुरारदान आसिया (जोधपुर) ने चाहा कि चारण प्रसन्नता से अब "त्याग" को तिलाञ्जलि दे देवें। परन्तु वे सफल न हुए। तब लाचार हो उन्होंने सरकारी "वाल्टर कृत राजपुत्र हितकारिणी सभा" (सन् १८६८ ई०) से "त्याग" की रक़म की परमावधि और बांटने के नियम बनवा दिये। भांडियावास (पचपदरा मारवाड़) के आसिया चारण बुधदान ने त्याग कम करने या बंद करने वालों पर जल कर यह कविता कही थी:—

जासी त्याग जकारां घर सूं जातां खाग न लागे जेम।
घर रो तोल न बांधो धणियां त्याग तणी किह बांधो तोल ?
जासी त्याग जकां का घर सूं जाती धरती करै जुहार।
दीजै दोस किसूं सिरदारां जमी जाणरा अंक जरूर॥

अखिल भारतीय चारण सम्मेलन प्रथम अधिवेशन (सन् १९२१ ई०) पुष्कर ने भी "त्याग प्रथा" को निन्दनीय घोषित कर "त्याग" मांगने वाले चारणों के साथ सहभोज न करने का प्रस्ताव पास किया। २—पृथ्वी। ३—तलवार (खड्ग)

सारी बातां समझणों, सारी बातां सुद्ध ।
जाहर अरिया जाचणों, पातल धिनों प्रबुद्ध ॥१४॥
धिनों धिनों आखे धरा, धिनों सुधार्‌यो धाम।
हव इल[1] में धिन धिन हुवो, कीना धिनधिन काम ॥१५
सूरा धीरासा पुरुष, अण भंगी अनुमान ।
आप जिसाहा आपरे, दोला[2] मरजीदान[3] ॥१६॥
बदां[4] कनें तो बद बसे, नेकां पासे नेक।
मनतो सारीसा मिले, आ लोकोक्ती एक ॥१७॥
जस पातलरो जगत में, ओ भरियो अणपार ।
नीपण निज पावे नहीं, पोथी लिखियां पार ॥१८॥
दूहां में दरसावियो, पढ पढ जस परताप ।
साचो जस कावणों सुणो, आप सिरीमा आप॥१९॥
बणियों रहो पातल बपू[5] आ ऊंमर आनीस ।
इणरी बीसी[6] हे अबे. बणिया दोहा बीस ॥२०॥

तोपां री तारीफ

(छन्द नाराच)

विसाल[7] भाल[8] तोप[9] को विसाल जाल वित्थुरे,

१—पृथ्वी । २—नजदीक । ३—कृपापात्र । ४—बदमाश । ५—शरीर । ६—समय । ७—बड़ा । ८—ललाट । ९—शुक्र-नीति आदि प्राचीन राजशास्त्र के ग्रन्थों में "शतघ्नी"

धमंक[1] भू धुजावनीं धमंक[2] मेघलों घुरे ।
महांन रंज[3] दब्बुनी अरीन[4] दब्बुनी[5] मही,
कथे कबीर[6] ने कही चिराव की चही चही ॥१॥
तनू प्रबन्ध तोपके तुरंग[7] कन्धते तने,
भुजालि[8] आलि[9] भोलितें बहे विभा[10] विभावनें।

और "नालिकास्त्र" नाम से तोप बंदूकों का वर्णन मिलता है। परन्तु सं० ७६३ वि० (ई० सन् ७०६) में मुसलमानों के प्रथम बार सिन्ध प्रांत पर चढ़ाई के काल से लेकर सं० १६०० वि० तक भारतीय और विदेशी इतिहासों में तोप बंदूकों का प्रयोग होने का प्रमाण नहीं मिलता है। शायद इस बीच में उनका लोप हो गया था और उनके स्थान में पत्थर के गोले फेंकने वाले यंत्र "मंजनीकों" (मर्कटी यंत्रों) तथा नैफ्ता (गाढ़ा द्रव पदार्थ) की गोलियों से क़िले तोड़ने आदि का काम लिया जाता था। इसके बाद फिर बादशाह बाबर से सुल्तान इब्राहीम लोदी और महाराणा सांगा के दोनों युद्धों (सं० १५८२ व १५८४ वि०) में तोपों बंदूकों का स्पष्ट उल्लेख मिलता है। इस युद्ध से ७०-८० वर्ष पहले गुजरात, मालवा और दिल्ली के सुल्तानों से सुप्रसिद्ध महाराणा कुम्भा के अनेक युद्ध सं० १४६० से १५२५ वि० तक होते रहे, उनमें कहीं बंदूकों व तोपों का वर्णन नहीं मिलता, इससे सिद्ध होता है कि सवा चार सौ वर्ष से भारतवर्ष में तोप बंदूकों का फिर से प्रचार हुआ है। १—घोर। २—आवाज। ३— शोर। ४—शत्रुओं की। ५—दबानेवाली। ६—प्रसिद्ध महात्मा कबीर। ७—घोड़ा। ८—बुर्ज। ९—पंक्ति। १०—कान्ति।

बरिट्ठ[1] में बरिट्ठ जे बहेक तिब्र सालितें,
गरिट्ठ[2] में गरिट्ठ ते गुरे कती गजालि[3] तें ॥२॥
प्रधांन गोल कप्र मोर सोर[4] कोस[5] संग्रहे,
उदग्ग खग्ग[6] मग्ग[7] में विबग्ग अग्ग की गहे।
चमूय शस्त्र अस्त्रलेय दिब्य दिग्बिजे चढ़ें,
श्वसुद्ध ऊम्म रेसकी विसुद्ध भारती बढ़े ॥३॥
बनै बरोल बाहनी हरोल हीय हारसी,
हलें हयन्द[8] हेसतें सजें गयन्द[9] सारसी।
खलांत[10] केतु[11] पन्ति[12] दन्ति[13] पन्ति पत्र भेदुलें,
तूखार पक्यु रेखरे त्रत्तक्यूरेन्नभेतुले ॥४॥
उड़े तुरंग तें रजी समग्ग[14] धावती अटे[15],
छके छकांन छावती छिता[16] विछावती छटे।
नटे निसांन नादत्यूं तमाम धांम में तनें,
बितांन[17] आंन रेनु[18] को अचांन[19] भांन[20] केवने ॥५॥

१—श्रेष्ठ। २—गाढ़ा, दृढ़, बड़ा। ३—हाथियों की पाँत। ४—चिल्लाहट। ५—खजाना। ६—तलवार, पट्टी। ७—रास्ता। ८—घोड़े। ९—हाथी। १०—दुष्टों का संहार। ११—ध्वजा। १२—पंक्ति, लाइन, कतार। १३—हाथी। १४—सारी, तमाम। १५—चलती है। १६—पृथ्वी। १७—चंदोवा, तम्बू। १८—धूलि। १९—अक्समात्। २०—सूर्य।

दिसा दिसान मान तोप माननीय को दगे,
अड़ोल चक्र नक्र[1] मक्र[2] आंन नीय व्हे अगे ।
विपत्थ[3] पत्थ पत्थ[4] से विपत्ति को बहावनी,
खिजे समत्थ[5] मत्थ[6] पें समत्थ अत्थ[7] खावनी ॥६॥
खरे अराति[8] खेत[9] चेत हेत कों खतावनी,
सदा अबोध बोध बोध सोध कों सतावनी ।
चलें कुचार बार कों सुचार में चलावनी,
हलें हसन्ति हिक्कली[10] हरम्म[11] को हलावनी ॥७॥
गिनो मदन्ध सोख जोख गोख[12] को गिरावनी,
फबें फिसाद मन्द कों सु फेट दे फिरावनी ।
हरांम खोर चोर कों कुहक्क दे हरावनी,
कराल कंठ कंकनीय डंक्कनी[13] डरावनी ॥८॥
घुराय गेल की छटा कटी घटा घुमावनी,
पराति धार छार में पछार के घुमावनी ।
तमाम शत्रु संग की प्रतापतें तपावनी,
खलांन कोम भोम खोम तोम[14] को खपावनी ॥९॥
लसे प्रताव तावदे लदाव को लदावनी,

१—मगर । २—मत्स्य । ३—उल्टे, शत्रु । ४—अर्जुन । ५—संपूर्ण । ६—सिर । ७—धन । ८—दुश्मन । ९—रण-क्षेत्र । १०—अकेली । ११—भवन । १२—महल । १३—डाइन । १४—ढेर ।

सदैव बेरि मींच[1] बीच मींच को सदावनी।
भिरे अभित्ति[2] भित्ति[3] को सवुज्ज[4] के भवावनी,
बिनां प्रस्वेद[5] वित्त कों कुरोर हां कमावनी ॥१०॥
गनीम गड्ढ गव्वतीय गव्भ को गमावनी,
जहांन आंन मांन जोर सोर ते जमावनी।
रही प्रतच्छ रच्छसी[6] दुगच्छ गच्छ दच्छबनी,
लगें विपच्छ[7] लच्छ[8]पें भुजाग वच्छ[9] भच्छनी ॥११॥
घुमाव लोल गोलकी प्रघत्त[10] बोलती घलें,
हरोल गोल धोलदें चन्दोल चोलती[11] हलें।
विथ्थं जनेच्छनी प्रचोल गोल घोलही वहें,
सतोल तोल तोल सें वितोल तोलती वहें ॥१२॥
दुसो अमोल खोल देत झोलते खगोलको,
भ्रमाय तोल मोल लेत गोल दे भुगौल को।
प्रसिद्ध पोल पार हेत टोल दे पहार में,
अडोल डोल टोल लेत अप्पनें अहार में ॥१३॥
चलें चन्दोल चैन में हरोल दग्गती चलें,
दरारहेत दुग्ग[12] को चिरार चुग्गती चलें।

१—मृत्यु। २—निर्भय (किला)। ३—दीवार। ४—बुर्जों समेत। ५—पसीना। ६—राक्षसी। ७—शत्रु। ८—लाखों। ९—बच्चे। १०—बड़ा घाव। ११—लाल करती। १२—किला।

प्रकोट चोट मार कोट लोट पोट है जहां,
प्रवेस कोट रोक देन वप्प[1] वप्परे[2] कहां ॥१४॥
उडें कपार काटतें विलग्ग अग्गला अटें,
फबें बुरा लचालतें अकाल खुप्परी फटें।
अवज्ज[3] बुज्ज[4] के अरें सु बुज्ज-बुज्ज[5] बेरला,
कहे इला भली सला बचें नहीं किला किला॥१५॥
बना विहार तें वहे मना किये नहीं मने,
इसा महा अभग्ग नित रंडनी जनें।
नमें सुसील आवते दुसील जावते नमें ॥१६॥
अनेक पें अनेक हत्थ इक्क सत्थ अच्छटे,
पहार छार-छार व्है प्रबी प्रहार पच्छटे।
भुलम्ब[6] अम्ब-खास[7] कें प्रबम्ब बम्ब की भरें,
प्रलम्ब लम्ब थम्ब पें प्रपत्त सम्ब सी परें ॥१७॥
पिनिद्ध बद्ध बद्ध रे अनुद्ध अद्धरे परे,
दुसार पार दुग्गब्हे प्रदुग्ग पद्धरे परे।
अखंड खंड मंड पें अदंड दंड दंडव्हें,
हिकंड[8] खंड दो नहीं अखंड खंड-खंड[9] व्हें ॥१८॥

१—शरीर। २—गरीब, बेचारे। ३—आवाज। ४—बुर्ज। ५—पूछ पूछ कर। ६—थंभे। ७—आम खास। ८—एक (टुकड़ा)। ९—टुकड़े-टुकड़े।

प्रचंड लोट पिंड के धके प्रचंड के परें,
वितुन्ड तुंड तुंड[1] लों झगे त्रभंडव्हे झरें।
प्रजोध जोध कुप्पिके[2] प्रधाव[3] धप्पि देपरें,
महा गरूर-पूर[4] शूर दूर दूर तें मरें ॥१६॥
अभीति[5] वीति कूंड देय चंड-मुंड[6] ज्यों अरें,
अकाल चंड[7] चंडिका[8] त्रखंड[9] संड लों तरें।
सुनूर[10] सूर संभके[11] निसंभ[12] से हसेनचें,
कृपालि[13] कालिका[14] अगें न बालि बालिका बचें॥२०
महा गंभीर धीर बीर इक्कतीर तें मुरे,
दुखी अमीर नेंन नीर मीर पीर तें दुरें।
चलन्ति फैर फैर पें विलैर जैर की चलें,
हठी हमीर[15] से प्रबीर हैर ठैर के चलें ॥२१॥
धरा प्रचार धूर में समग्ग[16] बग्ग[17] कों धरे,
मुरें अराति[18] मग्ग[19] में न पग्ग अग्ग[20] में परें।

१—मुख। २—कुपित होकर। ३—धावा। ४—घमंड से भरे। ५—निर्भय। ६—दो बड़े प्रबल राक्षस जिनको देवी दुर्गा ने मारा। ७—कठोर, महादेव। ८—देवी। ९—तीनों लोक। १०—सुन्दर। ११—सँभलकर। १२—एक महा बलवान राक्षस जिसे देवी दुर्गा ने मारा। १३—महादेव। १४—देवी का विकराल रूप। १५—टिप्पणी पीछे दी जा चुकी है। १६—सम्पूर्ण। १७—भाग, वर्ग। १८—शत्रु। १९—रास्ता। २०—आग।

कृपा कटाच्छ गोल की विलोल जाहि धां कमें,
रजै बिक्रात[1] सान्त में कृतान्त[2] आन्तमें रमें॥२२॥
प्रयाति चोल-गोल[3] की भनंक पोल में परें,
धपे प्रसूर पूर लें वियांन[4] थांन में धरें।
चिरे वहित्थ[5] हत्थि[6] के चिकार चूर चूर ह्वें,
भिरे भटालि[7] भाल में भिग्वार भूर-भूर[8] ह्वै॥२३॥
छिता[9] अफंड[10] छंडके[11] प्रचंड ज्वालतें चिपें
भगें कनूर भूरिभैंस तूर तूर ह्वै भजो,
मरे विशूर[12] शूर[13] के मकूर कन्न ले मजो॥२४॥
वगोव गो हहा अबैंन वाह वाहते बमें,
भगो भगो अहासु[14] भीरु[15] चाह चाहतें भनें[16]।
मुरें अवांन बांनले प्रयान[17] में कठा मठा,
अरेन प्रांन फायदें बिफायदे मठा[18] सठा[19]॥२५॥
धुरीन तोप की अलात घोर मोर पें धरें,
प्रदीपमान हेति अच्छ[20] स्वच्छ अच्छ[21] में परें।

१—मारने को तैयार। २—यम। ३—लाल गोला। ४—सूना। ५—पसवाड़े। ६—हाथी। ७—वीरों की सेना। ८—चूरा। ९—पृथ्वी। १०—ढकोसले। ११—छोड़कर। १२—रोयकर। १३—सूअर। १४—अरे! जल्दी १५—डरपोक। १६—बोलते हैं। १७—रवानगी। १८—मूर्ख। १९—सिटना। २०—सुन्दर। २१—आँख।

दुदन्ति कामनी धरे जरे अरी जुदा जुदा,
हमन्ति हे मुदामनो गुदांत मोह सें गुदा[1] ॥२६॥
धुनन्ति[2] सोर धोर तें असिम्म[3] अग्गि[4] उच्छरें,[5]
जरे अगालि ज्वालतें तथा तरावली[6] तरें ।
अभग्गि[7] अग्गि के अगे[8] सुभग्ग[9] भग्गते[10] सुनें,
उदग्ग पग्ग विग्गि[11] आसु[12] पग्ग[13] लग्गते उनें॥२७
दुजीह[14] कूर[15] मूर[16] को प्रदूर दूरती दहें,
विधांन वक्र चक्रतें प्रचक्र[17] चूरतो वहें ।
निपांन थांन थांन में विघूर पूरता वहे ॥२८॥
विशाल गोल-कावलो[18] कंपाल[19] झम्पतो[20] बहै,
विसाल ब्याल-ब्याल[21] में विहाल[22] दम्पती[23] बहै
मदे[24] अमांन [25] मांन[26] तें बिमांनु दप्पनो[27] बहै,
वदैं पसू बसू मनो विनम्म कम्पती बहै ॥२९॥
गिराव गड्ढ-[28]गड्ड को विगड्ड[30] छड्डती बहै,

१—अधोद्वार । २—आवाज करती । ३—बे शुमार । ४—आग । ५—उछलती है । ६—पहाड़ के नीचे का हिस्सा । ७—अभागी । ८—आगे, सामने । ९—संयोग, सौभाग्यशाली । १०—भागते । ११—जल्दी । १२—प्राण, जल्दी । १३—पांव । १४—सांप, दुष्ट । १५—खोटा । १६—जड़ । १७—मंडल । १८—गोलो की माला । १९—सिर । २०—गिराती, फोड़ती । २१—घर घर । २२—दुखी । २३—पति पत्नि । २४—घमंड में । २५—बेशुमार । २६—अहंकार । २७—ढाँकती । २८—किला । २९—खड्डा । ३०—बिगाड़ कर ।

बकारि[1] बैरि बृन्दको डकार डड्ढती बहै।
बडे निसंक बंक[2] की विबंक[3] कढ्ढती बहै,
रहेसु संक रंक की विसंक[4] बढ्ढती बहै ॥३०॥
चिदन्ध[5] मन्द कन्ध के सुबन्ध खोलती चले,
हिलोल अन्ध धुन्ध के प्रबन्ध डोलती हले।
वृथा अजुज्ज जज्जतें प्रजुंज्ज जंडती वहे,
